# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी


**कांग्रेस का आतंकवाद में धर्म का 'दांव' ध्वस्त हो गया...पर, कांग्रेस फिर से इस फैसले को चुनौती देने की बात पर जोर दे रही**

## मालेगांव बम ब्लास्ट मामला: 17 साल बाद सभी 7 आरोपी बरी

# देश पर 'हिंदू आतंकवाद' थोपने की साजिश फेल

*फैसले के बाद पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद का बयान*



### तीन बड़े सवाल

1 सातों बरी आरोपियों ने कहा-हमारे 17 साल कौन लौटाएगा? इतना लंबा ट्रायल क्यों चला?

2 जब ये 7 लोग बरी हो गए तो आखिरकार असली गुनहगार कौन? क्या वे समाज में छुट्टा घूम रहे हैं?

3 पीड़ित बोले- धमाका हुआ, 6 जानें गईं, तो इन जानों को लेने वालों पर आखिर शिकंजा कब कसा जाएगा?

### 5 जजों ने की सुनवाई

1. जस्टिस वायडी शिंदे
2. जस्टिस एसडी टेकाले
3. जस्टिस वीएस पडलकर
4. जस्टिस पीआर सित्रे
5. जस्टिस एके लाहोटी

### फैसला आते ही साध्वी प्रज्ञा रो पड़ीं-कहा जांच एजेंसियों ने मेरा जीवन बर्बाद कर दिया। पर आखिरकार, भगवा की जीत हुई, भगवान उन लोगों को सजा देंगे जिन्होंने भगवा का अपमान करने की कोशिश की

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

2008 के मालेगांव बम ब्लास्ट मामले में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की विशेष अदालत ने 17 साल बाद गुरुवार को अपना फैसला सुनाया। विशेष न्यायाधीश ने सबूतों के अभाव में सभी सात आरोपियों, जिनमें पूर्व भाजपा सांसद साध्वी प्रज्ञा सिंह ठाकुर, लेफ्टिनेंट कर्नल प्रसाद श्रीकांत पुरोहित और रिटायर्ड मेजर रमेश उपाध्याय शामिल हैं, को बरी कर दिया। कोर्ट ने नोट किया कि महाराष्ट्र आतंकवाद निरोधी दस्ते (एटीएस) और एनआईए की चार्जशीट में कई विसंगतियां थीं।

सात आरोपियों-प्रज्ञा सिंह ठाकुर, लेफ्टिनेंट कर्नल प्रसाद पुरोहित, रमेश उपाध्याय, अजय राहिरकर, सुधाकर द्विवेदी, सुधाकर चतुर्वेदी, और समीर कुलकर्णी-पर गैरकानूनी गतिविधि (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) और भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की विभिन्न धाराओं के तहत आरोप लगाए गए थे। सभी आरोपी वर्तमान में जमानत पर रिहा थे। 19 अप्रैल 2025 को अंतिम दलीलें पूरी होने के बाद कोर्ट ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। इस मामले में एक ▶▶ शेष पेज 4 पर

▶▶ पढ़ें पेज 9,12 भी

### सांसद उज्ज्वल निकम ने उठाया सवाल दो एजेंसियों की जांच के कारण ही असली गुनहगारों को खोजा नहीं जा सका



समीर कुलकर्णी | मेजर रि. रमेश | ले.कर्नल प्रसाद पुरोहित | प्रज्ञा सिंह ठाकुर | अजय राहिरकर | सुधाकर चतुर्वेदी

2008 से 2025 तक चले मालेगांव ब्लास्ट केस की कहानी सिर्फ एक आतंकवादी हमले की नहीं, बल्कि भारतीय न्यायिक प्रक्रिया की लंबी, जटिल और कई बार बाधित होती गई यात्रा की भी है। इस दौरान केस पांच अलग-अलग विशेष जजों की अदालतों से होकर गुजरा

### दूध का दूध और पानी का पानी

1 बम मोटरसाइकिल में था। यह प्रज्ञा ठाकुर की थी
सच्चाई : सबूत नहीं

2 प्रसाद पुरोहित ने बम बनाया या उसे सप्लाई किया
सच्चाई : सबूत नहीं

3 बम किसने लगाया?
सच्चाई : सबूत नहीं

4 अभिनव भारत संगठन ने फंडिंग की
सच्चाई : सबूत नहीं

### अदालत ने जांच प्रक्रिया में कई खामियों को रेखांकित किया

◀ घटनास्थल से फिंगरप्रिंट नहीं लिए गए

◀ मोटरसाइकिल का चेसिस नंबर रिकवर नहीं हुआ, और यह साबित नहीं हुआ कि बाइक साध्वी प्रज्ञा के नाम पर थी

◀ धमाके के बाद पंचनामा ठीक से नहीं किया गया, जिसके कारण सबूतों में गड़बड़ी हुई

◀ विशेषज्ञों ने घटनास्थल से सबूत इकट्ठा करने में लापरवाही बरती

### क्या है मामला?

**बम धमाके में 6 की मौत, 100 घायल**

29 सितंबर 2008 को महाराष्ट्र के मालेगांव में रमजान के पवित्र महीने और नवरात्रि से ठीक पहले हुए बम धमाके में छह लोगों की मौत हो गई थी और 100 से अधिक लोग घायल हुए थे। इस मामले की शुरुआती जांच महाराष्ट्र एटीएस ने की थी, लेकिन 2011 में इसे एनआईए को सौंप दिया गया। एक दशक से अधिक समय तक चले मुकदमे में 323 गवाहों से पूछताछ की गई, जिनमें से 34 अपने बयानों से पलट गए।

### कोर्ट ने कहा...कोई भी धर्म हिंसा नहीं सिखाता, आतंकवाद का कोई धर्म नहीं होता

मुंबई की विशेष एनआईए अदालत ने अपने फैसले में कहा कि सिर्फ संदेह के आधार पर किसी को दोषी नहीं ठहराया जा सकता और अभियोजन पक्ष आरोपों को संदेह से परे साबित करने में विफल रहा। विशेष न्यायाधीश एके लाहोटी ने फैसले में कहा कि आरोपियों के खिलाफ भले ही गंभीर संदेह हो, लेकिन वह उन्हें दोषी ठहराने के लिए पर्याप्त नहीं है। कोर्ट ने यह भी माना कि साध्वी प्रज्ञा, जिन्हें नौ साल जेल में बिताने पड़े, धमाके से दो साल पहले ही सन्यास ले चुकी थीं और भौतिक वस्तुओं का त्याग कर चुकी थीं। अदालत ने कहा कि कोई भी धर्म हिंसा नहीं सिखाता। उसने आगे कहा कि आतंकवाद का कोई धर्म नहीं होता, लेकिन अदालत केवल धारणा के आधार पर दोषी नहीं ठहरा सकती।



भोपाल। उमा भारती के बंगले के बाहर जश्न, बांटी मिठाइयां

### दिग्विजय सिंह के सुर बदले... कहा-किसी भी धर्म को आतंकवाद से जोड़ना ठीक नहीं



साध्वी प्रज्ञा को मालेगांव ब्लास्ट में बरी किए जाने के बाद कांग्रेस नेता और पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह के सुर बदल गए। उन्होंने कहा कि न आतंकवाद होता है और न ही मुसलमान आतंकवादी होता है। उन्होंने कहा कि किसी भी धर्म को आतंकवाद से जोड़ना ठीक नहीं है। हर धर्म प्रेम, अहिंसा, सद्भाव का प्रतीक होते हैं। ▶▶ शेष पेज 4 पर

### हिंदू समुदाय को आतंकवाद से जोड़ने का एक कुत्सित प्रयास किया गया: आंबेकर



आरएसएस ने 2008 के मालेगांव विस्फोट मामले में सभी आरोपियों को बरी होने पर प्रतिक्रिया व्यक्त की है। आरएसएस अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख, सुनील आंबेकर ने कहा कि कुछ स्वार्थी उद्देश्यों, राजनीतिक स्वार्थ और व्यक्तिगत हितों के आधार पर पूरे हिंदू धर्म और हिंदू समुदाय को आतंकवाद से जोड़ने का एक कुत्सित प्रयास किया गया था। उन्होंने ▶▶ शेष पेज 4 पर

### साध्वी प्रज्ञा को जेल में ये दी गईं यातनाएं

## अंधेरे रूम में बेल्ट से पिटाई, नीले पड़े हाथ-पैर, निर्वस्त्र कर लटकाने की धमकी

2018 में साध्वी प्रज्ञा ने अपनी जेल यात्रा के भयावह अनुभव साझा किए, जिन्हें सुनकर हर कोई सन्न रह गया। उन्होंने बताया कि मुझे एटीएस ने 13 दिन तक एक छोटे, अंधेरे कमरे में बंद रखा। पहले दिन से ही बेल्ट से पिटाई शुरू हुई। मेरे हाथ-पैर नीले-काले पड़ गए। मैं एक गिलास पानी भी नहीं पकड़ पाती थी। जेल अधिकारी मुझे गालियां देते थे।

उन्होंने मुझे उल्टा लटकाने और निर्वस्त्र करने की धमकी दी। यह बात कहना मेरे लिए आसान नहीं, लेकिन मैंने जो सहा, वह कोई बहन न सहे। मुझे 24 दिन तक बिना रुके पीटा गया। जब वे थक जाते, तो गालियां देते। मुझे सोने नहीं दिया जाता था, ताकि मैं मानसिक रूप से टूट जाऊं। पिटाई से मेरे हाथों से खून निकलने का डर होता था, तो वे गर्म पानी में नमक डालकर मेरे हाथ डुबोते थे, ताकि फिर से पीट सकें। साध्वी ने दावा किया कि पूछताछकर्ता उनसे यह कबूल करवाना चाहते थे कि उन्होंने बम धमाका किया और मुसलमानों की हत्या की। उन्होंने कहा कि वे मुझसे कहते थे कि मैं आतंकवादी हूं, संघ आतंकी संगठन है। मुझे अहसास हुआ कि हिंदुत्व को निशाना बनाया जा रहा है। वे चाहते थे कि मैं योगी आदित्यनाथ और संघ नेताओं को फंसाऊं। जेल में तीन नार्को टेस्ट, तीन पॉलीग्राफ टेस्ट, और तीन ब्रेन-मैपिंग टेस्ट किए गए, जिनमें उनके शरीर में रसायन डाले गए। इन टेस्ट्स की वजह से मुझे ब्रेस्ट कैंसर हुआ। साध्वी ने यह भी कहा कि एटीएस ने एनकाउंटर के बहाने उन्हें मारने की कोशिश की।

### हिंदू कभी आतंकवादी नहीं हो सकता: डॉ. यादव




भोपाल। मालेगांव विस्फोट प्रकरण में सभी आरोपियों का निर्दोष सिद्ध होने पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए कहा सत्यमेव जयते। उन्होने कहा कि मालेगांव विस्फोट प्रकरण में सभी आरोपियों का निर्दोष सिद्ध होना कांग्रेस की संकुचित मानसिकता पर करारा प्रहार है। हिंदू आतंकवाद जैसे नैरेटिव गढ़ने वाली कांग्रेस सदैव याद रखे, हिंदू कभी आतंकवादी नहीं हो सकता। यह निर्णय सनातन धर्म, साधु-संतों एवं भगवा को अपमानित करने वाले लोगों को कड़ा जवाब है। कांग्रेस को सभी सनातनियों से सार्वजनिक रूप से माफी मांगनी चाहिए।

### माफी मांगें राहुल : रविशंकर



भाजपा नेता रविशंकर प्रसाद ने कहा कि हिंदू आतंकवाद को देश के ऊपर जबरन थोपने का जो कांग्रेस पार्टी का षडयंत्र धराशाई हो गया। भाजपा ने राहुल गांधी, सोनिया गांधी से इस मुद्दे पर माफी की मांग की है। रविशंकर प्रसाद ने कहा कि ये बात हम बहुत जिम्मेवारी के साथ कहना चाहते हैं। मालेगांव ब्लास्ट मामले में जो कोर्ट का फैसला आया है उसमें कहा गया है कि किसी भी आरोपी के खिलाफ कोई पर्याप्त सबूत नहीं है।

### भावुक हुईं उमाभारती



पूर्व सीएम उमा भारती मीडिया से बात करते हुए भावुक हो गईं। उमा भारती ने उस समय का जिक्र किया, जब प्रज्ञा ठाकुर नासिक जेल में बंद थीं। भारती ने कहा कि जब कोई प्रज्ञा से मिलने नहीं जाता था, तब मैं नासिक जेल में प्रज्ञा से मिलने गई थी। वहां प्रज्ञा को बेहद प्रताड़ित किया गया। उन्होंने कहा कि अब भगवा आतंकवाद कहने वालों को चौराहे पर सजा देना चाहिए।

### क्या महाराष्ट्र सरकार चुनौती देगी



एआईएमआईएम प्रमुख और सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने फैसले को निराशाजनक बताया और पूछा कि क्या महाराष्ट्र सरकार 2006 के मुंबई विस्फोटों के हालिया फैसले की तरह इस फैसले को चुनौती देगी। उन्होंने एक्स पर केंद्र सरकार पर एक आरोपी को सांसद बनाने का आरोप लगाते हुए एजेंसियों की 'दोषपूर्ण जांच' के लिए जवाबदेही की मांग की।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

### दिल्ली से लंदन जाने वाली फ्लाइट में खराबी



नई दिल्ली। एयर इंडिया का बोइंग 787-9 विमान गुरुवार को तकनीकी खराबी के कारण दिल्ली हवाई अड्डे पर उड़ान नहीं भर पाया। विमान को लंदन के लिए टेक ऑफ करना था। एयरलाइन के प्रवक्ता के बयान में कहा कि एआई2017 विमान संदिग्ध तकनीकी खराबी के कारण वापस लौट आया।

### नई दिल्ली में उद्यमी सम्मेलन में सीएम डॉ. यादव ने कहा-मप्र में टैक्सटाइल उद्योग को बढ़ावा देने के लिए सरकार प्रतिबद्ध

मप्र की उद्योग प्रोत्साहक राज्य की छवि बन रही

## वस्त्र निर्माण से जुड़े खरीदार और निर्माताओं को एक मंच पर ला रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गुरुवार को नई दिल्ली में उद्यमी सम्मेलन में भाग लिया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार टैक्सटाइल उद्यमियों को प्रोत्साहित करने के लिए निरंतर प्रयासरत है। मप्र में कपास उत्पादन गुणवत्तापूर्ण है, जिससे धागा बनाने और वस्त्र निर्माण सहित खरीदार और निर्माताओं को एक मंच पर लाने का कार्य किया जा रहा है। सरकार ने उत्पादन को बढ़ाने वाली और प्रोत्साहित करने वाली नीतियां बनाई हैं। निर्माण इकाइयों को भी पूरा प्रोत्साहन दिया जा रहा है।मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मप्र की उद्योग प्रोत्साहक राज्य की छवि बन रही है। विभिन्न तरह की अनुमतियां आसानी से मिलने से उद्योगों को स्थापना का कार्य आसान हो रहा है। उन्होंने कहा कि मप्र सरकार ने लोक कल्याणकारी नीतियां लागू की हैं। युवाओं को प्रोत्साहित करने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। युवाओं की रोजगार की जरूरत उद्योगों से पूरी होगी, जिससे राज्य का भी समग्र विकास होगा। उद्यमी सम्मेलन के महत्व को लेकर मुख्यमंत्री ने कहा कि नई दिल्ली में आयोजित उद्यमी सम्मेलन महत्वपूर्ण सिद्ध होगा। इस सम्मेलन में वालमार्ट सहित अनेक बड़े उद्यमी पहुंचे और सम्मेलन में शामिल हुए। यह आयोजन राज्य के लिए नए अवसरों के द्वार खोलेगा। ▶▶ पढ़ें पेज 02 भी




इस सम्मेलन में वालमार्ट सहित अनेक बड़े उद्यमी पहुंचे

पीएम मोदी से मुख्यमंत्री ने नई दिल्ली में की सौजन्य भेंट

**मप्र में निवेश संबंधी किए जा रहे प्रयासों की दी जानकारी**

### राज्य सरकार की उपलब्धियों से पीएम को कराया अवगत

*मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव गुरुवार को नई दिल्ली दौरे पर थे। इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से पार्लियामेंट हाउस नई दिल्ली में सौजन्य भेंट की। उन्होंने प्रधानमंत्री को मध्यप्रदेश की उपलब्धियों एवं नवाचार पर केंद्रित पुस्तिका विरासत से विकास की राह भेंट की। पुस्तिका में प्रदेश की अर्थव्यवस्था, औद्योगिक विकास, गरीबी उन्मूलन, जनजाति कल्याण, किसान कल्याण, नारी शक्ति, स्वास्थ्य, शिक्षा, सुशासन, शहरी विकास, अधोसंरचना विकास, पर्यटन एवं संस्कृति संरक्षण और पर्यावरण संबंधी गतिविधियों एवं उपलब्धियों का ब्यौरा शामिल है।*



**दुबई-स्पेन की निवेश यात्रा की दी जानकारी**

डॉ. यादव ने हाल ही में मप्र में औद्योगिक निवेश आकर्षित करने के लिए की गई दुबई एवं स्पेन की यात्रा में मिली सफलता की जानकारी दी। मप्र के चहुंमुखी विकास के लिए पीएम मोदी का मार्गदर्शन और आशीर्वाद प्रदेश की साढ़े 8 करोड़ आबादी को हमेशा मिलता है।

हाई कोर्ट ने यूका कचरे को लेकर पूछे सवाल

## एक्सपर्ट कमेटी सदस्य नहीं दे पाए संतोषजनक जवाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबलपुर

यूनियन कार्बाइड के जहरीले कचरे को नष्ट के मामले में मप्र हाईकोर्ट के समक्ष गुरुवार को एक्सपर्ट कमेटी के सदस्य हाजिर हुए। जस्टिस अतुल श्रीधरन व जस्टिस अनुराधा शुक्ला की डिवीजन बेंच ने एक्सपर्ट कमेटी के सदस्यों से कुछ सवाल किए। एक्सपर्ट कमेटी के सदस्य उन सवालों संतोषजनक जवाब नहीं दे पाए। कोर्ट ने सभी जवाबों के प्रति असंतोष जताया। आगामी सुनवाई की तारीख 14 अगस्त निर्धारित की गई। कोर्ट ने कहा कि उस दिन सभी एक्सपर्ट सदस्य कोर्ट के द्वारा पूछे गए सवालों के परिप्रेक्ष्य में अपेक्षाकृत अधिक संतोषजनक सहित हाजिर हों। सुनवाई के दौरान मध्य ▶▶ शेष पेज 4 पर



■ 14 अगस्त को होगी मामले की अगली सुनवाई

### पचमढ़ी के ट्रेनिंग सेंटर में भूटान आर्मी के जवान की मौत

## तालाब में डूबा, विदेश मंत्रालय जाएगी रिपोर्ट, बैंड बजाने की ट्रेनिंग ले रहा था

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्मदापुरम



हिल स्टेशन पचमढ़ी स्थित आर्मी एजुकेशन कोर (एईसी) के करियप्पा कंपनी परिसर में बुधवार दोपहर भूटान आर्मी के 27 वर्षीय जवान शिवांग गेलसेन की तालाब में डूबने से मौत हो गई। इंटरनेशनल मामला होने की वजह से शव को पोस्टमार्टम के लिए भोपाल स्थित गांधी मेडिकल कॉलेज भेजा गया, जहां गुरुवार को पोस्टमार्टम किया गया। पुलिस के अनुसार मृतक शिवांग गेलसेन, पिता सोनम, रॉयल भूटान आर्मी में आरक्षक (रैंक - चुमा) के पद पर कार्यरत था। वह 7 मई 2025 से 7 अक्टूबर 2025 तक की 5 महीने की ट्रेनिंग पर पचमढ़ी आया था। यहां वह एईसी के आरएम कोर्स में बैंड ▶▶ शेष पेज 4 पर


**संगीत की ट्रेनिंग के लिए देश में एक मात्र सेंटर**

देश में संगीत के सैनिकों की ट्रेनिंग की एकमात्र जगह है पचमढ़ी। यहीं है आर्मी म्यूजिक स्कूल। 75 साल पुराने यह म्यूजिक स्कूल एशिया का सबसे बड़ा और दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा मिलिट्री म्यूजिक स्कूल है। डिजिटल म्यूजिक ट्रेनिंग के लिए पचमढ़ी में बने भारतीय सेना के मिलिट्री म्यूजिक विंग को आईएसओ सर्टिफिकेट भी मिल चुका है।

### मोदी कैबिनेट का बड़ा फैसला, 5451 करोड़ स्वीकृत

## इटारसी-नागपुर चौथी रेल लाइन को केंद्र सरकार की हरी झंडी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



रेल यात्रियों के लिए बड़ी खुशखबरी है। केंद्र की मोदी सरकार ने मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र को रेलवे विकास के क्षेत्र में एक और बड़ी सौगात दी है। हाल ही में दिल्ली में हुई केंद्रीय कैबिनेट बैठक में इटारसी ( नर्मदापुरम, मप्र) से नागपुर (महाराष्ट्र) के बीच चौथी रेल लाइन के निर्माण को मंजूरी दी गई। इस महत्वपूर्ण परियोजना के लिए केंद्र सरकार ने 5451 करोड़ रुपए की स्वीकृति दी है। इस रेल लाइन के निर्माण से इस रूट पर ट्रेनों की आवाजाही पहले की तुलना में अधिक सुचारु और तेज हो सकेगी, जिससे यात्रियों को बेहतर सुविधा और समय की बचत का ▶▶ शेष पेज 4 पर

▶▶ पढ़ें पेज 09 भी

**चौथी रेल लाइन की मुख्य विशेषताएं**

- ▶▶ रूट लंबाई: 297 किलोमीटर
- ▶▶ ट्रैक लंबाई: 339 किलोमीटर
- ▶▶ कुल स्टेशन: 37
- ▶▶ बड़े पुल: 36
- ▶▶ छोटे पुल: 415
- ▶▶ आरओबी 2
- ▶▶ आरयूबी 74
- ▶▶ सुरंगें: 4
- ▶▶ लॉजिस्टिक्स लागत में अनुमानित बचत: 1206 करोड़ रुपए

### केंद्रीय पशुपालन एवं डेयरी विभाग की पहल

## भोपाल में जानवरों के लिए ब्लड बैंक मिलेगा कुत्ते-बिल्ली व बकरी का खून

*सरकारी क्षेत्र का यह दूसरा ब्लड बैंक खुलेगा*



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी भोपाल में पशुओं के लिए ब्लड बैंक खोला जाएगा। सरकारी क्षेत्र का यह दूसरा ब्लड बैंक खुलेगा। इसमें अभी छोटे पशुओं कुत्ते, बिल्ली, बकरी जैसे जानवरों के लिए ब्लड बैंक किए जाएंगे। यह बल्ड बैंक भोपाल के राज्य पशु चिकित्सालय में बनाया जाएगा। जहां कुत्ते, बिल्ली, बकरी आदि के लिए ब्लड उपलब्ध मिलेगा। दरअसल, केंद्रीय पशुपालन एवं डेयरी विभाग की सचिव अलका उपाध्याय के प्रयास से ब्लड बैंक खोला जा रहा है। इसके लिए सभी प्रक्रिया पूरी तरह तैयार कर ली गई है। भोपाल के राज्य पशु चिकित्सालय में पूरी तैयारी है। रुपरेखा तैयार की जा रही है कि शुरुआत में किन-किन पशुओं के लिए ब्लड की व्यवस्था की जाएगी। शुरुआत में छोटे पशुओं के ब्लड उपलब्ध कराए जाएंगे। इसके बाद आने वाले समय में बड़े पशुओं के लिए भी ब्लड उपलब्ध ▶▶ शेष पेज 4 पर

# परिहार बने बिजली कंपनी के उप मुख्य महाप्रबंधक शहर

**भोपाल।** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा आदेश जारी कर बीबीएस परिहार को भोपाल शहर वृत्त का उप मुख्य महाप्रबंधक का प्रभार सौंपा गया है। इसी प्रकार अमित श्रीवास्तव, रवि प्रकाश चौबे, राजेंद्र कुमार अग्रवाल को उप मुख्य महाप्रबंधक कंपनी मुख्यालय तथा राजेश सक्सेना को उप मुख्य महाप्रबंधक श्योपुर वृत्त बनाया गया है। इसी क्रम में विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरम के अध्यक्ष जय नारायण नागर की सेवाएं अध्यक्ष के रूप में निरंतर रखते हुए उप मुख्य महाप्रबंधक का प्रभार सौंपा गया है।

**मुख्य महाप्रबंधक (प्रोजेक्ट) बनी अमिता तिवारी:** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा प्रशासनिक सुविधा की दृष्टि से कंपनी मुख्यालय में पदस्थ उप मुख्य महाप्रबंधक अमिता तिवारी को प्रोजेक्ट अनुभाग की मुख्य महाप्रबंधक का प्रभार सौंपा गया है।

### कहा-हेलमेट, सीट बेल्ट सहित नियमों को बनाएं आदत, उल्लंघन और नशे में वाहन चलाने पर हो सख्त कार्रवाई

# भोपाल बने सड़क सुरक्षा और यातायात सुधार का आदर्श शहर : न्यायमूर्ति सप्रे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सुप्रीम कोर्ट की सड़क सुरक्षा समिति के अध्यक्ष एवं सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति अभय मनोहर सप्रे ने गुरुवार को पुलिस आयुक्त कार्यालय में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक हुई। इस दौरान जिला प्रशासन, पुलिस, नगर निगम सहित सभी संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद थे। इस दौरान उन्होंने कहा है कि सड़क सुरक्षा और यातायात सुधार के क्षेत्र में संगठित प्रयासों से बनाया जाए। इसके लिए जिला प्रशासन, पुलिस, नगर निगम सहित सभी संबंधित विभागों को गंभीरता, लगन और समर्पण भाव से कार्य करना होगा। उन्होंने समयबद्ध कार्ययोजना तैयार कर आगामी 3 माह में सकारात्मक बदलाव सुनिश्चित करने की अपेक्षा की है। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट की सड़क सुरक्षा संबंधी समिति भोपाल को इस दिशा में हर संभव सहयोग प्रदान करेगी। सड़क दुर्घटनाओं में हो रही मृत्यु की संख्या पर चिंता व्यक्त करते हुए समन्वित प्रयासों की आवश्यकता पर बल दिया। बैठक में कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह, पुलिस आयुक्त हरिनारायणचारी मिश्र, अतिरिक्त पुलिस आयुक्त पंकज श्रीवास्तव, नगर निगम आयुक्त हरेन्द्र नारायण, सीईओ स्मार्ट सिटी अंजू अरुण कुमार, सीईओ जिला पंचायत ईला तिवारी एवं एडीएम अंकुर मेश्राम सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।



**सुप्रीम कोर्ट की सड़क सुरक्षा समिति अध्यक्ष के साथ जिला सड़क सुरक्षा समिति की हुई बैठक**

### आम आदमी के साथ-साथ शासकीय कर्मचारी भी करें पालन

न्यायमूर्ति श्री सप्रे ने कहा कि हेलमेट पहनने की आदत को बढ़ावा दिया जाए, सीट बेल्ट उपयोग के प्रति जागरुकता लाई जाए, शराब पीकर वाहन चलाने वालों एवं नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। लोक परिवहन को बढ़ावा दिया जाए ताकि सड़कों पर छोटे वाहनों का दबाव कम हो सके। उन्होंने निर्देश दिए कि पुलिस विभाग सहित सभी शासकीय कर्मचारी वाहन चलाते समय अनिवार्य रूप से सीट बेल्ट/हेलमेट का उपयोग करें। स्कूल-कॉलेजों के विद्यार्थियों के लिए हेलमेट पहनना अनिवार्य किया जाए।

### पांच सालों में दुर्घटनाओं, ब्लैक स्पॉट को चिहिन्त करें

न्यायमूर्ति श्री सप्रे ने भोपाल जिले में 5 वर्षों में हुई सड़क दुर्घटनाओं, ब्लैक स्पॉट चिहिन्त करने व उनके सुधार कार्यों, चालानी कार्रवाई, जन-जागरुकता अभियानों और अन्य नवाचारों की समीक्षा की। न्यायमूर्ति श्री सप्रे ने निर्देश दिए कि वाहनों की फिटनेस की नियमित जांच की जाए, ड्राइविंग टेस्ट में सख्ती बरती जाए, बीमा और लाइसेंस की अनिवार्यता सुनिश्चित की जाए तथा ओवरलोडिंग पर रोक के लिए विशेष कार्रवाई की जाए। सड़कों पर मानक गति सीमा का उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई की जाए। सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्तियों के लिए राहवीर योजना और कैशलेस ट्रीटमेंट योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के निर्देश दिए।

### लगातार प्रयास किए जा रहे हैं

कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने कहा कि भोपाल जिले में सड़क सुरक्षा और यातायात सुधार के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं, जिनमें नवाचार और जन-जागरुकता अभियान शामिल हैं। उन्होंने कहा कि बैठक में दिए गए निर्देशों का पालन सुनिश्चित किया जाएगा। पुलिस आयुक्त हरिनारायणचारी मिश्र ने कहा कि पुलिस विभाग सड़क सुरक्षा को लेकर और अधिक सक्रियता से कार्य करेगा तथा जागरुकता अभियान को गति देकर उसे प्रभावी बनाया जाएगा।

### आस्था, परंपरा, भक्ति से जुड़ी अनेक शुभ तिथि तो रहेगी, तो वहीं ग्रह-नक्षत्र बदलेंगे अपनी चाल

# रक्षाबंधन, जन्माष्टमी, गणेशोत्सव सहित कई बड़े तीज-त्योहारों के साथ अगस्त का आगमन

धार्मिक दृष्टि से बेहद खास रहेगा आज से शुरू हुआ अगस्त का महीना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अगस्त माह की शुरुआत शुक्रवार से हो गई। यह माह धार्मिक और आध्यात्मिक दृष्टि से बेहद खास है। इस दौरान रक्षाबंधन, जन्माष्टमी, गणेश चतुर्थी (गणेश उत्सव) जैसे महत्वपूर्ण पर्व श्रद्धा से मनाए जाएंगे। मां चामुण्डा दरबार के पुजारी गुरु पंडित रामजीवन दुबे ने बताया कि अगस्त का महीना हर वर्ष की तरह इस बार भी धार्मिक दृष्टि से बेहद खास रहने वाला है। आस्था, परंपरा और भक्ति से जुड़ी अनेक शुभ तिथि तो रहेगी, तो वहीं कई ग्रह-नक्षत्र अपनी चल बदलेंगे। इसके चलते कई जातकों की राशियों पर असर देखने को मिलेगा। इस माह में विशेष रूप से भगवान शिव, श्रीकृष्ण और श्रीगणेश से जुड़े पर्व जैसे सावन का अंतिम सोमवार, रक्षाबंधन, श्रीकृष्ण जन्माष्टमी, गणेश चतुर्थी और राधा अष्टमी सहित कई तीज-त्योहार रहेंगे।



### अगस्त में यह रहेंगे व्रत-त्योहार

*1 अगस्त - मासिक दुर्गाष्टमी*
*4 अगस्त - सावन का चौथा सोमवार*
*5 अगस्त - चौथा मंगला गौरी व्रत, पुत्रदा एकादशी, दामोदर द्वादशी*
*6 अगस्त - बुध प्रदोष व्रत*
*9 अगस्त - रक्षाबंधन, गायत्री जयंती, संस्कृत दिवस, सावन पूर्णिमा व्रत*
*10 अगस्त - भाद्रपद प्रारंभ, गायत्री जापम*
*12 अगस्त - कजरी तीज, बहुला चतुर्थी,*
*14 अगस्त - बलराम जयंती, रांधण छठ*
*15 अगस्त - शीतला सप्तमी*
*16 अगस्त - कृष्ण जन्माष्टमी, दही हांडी,*
*17 अगस्त - सूर्य गोचर, मलयालम नव वर्ष*
*19 अगस्त - अजा एकादशी*
*20 अगस्त - बुध प्रदोष व्रत*
*21 अगस्त - मासिक शिवरात्रि*
*22 अगस्त - अमावस्या*
*23 अगस्त -भाद्रपद अमावस्या*
*27 अगस्त - गणेश चतुर्थी, विनायक चतुर्थी*
*28 अगस्त -ऋषि पंचमी, संवत्सरी पर्व*
*30 अगस्त - ललिता सप्तमी*
*31 अगस्त - राधा अष्टमी, महालक्ष्मी व्रत प्रारंभ*
*अगस्त में ग्रह होंगे गोचर*

### पार्थिव शिवलिंग निर्माण महारुद्राभिषेक कलश यात्रा आज

*श्रावण में श्रद्धालु भगवान भोलेनाथ की भक्ति में लीन हैं। राजधानी में शिव मंदिरों सहित अन्य संगठनों द्वारा पार्थिव शिवलिंग निर्माण किए जा रहे है। इसी के तहत शुक्रवार को शिव मंदिर टीला जमालपुरा में शुरू होने जा रही है। इस आयोजन से पहले धूमधाम से कलश यात्रा निकाली जाएगी। मंदिर के पुजारी पंडित श्रीहरि जोशी ने बताया कि पार्थिव शिवलिंग निर्माण कर महारुद्राभिषेक का आयोजन शिव मंदिर टीला जमालपुरा में किया जाएगा। इस मौके पर वार्ड पार्षद मनोज राठौर के मार्गदर्शन में कलश यात्रा सुबह 10:30 बजे से धूमधाम से शिव मंदिर जमालपुरा गांव से वैदिक मंत्रोच्चार से भगवान शंकर का महारुद्राभिषेक किया गया। बैंड, ढोल के साथ यात्रा निकाली जाएगी। इस दौरान महिला श्रद्धालु सिर पर कलश रखकर चलेगी। तो वहीं शिवभक्त हर-हर महादेव, बोल बम भोले और भगवान भोलेनाथ के जयकारे के साथ चलेंगे। कलश यात्रा विभिन्न मार्गो से होते हुए, शॉपिंग सेंटर प्रांगण कार्यक्रम स्थल पहुंचेगी। यहां पर बड़ी संख्या में भक्त गण पार्थिव शिवलिंग निर्माण कर पुण्यलाभ लेंगे।*

### शिव महापुराण कथा श्रवण करने पहुंचीं महापौर

## शिव महापुराण कथा के श्रवण से प्राप्त होता है बारह ज्योतिर्लिंग दर्शन यात्रा का फल

*श्रीशिव महापुराण कथा के श्रवण मात्र से बारह ज्योतिर्लिंग दर्शन यात्रा का फल प्राप्त होता हैं और मनुष्य को धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष चारों पुरुषार्थ का फल मिलता है। श्रावण मास में शिव महापुराण कथा श्रवण से 12 वर्ष नित्य जो अभिषेक करते हैं, वह एक बार शिव महापुराण कथा श्रवण मात्र से फल मिल जाता है। यह प्रवचन आईटी पार्क में आयोजित श्रीशिव महापुराण कथा के पांचवें दिन कथावाचक आचार्य आशीष शुक्ला ने दिए। आचार्य शुक्ला ने बताया कि भगवान भोले बाबा को भस्म एवं बेलपत्र और रुद्राक्ष बहुत ही प्रिय है। जो व्यक्ति भोले बाबा पर एक बिलपत्र चढ़ता है तो उसे पर भोले बड़े प्रसन्न होते हैं। कथा के मुख्य यजमान पूरन चौरसिया ने बताया कि गुरुवार को श्रीशिव महापुराण कथा को श्रवण करने महापौर मालती राय भी पहुंची। महापौर ने व्यासपीठ का पूजन कर आर्चाय आशीष शुक्ला से आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर एमआईसी सदस्य मनोज राठौर, पार्षद रीता विश्वकर्मा, विवेक चौरसिया, मोहित चौरसिया, महेश चौरसिया, बलराम चौरसिया, रुद्र, श्याम समेत बड़ी संख्या में भक्तगण शामिल हुए।*

### शिव विवाह पर निकाली बारात, झूमे श्रद्धालु

आईटी पार्क में आयोजित श्रीशिव महापुराण कथा में शिव विवाह के अवसर पर एक भव्य बारात निकाली गई। पूरन चौरसिया ने बताया कि बारात में भगवान शिव और माता पार्वती के विवाह का दृश्य दर्शाया गया था, जिसमें श्रद्धालु नाचते-गाते और झूमते हुए नजर आए। बारात में शामिल होने वाले भक्तों ने भगवान शिव और माता पार्वती के विवाह की खुशी में जमकर नृत्य किया और जयकारे लगाए। बारात में शिव और पार्वती के विवाह की झांकी भी सजाई गई थी, जिसे देखकर श्रद्धालु भाव-विभोर हो गए। बारात में शामिल होने वाले भक्त, शिव और पार्वती के विवाह की खुशी में नाचते-गाते हुए, हर हर महादेव के जयकारे लगा रहे थे।



### कमिश्नर की पहल, मिलेगा कर्मचारियों को ऐसा सम्मान

# नगर निगम ने ट्रेसर को बनाया एक दिन का डिप्टी कमिश्नर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नगर निगम में पहली बार अपने रिटायरमेंट वाले दिन किसी कर्मचारी को एक दिन का डिप्टी कमिश्नर बनाया गया। गुरुवार को निगम के ट्रेसर अवध नारायण पांडे निगम से रिटायर हुए। सभी अधिकारियों ने उन्हें विदाई दी।

वहीं, जीएडी के डिप्टी कमिश्नर चंचलेश गिरहरे ने उन्हें अपने दफ्तर ले जाकर दिनभर के लिए डिप्टी कमिश्नर का प्रभार दिया। साथ ही अंतिम दिन के कामकाज का अनुभव भी लिखवाया। इस तरह की पहल से निगम के दूसरे कर्मचारियों ने डिप्टी कमिश्नर चंचलेश गिरहरे के फैसले की सराहना की। दरअसल, गुरुवार 31 जुलाई को नगर निगम के उपायुक्त सीबी मिश्रा और ट्रेसर अवध नारायण पांडे सहित 10 कर्मचारियों ने अपनी सेवा अवधि पूरी की।



### पांडे ने लिखी नोटशीट, अनुभव भी किए साझा

*अपने रिटायरमेंट वाले दिन एक दिन का डिप्टी कमिश्नर बने पांडे ने अपने अनुभव साझा किए और एक नोटशीट भी लिखी। निगम की सेवा से सेवानिवृत्त होने वालों में उपायुक्त सीबी मिश्रा, ट्रेसर अवधनारायण पांडे, अलीम समद, मो.आरिफ, सलमान उद्दीन, बाला प्रसाद शर्मा, महेश चन्द्र, नुसरत जहां, आशा बाई, रेखा श्रीवास्तव शामिल रहीं।*

# पॉलिटेक्निक आवासीय परिसर में लगाए पौधों का किया अवलोकन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

विद्या वन के रूप में श्यामला हिल्स के पॉलिटेक्निक आवासीय परिसर में पौधारोपण का एक वर्ष पूर्ण होने पर टीम के सदस्य एकत्र हुए और गत वर्ष लगाए गए पौधों का अवलोकन किया। इस पौधरोपण की पर्यावरण प्रेमियों ने निरंतर देखरेख की। उल्लेखनीय है कि विद्या वन में पिछले वर्ष 251 पेड़ लगाए गए थे।

### पौधों से मिला रिजल्ट

*जिनका सर्वाइवल रेट सौ प्रतिशत है। शासकीय एस वी पॉलिटेक्निक कॉलेज प्राचार्य के वी राव और स्टाफ सदस्यों द्वारा लगाए गए पौधों को समय-समय पर देखने जाने और उनकी सुरक्षा से यह परिणाम प्राप्त हुए हैं। उच्च शिक्षा मंत्री परमार और विधायक भगवान दास सबनानी को भी इस उपलब्धि से अवगत करवाया गया है।*

### प्रबंधक जैन को दी गई भावभीनी विदाई

# अपेक्स बैंक की 54वीं वार्षिक आम सभा में प्रस्तुत किया लेखा-जोखा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

गुरुवार को राजधानी स्थित अपैक्स बैंक मुख्यालय टीटी नगर में अपैक्स बैंक कर्मचारी साख समिति की 54वीं आम सभा हुई। इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष करुण यादव ने संस्था सदस्यों के समक्ष संस्था का वर्ष 2025 का लेखा जोखा प्रस्तुत किया। संस्था सदस्यों को संबोधित करते हुए बताया कि संस्था सतत लाभ अर्जन कर रही है व संस्था का एनपीए शून्य है।

### 6 प्रतिशत लाभांश देने की घोषणा की गई थी

संस्था कई वर्षों से अपने सदस्यों को लाभांश वितरित कर रही है। इस वर्ष भी संस्था द्वारा अपने सदस्यों को 6 प्रतिशत लाभांश देने की घोषणा की गई है। अपैक्स बैंक के उप महाप्रबंधक केटी सज्जन, प्रबंधक विवेक मलिक, समीर सक्सेना, अजय देवड़ा एवं संस्था के संचालक मंडल के सदस्य एवं सभी संस्था के सदस्य उपस्थित रहे।

### प्रदेशभर में करीब 24 हजार से अधिक विद्यार्थी होंगे शामिल

# स्कूली विद्यार्थियों के लिए आज बूझो जानो देखो-अपना प्रदेश क्विज का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

स्कूली विद्यार्थियों के लिए शुक्रवार को कैम्पियन स्कूल में बूझो, जानो देखो-अपना प्रदेश क्विज का आयोजन किया जाएगा। प्रदेशभर में जिला स्तर पर इसमें पंजीकृत 1800 स्कूलों के करीब 24 हजार विद्यार्थी शामिल होंगे। कक्षा 9वीं से 12वीं तक के बच्चे ही इसमें शामिल होंगे। जिला पुरातत्व, पर्यटन एवं संस्कृति परिषद भोपाल में जिला स्तरीय पर्यटन क्विज का आयोजन करेगा। इसमें 255 स्कूलों के 700 से ज्यादा बच्चे शामिल होंगे। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। प्रतियोगिता को लिखित परीक्षा एवं मल्टी मीडिया दो राउंड में आयोजित किया जाएगा। प्रतियोगिता में प्रत्येक जिला स्तर की प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली विजेता टीम सितंबर-2025 को भोपाल में आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगी।

### टॉप-6 मिलेगा मल्टीमीडिया राउंड खेलने का मौका

अरेरा कॉलोनी स्थित कैम्पियन स्कूल में सुबह 10 से शाम 6 बजे तक क्विज होगी। लिखित परीक्षा में पास करने के बाद मैरिट लिस्ट के आधार पर टॉप-6 टीम को मल्टीमीडिया राउंड खेलने का मौका मिलेगा। इस राउंड के एक विजेता टीम को राज्य स्तरीय क्विज के लिए चयनित किया जाएगा। बता दें कि मध्यप्रदेश पर्यटन बोर्ड द्वारा विद्यार्थियों को प्रदेश की समृद्धशाली इतिहास, संस्कृति, ऐतिहासिक और प्राकृतिक धरोहर से परिचित कराने के उद्देश्य से यह क्विज का आयोजन किया जा रहा है।

## यूजी के लिए 14 तक अतिरिक्त सीएलसी राउंड

**भोपाल।** उच्च शिक्षा विभाग ने प्रदेश के शासकीय, अनुदान प्राप्त अशासकीय और निजी अशासकीय महाविद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2025-26 स्नातक कक्षाओं में प्रवेश के लिए अतिरिक्त सीएलसी राउंड की तिथि में वृद्धि कर दी है।

जारी नई तारीख के अनुसार अब 14 अगस्त तक अतिरिक्त सीएलसी चरण जारी रहेगा, पूर्व में यह तिथि 31 जुलाई निर्धारित थी।

### आवेदन की प्रक्रिया 4 जून से हो चुकी है आरंभ

# सेंट्रल सेक्टर स्कॉलरशिपः 31 अक्टूबर तक कर सकेंगे ऑनलाइन आवेदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सेंट्रल सेक्टर स्कॉलरशिप के लिए ऑनलाईन आवेदन की अंतिम तिथि अब 31 अक्टूबर 2025 कर दी गई है। मानव संसाधन विकास मंत्रालय, उच्च शिक्षा विभाग, भारत सरकार, नई दिल्ली द्वारा प्रायोजित एवं माध्यमिक शिक्षा मंडल, मप्र भोपाल के माध्यम से महाविद्यालयीन एवं विश्वविद्यालयीन विद्यार्थियों को वितरित की जाने वाली सेन्ट्रल सेक्टर स्कीम ऑफ स्कॉलरशिप फॉर कॉलेज एंड यूनिवर्सिटीज स्टूडेंट की नवीन एवं नवीनीकरण छात्रवृत्ति के लिए ऑनलाईन आवेदन करने की प्रक्रिया 2 जून 2025 से शुरू हो गई है। आवेदन करने की अंतिम तिथि 31 अक्टूबर 2025 निर्धारित की गई है। माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्यप्रदेश भोपाल की हायर सेकेंडरी परीक्षा वर्ष 2025 में 80 प्रतिशत से अधिक अंकों के साथ उत्तीर्ण होने वाले विद्यार्थी नई छात्रवृत्ति एवं वर्ष 2021 से 2024 तक के चयनित विद्यार्थी नवीनीकरण छात्रवृत्ति के लिए नेशनल स्कॉलरशिप पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

**नेशनल स्कॉलरशिप पोर्टल पर किया जा सकता है आवेदन**

### 1500 प्रतिभागियों ने परीक्षण का उठाया लाभ

# वीआईटी की एनएसएस का मुफ्त स्वास्थ्य जांच शिविर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

वीआईटी की एनएसएस इकाई ने डेनेशिया अंतरराष्ट्रीय दंत चिकित्सा और ग्लोबल वेलफेअर स्माइल फाउंडेशन के संयुक्त सहयोग से एक दिवसीय स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया, जिसमें लगभग 1500 प्रतिभागियों ने निःशुल्क दंत एवं नेत्र परीक्षण का लाभ उठाया। इस कार्यक्रम का मुख्य संकल्प जनता को निःशुल्क और विश्वसनीय स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करना था। इस कार्यक्रम की वीआईटी विश्वविद्यालय के सभागार में हुई। स्वास्थ्य जांच शिविर में आदरणीय दंत रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रशांत त्रिपाठी, दंत रोग विशेषज्ञ डॉ.पूजा त्रिपाठी तथा उनकी चिकित्सा इकाई ने सेवाएं प्रदान की।

### तीन माह की जगह एक माह पहले रिजर्वेशन कराने के कारण बढ़ रही परेशानी

रक्षाबंधन पर्व को बचे 10 दिन, एक सप्ताह पहले बढ़ जाती है ट्रेनों में भीड़

# राखी के लिए अभी से ट्रेनें ठसाठस, मिल रही लंबी वेटिंग, स्पेशल ट्रेनों की नहीं हुई घोषणा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

रक्षाबंधन पर कहीं जाने के लिए यदि आपने अभी रिजर्वेशन नहीं कराया है, तो आपकी यात्रा का मजा किरकिरा हो सकता है। क्योंकि रक्षाबंधन पर्व को अब सिर्फ 10 दिन बाकी है। तो वहीं रक्षाबंधन पर्व से 3-4 दिन पहले ही बहनों का मायके जाने वाले लिए भीड़-भाड़ बढ़ जाती है। इस पर्व के लिए कई शहर से जाने वाली अधिकांश ट्रेनों में अभी से रिजर्वेशन फुल हो चुका है। कई ट्रेनों में अभी से लंबी वेटिंग है। हालांकि रेलवे के वरिष्ठ अधिकारी का कहना है कि जल्द स्पेशल ट्रेन चलाने व अतिरिक्त कोच लगाने को लेकर घोषणा की जाएगी। इसको लेकर सभी मंडल व जोनल स्तर से रिपोर्ट मांगी गई, जिस रूट पर जैसे भीड़ हो गई, उसके हिसाब से स्पेशल ट्रेन चलाई जाएगी। तो वहीं अतिरिक्त कोच भी लगाए जाएंगे। तो वहीं भोपाल रेल मंडल की ओर से अभी रक्षाबंधन पर्व को लेकर सिर्फ एक स्पेशल ट्रेन रानी कमलापति-रीवा के बीच चलाने की घोषणा की है। उल्लेखनीय है कि रेलवे की ओर से पुराने नियम तीन माह पहले रिजर्वेशन करने वाली सुविधा को बदलते हुए। अब एक माह पहले रिजर्वेशन कराने का नियम लागू किया है। इसके चलते यात्रियों को अब कम समय आरक्षण कराने के लिए मिलता है। जिस वजह से त्योहारी सहित अन्य सीजनों में एकाएक रिजर्वेशन कराने वालों की संख्या बढ़ जाती है।



### हो चुका रिजर्वेशन

लोगों ने पहले से ही रिजर्वेशन करवा लिए हैं। ऐसे में कई ट्रेनें ऐसी हैं जिनमें रक्षाबंधन पर लंबी वेटिंग नजर आ रही है। इसके साथ ही रेलवे स्टेशन के रिजर्वेशन काउंटर पर रिजर्वेशन के लिए यात्रियों की भीड़ भी उमड़ रही है।

### रक्षाबंधन के आसपास के दिनों की यह है स्थिति

*दिल्ली की तरफ जाने वाली ट्रेनों की स्थिति सचखंड एक्सप्रेस के स्लीपर श्रेणी में 41,मंगला लक्षद्वीप 54, छत्तीसगढ़ में 63 वेटिंग है। हालांकि भोपाल से चलने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस व शताब्दी में टिकट उपलब्ध हैं। पुणे की तरफ गोवा एक्सप्रेस के स्लीपर श्रेणी में 45, झेलम में 51 और यशवंतपुर संपर्क क्रांति एक्सप्रेस में 39 वेटिंग है। मुंबई की तरफ पुष्पक एक्सप्रेस के स्लीपर श्रेणी में 52, मंगला लक्षद्वीप एक्सप्रेस में 41 वेटिंग है। कानपुर की तरफ कुशीनगर एक्सप्रेस के स्लीपर श्रेणी में 44, पुष्पक में 34, गोरखपुर एक्सप्रेस में 56 वेटिंग है।*

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी




नर्मदा का विहंगम दृश्य

## प्रदेश में बारिश की रफ्तार थमी, अगले पांच दिन अति भारी बारिश का अलर्ट नहीं

# अब नर्मदा का जलस्तर बढ़ा महेश्वर में घाट व मंदिर डूबे

» श्योपुर में दो और दमोह में एक शव मिला

» अशोक नगर में रेस्क्यू के लिए सेना अब भी तैनात

**आज आधा दर्जन जिलों में मध्यम से तेज बारिश का यलो अलर्ट**

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मप्र में अति भारी बारिश का दौर तो थम गया, लेकिन बाढ़ के चलते हालात खराब बने हुए हैं। श्योपुर में पार्वती नदी की बाढ़ में बहे चाचा-भतीजे के शव खेत में एक-दूसरे से लिपटे हुए मिले हैं। सागर में देवरी के रामघाट नाले पर बने पुल से बही गर्भवती महिला का शव 48 घंटे बाद गुरुवार को मिल गया है। शव पुल से करीब 5 किमी दूर पचासिया गांव के पास झाड़ियों में फंसा था। जिसे जबलपुर से आई एनडीआरएफ की टीम ने रेस्क्यू कर बाहर निकाल लिया है। अशोकनगर में बारिश थम गई है। यहां 41 सेना के जवान, 30 लखनऊ का एनडीआरफ दल और 13 सदस्य भोपाल की एसडीआरएफ की टीम तैनात है। रायसेन में बेतवा ने विशाल रूप ले लिया है। शिवपुरी में माधव टाइगर रिजर्व की सांख्य सागर झील ▸▸ शेष पेज 4 पर



खंडवा बांध के गेट खोले गए

### कहां कितना बढ़ा पारा?

बैतूल, नर्मदापुरम, इंदौर, रतलाम, छिंदवाड़ा, जबलपुर, मंडला, नरसिंहपुर, सिवनी, उमरिया, मलाजखंड में पारा 2 से 3 डिग्री बढ़कर औसतन 28 डिग्री रहा, जबकि भोपाल, गुना, खंडवा, खरगौन, उज्जैन, दमोह, सागर सहित अधिकांश जिलों में औसतन एक डिग्री बढ़कर 27 डिग्री तक दर्ज हुआ है। वहीं, ग्वालियर, खजुराहो, रीवा, सतना, ग्वालियर, दतिया में पारा 2 से 5 डिग्री तक कम हुआ। सुबह से शाम तक सबसे अधिक बारिश दतिया में 6 और पचमढ़ी में 4 मिमी रही। बैतूल, गुना, ग्वालियर, नर्मदापुरम, दमोह, सागर, नर्मदापुरम में 1 से 2 मिमी तक बारिश हुई। इससे तापमान में बढ़त रही। ▸▸ पढ़ें पेज 03 भी



महेश्वर में नर्मदा के घाट डूबे

## खबर संक्षेप

### वरुण कपूर बने जेल महानिदेशक

**भोपाल।** राज्य सरकार ने भारतीय पुलिस सेवा के तीन अफसरों की नवीन पदस्थापना की है। गृह विभाग से जारी सूची के अनुसार वरुण कपूर स्पेशल डीजी आरएपीटीसी इंदौर को मध्यप्रदेश का जेल महानिदेशक बनाया गया है। वहीं मोहम्मद शाहिद अबसार एडीजी ईओडब्ल्यू को एडीजी चयन भर्ती एवं एडीजी पीटीआरआई का जिम्मा सौंपा है।



### 11 अगस्त से प्लास्टिक मुक्त होगा काशी धाम

**वाराणसी।** श्रीकाशी विश्वनाथ धाम 11 अगस्त से पूरी तरह से प्लास्टिक मुक्त हो जाएगा। खासकर प्लास्टिक की टोकरी और प्लास्टिक लोटा पर रोक लगाई जाएगी। भक्तों से भी अपील करेंगे, वह मंदिर में प्लास्टिक की टोकरी समेत कुछ लेकर न आएं। मंदिर के सीईओ विश्वभूषण ने कहा कि जूट और लकड़ी की बनी टोकरी का इस्तेमाल करें।



### नहाते समय नाले में डूबे बच्चे, दो शव निकाले

**छिंदवाड़ा।** नहाने गए दो बच्चे नाले में डूब गए। दोनों के शव बाहर निकाल लिए गए हैं। कोलाढाना क्षेत्र में बने सिवरेज पॉइंट के पास छह बच्चे खेलने के लिए पहुंचे थे। खेलते-खेलते वे सिवरेज पॉइंट के पास बने बोदरी नाले में उतरकर नहाने लगे। इसी दौरान अचानक दो बच्चे पानी के तेज बहाव में डूब गए। अन्य चार बच्चों ने घटना को देखकर शोर मचाया।



## टैरिफ पर टकराव: डोनाल्ड ट्रंप के टैरिफ पर केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल का संसद में जवाब

# 10 से 15 फीसदी टैरिफ की बात हुई थी, राष्ट्रहित से समझौता नहीं करेंगे

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि अमेरिका के साथ द्विपक्षीय व्यापार वार्ता जारी है और भारत अपने घरेलू उद्योगों की सुरक्षा करेगा। हमारे निर्यात में लगातार वृद्धि चल रही है

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारत पर 25% टैरिफ लगाने के ऐलान के बाद भारत ने स्पष्ट किया है कि वह अपने देशहित से कोई समझौता नहीं करेगा। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को भारत पर 25 फीसदी टैरिफ और रूस से तेल खरीदने की वजह से पेनल्टी का ऐलान कर दुनिया को चौंका दिया है। अमेरिकी राष्ट्रपति के ऐलान के बाद भारत ने दो टूक कहा है कि हम देशहित से हम कोई समझौता नहीं करेंगे।

वहीं, टैरिफ को लेकर अमेरिका के इस फैसले के बाद संसद में वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने जवाब दिया। पीयूष गोयल ने कहा कि अमेरिका के साथ द्विपक्षीय व्यापार की बात चल रही है। हमारे निर्यात में लगातार वृद्धि चल रही है। हम अपने घरेलू उद्योगों की सुरक्षा करेंगे। उन्होंने आगे कहा कि आयात पर 10 से15 प्रतिशत टैरिफ की बात हुई थी। देश की हित की दिशा में हम कदम उठाएंगे। वैश्विक विकास में भारत का योगदान 16 प्रतिशत है। भारत आत्मनिर्भरता की ओर आगे बढ़ रहा है। दोनों पक्षों में चार दौर की बातचीत हो चुकी है।

▸▸ शेष पेज 4 पर ▸▸ पढ़ें पेज 09 भी

भारत आत्मनिर्भरता की ओर आगे बढ़ रहा

दोनों पक्षों में चार दौर की बातचीत हो चुकी



**वैश्विक विकास में भारत का योगदान 16 प्रतिशत**

### ट्रंप ने भारत पर 25 फीसदी टैरिफ लगाते हुए क्या कहा?

### भारत चीन के साथ रूस के ईंधन का सबसे बड़ा खरीदार

ट्रंप ने बुधवार को कहा कि भारतीय आयात पर एक अगस्त से 25 प्रतिशत टैरिफ लगाने का ऐलान किया और यह धमकी भी दी कि इसके अतिरिक्त उस पर पेनाल्टी भी लगाई जाएगी। ट्रंप ने भारत की तरफ से अमेरिकी उत्पादों पर लगाए जाने वाले शुल्क की उच्च दरों, रूस से रक्षा उपकरणों और ईंधन की खरीद को लेकर भी आरोप लगाए हैं। ट्रंप ने बुधवार को कहा-भले ही भारत हमारा दोस्त है, ▸▸ शेष पेज 4 पर

**राहुल ने कहा**

### प्रधानमंत्री जवाब क्यों नहीं दे रहे?

राहुल गांधी ने कहा कि ट्रंप अब कहते हैं कि वह 25% टैरिफ लगाएंगे। इस पर पीएम मोदी जवाब क्यों नहीं दे पा रहे हैं? असली वजह क्या है? उनके हाथ में नियंत्रण किसके पास है? राहुल ने कहा कि विदेश मंत्री भाषण देते हैं और कहते हैं कि हमारी विदेश नीति प्रभावशाली है। एक तरफ अमेरिका आपको गाली दे रहा है, दूसरी तरफ चीन आपके पीछे पड़ा है। ट्रंप के मृत अर्थव्यवस्था वाले बयान पर कांग्रेस सांसद राहुल ▸▸ शेष पेज 4 पर



### सरकार अमेरिका की ओर से लगाए गए टैरिफ के प्रभावों का आकलन कर रही

गोयल ने कहा कि मार्च 2025 में, भारत और अमेरिका ने एक न्यायसंगत, संतुलित और पारस्परिक रूप से लाभकारी द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) के लिए बातचीत शुरू की। इसका लक्ष्य अक्टूबर-नवंबर 2025 तक समझौते के पहले चरण को पूरा करना था। दोनों पक्षों ने 29 मार्च 2025 नई दिल्ली में आयोजित पहली डिजिटल मीटिंग में चर्चा के दौरान व्यापार वार्ता शुरू करने के लिए विस्तृत टर्म्स ऑफ रिफरेंस (टीओआर) को अंतिम रूप दिया। सरकार हाल की घटनाओं के प्रभावों की जांच कर रही है। हम अपने राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए सभी आवश्यक कदम उठाएंगे। वाणिज्य व उद्योग मंत्रालय निर्यातकों, उद्योगों और सभी हितधारकों के साथ बातचीत कर रहा है और इस मुद्दे पर उनके आकलन के आधार पर जानकारी एकत्र कर रहा है।

## नए सिस्टम पर काम कर रही है सरकार

# अब यूपीआई पेमेंट के लिए नहीं होगी पिन की जरूरत



**काम की खबर**

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारत में डिजिटल भुगतान को और आसान बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाया जा सकता है। नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआई) जल्द ही बायोमेट्रिक आधारित प्रमाणीकरण को यूपीआई पेमेंट्स में शामिल कर सकती है। इसका मतलब यह है कि अब यूपीआई ट्रांजैक्शन के लिए फेस आईडी या फिंगरप्रिंट से भुगतान की पुष्टि की जा सकेगी, पिन दर्ज करने की जरूरत नहीं होगी। वर्तमान में, ▸▸ शेष पेज 4 पर

■ फेस आईडी या फिंगरप्रिंट से भुगतान की पुष्टि की जा सकेगी

### बायोमीट्रिक प्रमाणीकरण से क्या होगा लाभ?

बायोमीट्रिक प्रमाणीकरण जैसे फिंगरप्रिंट या फेस आईडी से भुगतान को केवल शरीर की विशेषताओं के आधार पर मंजूरी मिल सकेगी। विशेषज्ञों का मानना है कि यह सुविधा उन लोगों के लिए डिजिटल भुगतान को और अधिक सुलभ और सुरक्षित बनाएगी, जिन्हें पासवर्ड याद रखना या स्मार्टफोन इस्तेमाल करना मुश्किल लगता है। ऑटो-डेबिट ट्रांजैक्शन जैसे कि ईएमआई या सब्सक्रिप्शन भुगतान अब केवल सुबह 10 बजे से पहले या रात 9:30 बजे के बाद ही प्रोसेस होंगे। इससे सर्वर पर लोड कम होगा और ट्रांजैक्शन में देरी नहीं होगी। कोई भी उपयोगकर्ता अपने मोबाइल नंबर से लिंक बैंक अकाउंट की जानकारी सिर्फ 25 ▸▸ शेष पेज 4 पर

## गायों की मौत के बाद गोसेवकों का प्रदर्शन



# राजगढ़ में आगरा-मुंबई नेशनल हाईवे पर लगा दिया जाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर

राजगढ़ में आगरा-मुंबई नेशनल हाईवे पर तेज रफ्तार वाहनों ने गायों को कुचल दिया। 4 गायों की मौत के बाद गोसेवकों ने हाईवे पर प्रदर्शन शुरू कर दिया। यहां करीब तीन किलोमीटर लंबा जाम लग गया। पुलिस ने ट्रैफिक डायवर्ट किया। 4 घंटे से हजार से ज्यादा वाहन फंसे रहे। विहिप, बजरंग दल और अन्य गोसेवक संगठनों ने प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने कहा, पूर्व में जिला प्रशासन ने सड़कों से आवारा मवेशियों को हटाने के लिए कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई थी, लेकिन आज तक इसका पालन नहीं हुआ। ▸▸ शेष पेज 4 पर

## कीचड़ में लोग 800 मीटर तक पैदल चले

# सड़क नहीं... तो बीएमओ ने नहीं भेजी एंबुलेंस, चारपाई पर ग्रामीण ले गए शव

हरिभूमि न्यूज ⏭ सतना

शहर के उसरहाई टोला गांव में 15 साल के लड़के की कुएं में डूबने से मौत हो गई। ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी। गांव में सड़क नहीं होने के कारण पुलिस 800 मीटर तक कीचड़ भरे रास्ते से पैदल चलकर घटनास्थल पर पहुंची। एंबुलेंस ने तो आने से ही मना कर दिया। घटना ग्राम पंचायत पुरवा स्थित उसरहाई टोला गांव की है। 15 साल का आशिकी कोल बुधवार दोपहर से लापता था। परिजन खेत से घर लौटे तो वह नहीं मिला। तलाश करने पर आशिकी का मोबाइल कुएं के पास पड़ा मिला। ▸▸ शेष पेज 4 पर



## पीएम ई-ड्राइव योजना से 72,000 नए चार्जिंग स्टेशन लगेंगे

उत्तर प्रदेश सबसे आगे, कर्नाटक और महाराष्ट्र पीछे

# देश के हाईवे और एक्सप्रेस-वे पर 4,557 ईवी चार्जिंग स्टेशन

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने संसद में बताया कि देश में 1,46,342 किलोमीटर लंबे राजमार्गों और एक्सप्रेसवे पर अब तक 4,557 ईवी पब्लिक चार्जिंग स्टेशन स्थापित किए जा चुके हैं। यह आंकड़ा ब्यूरो ऑफ एनर्जी एफिशिएंसी (बीईई) की रिपोर्ट के आधार पर सामने आया है। राज्यों की बात करें तो उत्तर प्रदेश में सबसे अधिक 507 चार्जिंग स्टेशन लगे हैं। इसके बाद कर्नाटक में 489, महाराष्ट्र में 459, तमिलनाडु में 456 और ▸▸ शेष पेज 4 पर



## अभाविप कार्यकर्ताओं ने किया हंगामा

हनुमान चालीसा का पाठ करने बैठ गए प्रदर्शनकारी

# मिशनरी स्कूल में तिलक लगाने को लेकर बवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल

जिले के मिशनरी स्कूल में तिलक लगाकर स्कूल आने से मना करने पर जमकर बवाल हो गया।

मामले को लेकर एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने सिर्फ जमकर हंगामा किया बल्कि स्कूल में हनुमान चालीसा का पाठ भी किया। विरोध प्रदर्शन और हंगामे की सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंची। स्कूल शिक्षा विभाग के योजना अधिकारी ने मंच से घोषणा की कि स्कूल में किसी भी धर्म, जाति, रीति-रिवाज को न मानने जैसी कोई रोक नहीं है। इसके बाद कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन खत्म किया। दरअसल 3 घंटे से स्कूल परिसर में हंगामा कर रहे एबीवीपी के कार्यकर्ताओं ने स्कूली छात्रों को तिलक मिटाने और कलवा उतरवाने का आरोप लगाया है। प्रिंसिपल से चर्चा के दौरान मांग पूरी नहीं होने पर एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने प्रिंसिपल रूम में घुसने का प्रयास किया। पुलिस के साथ भी झूमा झटकी हुई। एबीवीपी कार्यकर्ताओं के तेवर को देखते हुए स्कूल का स्टाफ भी मैदान में उतर गया। ▸▸ शेष पेज 4 पर



## दस महीनों के व्यापक शोध और आणविक परीक्षण के बाद एक नए रक्त एंटीजन की खोज

यह महिला दुनिया की पहली व्यक्ति है जिनमें यह नया एंटीजन पाया गया

# कर्नाटक कोलार की महिला में मिला दुनिया का नया अनोखा ब्लड ग्रुप, सीआरआईबी नाम से हुई पहचान

*इस खोज से न केवल भारत को वैश्विक रक्त विज्ञान में एक नई पहचान मिली है, बल्कि यह दुर्लभ रक्त समूहों पर शोध और मरीजों को जीवन रक्षक सहायता देने की दिशा में एक बड़ी प्रगति है*

**अलग खबर**

एजेंसी ⏭ कोलार

कर्नाटक के कोलार जिले की एक 38 वर्षीय महिला में दुनिया का एक बिल्कुल नया रक्त समूह पाया गया है, जिसे 'सीआरआईबी' नाम दिया गया है। यह खोज रक्त विज्ञान के क्षेत्र में एक ऐतिहासिक उपलब्धि मानी जा रही है। यह मामला तब सामने आया जब महिला को कोलार के एक अस्पताल में हृदय शल्य चिकित्सा (हार्ट सर्जरी) के लिए भर्ती किया गया था। उनका रक्त समूह सामान्यतः ओ आरएच पॉजिटिव था, लेकिन जब सर्जरी से पहले उन्हें रक्त चढ़ाने ▸▸ शेष पेज 4 पर



### इटली में इस एंटीजन की घोषणा की गई

सीआरआईबी नाम में "सीआर" का मतलब है क्रोमर (एक मौजूदा रक्त समूह प्रणाली), और "आईबी" का मतलब है इंडिया-बेंगलुरु, जहां इस खोज की शुरुआत हुई। यह नया एंटीजन क्रोमर ब्लड ग्रुप सिस्टम का हिस्सा है। जून 2025 में मिलान, इटली में आयोजित इंटरनेशनल सोसायटी ऑफ ब्लड ट्रांसफ्यूजन की 35वीं रीजनल कांग्रेस में इस खोज की आधिकारिक घोषणा की गई। यह महिला इस खोज के बाद, रोटरी बैंगलोर टीटीके ब्लड सेंटर ने कर्नाटक स्टेट ब्लड ट्रांसफ्यूजन काउंसिल और मुंबई स्थित आईसीएमआर के इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ इम्यूनोहेमेटोलॉजी के सहयोग से एक रेयर डोनर रजिस्ट्री शुरू की है। यह पहल दुर्लभ रक्त समूहों वाले मरीजों को समय पर सही रक्त मुहैया कराने के लिए की गई है।

## मुख्यमंत्री दिल्ली में हुई बीएसएल ग्लोबल आउटरीच समिट-2025 में हुए शामिल

# मुख्यमंत्री ने इंडस्ट्री लीडर्स से कहा, देश ऐसे ही नहीं बदलता है, इसके लिए दृढ़ संकल्पों की जरूरत होती है

### सभी सेक्टर के उद्योगपतियों को दिया मप्र आने का आमंत्रण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि समिट में इंडस्ट्री लीडर्स से कहा देश ऐसे ही नहीं बदलता है, इसके लिए दृढ़ संकल्पों की आवश्यकता होती है। इन संकल्पों में नवीनता होती है।

उन्होंने कहा कि सरकार टेक्सटाइल इंडस्ट्रीज को प्रोत्साहित करने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। मप्र देश का सर्वाधिक और गुणवत्तापूर्ण कपास उत्पादन करने वाला राज्य है। राज्य सरकार ने कपास से धागा, कपड़ा और रेडीमेड गारमेंट इंडस्ट्री को प्रोत्साहित करने के लिए अनेक महत्वपूर्ण कार्य किए हैं। न केवल देश बल्कि अन्य देशों की टेक्सटाइल इकाइयों से भी अलग-अलग प्लेटफॉर्म पर बायर-सेलर के साथ चर्चा की।



### मप्र में निवेश आएगा और युवाओं के लिए रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे

मुख्यमंत्री डॉ. यादव गुरुवार को नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित बीएसएल ग्लोबल आउटरीच समिट में शामिल हुए। राज्य सरकार ने टेक्सटाइल इंडस्ट्री के प्रतिष्ठित उद्योगपतियों के साथ निर्माण इकाइयों को प्रोत्साहन देने के लिए निरंतर वन-टू-वन मीटिंग भी की हैं। इन प्रयासों से मप्र में निवेश आएगा और युवाओं के लिए रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे।

### ईज ऑफ डूइंग के अंतर्गत 42 कानूनों को किया खत्म-

*मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने ईज ऑफ डूइंग के तहत 42 कानूनों को खत्म किया है, जो व्यापार में बाधा बनते थे। राज्य सरकार ने उद्योग शुरू करने के लिए जरूरी 29 अनुमतियों को भी कम करके 10 तक सीमित कर दिया है। प्रदेश में उद्योगपतियों को बिजली, पानी, जमीन सस्ती दरों पर उपलब्ध कराई जा रही हैं। श्रमिकों के वेतन के लिए भी सहायता प्रदान की जा रही है। मेक इन इंडिया से प्रेरणा लेकर मप्र आगे बढ़ रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज हमें प्रतिकूलता से आगे बढ़कर अनुकूलता की ओर बढ़ने की जरूरत है।*

### मुख्यमंत्री ने बांटे पुरस्कार

मुख्यमंत्री ने समिट के दौरान करीब दो दर्जन देशों में काम करने वाली कंपनी वॉलमार्ट सोर्सिंग के वाइस प्रेसिडेंट नितिन प्रसाद को बेस्ट ग्लोबल सोर्सिंग अवॉर्ड और वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला और लॉजिस्टिक समाधान प्रदाता लॉ एंड फंग ग्रुप की सीईओ श्रीमती दीपिका राणा को क्वीव ऑफ एक्सिलेंस द बीएसएल प्लेटिनम अवॉर्ड प्रदान किए। मुख्यमंत्री ने बीएसएल के दो वर्ष के उल्लेखनीय कार्यों पर आधारित पुस्तक का विमोचन भी किया।

### टेक्सटाइल और गारमेंट सेक्टर में निवेश की अपार संभावनाएं

मुख्यमंत्री ने कहा कि मप्र में टेक्सटाइल और गारमेंट्स सेक्टर में निवेश की अपार संभावनाएं है। मप्र में हैंडीक्राफ्ट्स और हैंडलूम के आर्टिजंस और छोटे-छोटे उद्योग उपलब्ध है। राज्य की चंदेरी और माहेश्वरी साड़ियों ने देश में ही नहीं, बल्कि विदेश में भी अपनी पहचान बनाई है। आत्मनिर्भर मप्र के लक्ष्य को पूरा करने के लिए हम निरंतर कार्यरत हैं। उन्होंने कहा कि राज्य में निवेशकों को वित्तीय एवं गैर वित्तीय सभी सुविधाएं प्रदान की जा रही है।

### सीएम ने माना प्रधानमंत्री का आभार

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इटारसी-नागपुर चौथी रेल लाइन को मंजूरी देने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार माना है। केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में दी गई इस मंजूरी से मप्र को विशेष लाभ होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि इटारसी-नागपुर चौथी रेल लाइन को मंजूरी मिलने से प्रदेश के नर्मदापुरम, बैतूल, पांढुर्णा सहित नागपुर (महाराष्ट्र) को भी इससे सीधा लाभ मिलेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि इटारसी-नागपुर चौथी रेल लाइन परियोजना को मंजूरी मिलने से प्रदेश के महाकालेश्वर-ओंकारेश्वर से श्रीशैलम (आंध्रप्रदेश) और रामेश्वरम (तमिलनाडु) तक ज्योतिर्लिंग यात्रा और सहज एवं आसान होगी।

### मुख्यमंत्री ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह सहित केंद्रीय मंत्रियों से भेंट कर योजनाओं के संबंध में चर्चा की







मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गुरुवार को नई दिल्ली प्रवास के दौरान गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह, केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, केंद्रीय ऊर्जा, आवास एवं शहरी विकास मंत्री मनोहर लाल खट्टर सहित अन्य मंत्रियों से भेंट की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री शाह से शिष्टाचार भेंट कर मार्गदर्शन प्राप्त किया। उन्होंने मप्र में कानून व्यवस्था और दुग्ध-सहकारिता गतिविधियों की जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से भेंट की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने केन्द्रीय ऊर्जा, आवास एवं शहरी कार्य मंत्री खट्टर से भेंट कर प्रदेश में ऊर्जा, नगरीय विकास क्षेत्र की विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से भेंट





कर नई शिक्षा नीति-2020 के क्रियान्वयन सहित पाठ्यक्रमों में राष्ट्रभक्तों और महापुरुषों की जीवनियों के शामिल किए जाने संबंधी प्रगति की जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव से सौजन्य भेंट कर 'एक पेड़ मां के नाम', 'एक बगिया मां के नाम के तहत संचालित गतिविधियों और जल गंगा संवर्धन अभियान के परिणामों से भी अवगत करवाया।

## खबर संक्षेप

### कल पीएम किसानों के खाते में डालेंगे सम्मान निधि की 20वीं किस्त



**भोपाल।** शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी किसानों को दी जाने वाली किसान सम्मान निधि की बीसवीं किस्त जारी करेंगे। जिसके तहत पात्र किसानों के बैंक खातों में राशि ट्रांसफर की जाएगी। कृषि मंत्री ऐदल सिंह कंषाना ने बताया कि इस दिवस को पीएम किसान दिवस के रूप में मनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रदेश में कृषि विज्ञान केन्द्र, मंडी, एफपीओ, पीएसीएस पर पीएम किसान दिवस पर कार्यक्रम आयोजित होंगे। कार्यक्रम का लाइव प्रसारण भी होगा।

### रवि कुमार गुप्ता बने स्पेशल डीजी रेल



**भोपाल।** राज्य सरकार ने एडीजी रवि कुमार गुप्ता को स्पेशल डीजी के तौर पर पदोन्नत किया है। उनको एडीजी रेल से स्पेशल डीजी रेल बनाया गया है। दरअसल जेल डीजी जीपी सिंह के रिटायर होने के बाद स्पेशल डीजी का एक पद रिक्त हुआ है जिसमें गुप्ता को पदोन्नत किया गया ह।

### संगठन सृजन: दो दिनी प्रशिक्षकों का प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न

**भोपाल।** प्रदेश कांग्रेस कार्यालय, भोपाल में संगठन सृजन अभियान 2025 के अंतर्गत दो दिवसीय प्रशिक्षकों का विशेष प्रशिक्षण शिविर संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम का उद्देश्य संगठनात्मक क्षमता को सुदृढ़ करना, कार्यकर्ताओं को सशक्त करना और जमीनी स्तर पर कांग्रेस पार्टी को और अधिक सक्रिय बनाना था। शिविर में प्रदेशभर से 100 चयनित प्रशिक्षकों ने भाग लिया, जिन्हें आगामी समय में जिलों और ब्लॉक स्तर पर प्रशिक्षित करने की जिम्मेदारी सौंपी जाएगी। कार्यक्रम में प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी , उपाध्यक्ष संगठन सुखदेव पांसे , महेंद्र जोशी (प्रभारी प्रशिक्षण),डॉ. संजय कामले (संगठन महामंत्री), निधि चतुर्वेदी (सह-प्रभारी प्रशिक्षण) ललित सेन (प्रभारी मतदाता सूची) शामिल रहे।

### भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और प्रदेश संगठन महामंत्री ने जताया शोक

**भोपाल।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल एवं प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद ने राष्ट्र सेविका समिति की चतुर्थ प्रधान संचालिका रहीं प्रमिला ताई मेढ़े के निधन पर शोक व्यक्त किया है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने कहा कि राष्ट्रचिंतन में समर्पित प्रमिला ताई का जीवन वृत्त कोटिशः स्वयंसेवकों के लिए प्रेरणापुंज है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने ईश्वर से दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान देने एवं परिजनों को इस दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की है।

### इंजेक्शन और एमडी ड्रग्स की पुड़िया लेकर विधानसभा पहुंचे कांग्रेसी विधायक

# सरकार मछलियों को पकड़ रही, ड्रग्स के मास्टरमाइंड और बड़े मगरमच्छों को आखिर कब पकड़ेगी: सिंघार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में मादक पदार्थों (एमडी ड्रग्स) की तस्करी के मामले ने सियासी तूफान खड़ा कर दिया है। विधानसभा के मानसून सत्र के चौथे दिन गुरुवार को कांग्रेस विधायकों ने ड्रग्स और बिगड़ती कानून व्यवस्था को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया। कांग्रेस विधायक प्रतीकात्मक एमडी ड्रग्स की पुड़िया और इंजेक्शन लेकर विधानसभा पहुंचे। ड्रग्स के कारोबार को लेकर कांग्रेस विधायकों ने सरकार से सवाल किया कि युवाओं को बर्बाद करने वाले ड्रग माफियाओं पर सख्त कार्रवाई कब होगी।

नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने आरोप लगाया कि भाजपा के मंत्री और कार्यकर्ता प्रदेश में एमडी ड्रग्स के कारोबार को बढ़ावा दे रहे है। सिंघार ने कहा कि नशा युवाओं को बर्बाद कर रहा हैं। भाजपा कार्यकर्ता पकड़े जा रहे, लेकिन मंत्री और बड़े नेताओं को संरक्षण मिल रहा है, सरकार सिर्फ छोटी मछलियों पर कार्रवाई कर रही है, पर खुलेआम घूम रहे ड्रग्स के मास्टरमांइड बड़े मगरमच्छ आखिर कब पकड़ेगी। सत्ता की आड़ में छुपे ड्रग्स माफिया पर कार्रवाई होनी चाहिए।




### शिक्षण संस्थानों तक फैला ड्रग्स का जाल:राठौर

कांग्रेस विधायक नितेंद्र सिंह राठौर ने कहा कि 20 साल से प्रदेश भाजपा की सरकार है। प्रदेश की सड़कों से लेकर शिक्षण संस्थानों तक ड्रग्स का जाल फैल चुका है, लेकिन सरकार आंखें मूंदकर बैठी है, क्योंकि इस धंधे से जुड़े कई चेहरे सत्ता के करीब हैं। राठौर ने कहा कि युवाओं का भविष्य बर्बाद करने की कीमत कौन चुकाएगा? भाजपा कार्यकर्ताओं की गिरफ्तारी के बाद भी सरकार की चुप्पी क्यों?

### गो माताओं के उत्थान के लिए सरकार की क्या है योजना: डॉ. अभिलाष



मध्यप्रदेश विधानसभा सत्र के दौरान जबलपुर उत्तर मध्य विधानसभा के विधायक डॉ. अभिलाष पाण्डेय ने क्षेत्र की प्रमुख समस्याओं और विकास योजनाओं को लेकर सरकार से जवाब मांगे। उन्होंने गो-माताओं के उत्थान, लीज होल्ड भूमि का फ्री होल्ड में परिवर्तन, तालाबों के जीर्णोद्धार, और चौराहों के चौड़ीकरण व सौंदर्यीकरण से संबंधित थे। गो-कल्याण व डेयरी विकास के संबंध में डॉ. पाण्डेय ने स्वावलंबी गो-शालाओं की नीति, चारा अनुदान, और डेयरी कैपिटल योजना की जानकारी मांगी। राज्य मंत्री पशुपालन लखन पटेल ने बताया कि चारा अनुदान 20 से बढ़ाकर 40 रुपए प्रति पशु प्रतिदिन किया गया है। मुख्यमंत्री गोरक्षा संकल्प सम्मेलन में शुरू की गई 406 चलित पशु चिकित्सा इकाइयों से अब तक 2.22 लाख गो-माताओं को लाभ मिला है।

### लीज होल्ड भूमि के 171 प्रकरण लंबित: विजयवर्गीय

*लीज होल्ड भूमि को फ्री होल्ड में बदलने के प्रश्न पर नगरीय विकास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने जानकारी दी कि अभी तक कोई भूमि फ्री होल्ड में परिवर्तित नहीं की गई है तथा 171 प्रकरण लंबित हैं। विभागीय प्रक्रिया जारी है। तालाबों के संरक्षण को लेकर माढ़ोताल तालाब के जीर्णोद्धार के विषय में बताया गया कि प्रस्ताव परीक्षणाधीन है और बजट उपलब्धता पर निर्णय होगा। डीपीआर की अनुमानित लागत आठ करोड़ है।*

### कानून व्यवस्था, लव जिहाद और ड्रग्स को लेकर कांग्रेस का सदन से वॉकआउट

मध्यप्रदेश विधानसभा में मानसून सत्र के चौथे दिन गुरुवार को कांग्रेस विधायकों ने प्रदेश में बेहाल कानून व्यवस्था, लब जिहाद और ड्रग्स कारोबार को लेकर सदन से वॉकआउट किया। प्रदेश में कानून व्यवस्था को लेकर ध्यानाकर्षण पर चर्चा में सरकार के जवाब से असहमत विपक्ष ने वॉकआउट कर बाहर आ गए। पूर्व मंत्री सचिन यादव ने कहा कि सरकार दागदार है। सदन में गलत जवाब देती है। अपराधों को लेकर हमारे तीन साथियों ने सरकार का ध्यानाकर्षण कराया, लेकिन गलत उत्तर दिए गए। सरकार कहती है कि एक भी दागी अधिकारी थानों में पोस्टेड नहीं है। ये गलत है। सरकार को अपनी कार्यशैली में सुधार लाना चाहिए।

### अनुपूरक बजट में पर्यटन को बढ़ाने देने का कहीं कोई उल्लेख नहीं: राठौर

विधानसभा में अनुपूरक बजट पर कांग्रेस विधायक नितेंद्र बृजेंद्र सिंह राठौर ने कहा कि वित्त मंत्री ने जो अनुपूरक बजट जो पेश किया, मैं उससे असहमत हूं। बजट सुनने में तो यह बहुत अच्छा लगा, लेकिन ईमानदारी से जमीन पर अगर इतनी चीजें आ जाएं तो यहां पर कोई असंतुष्ट हो ही न, सारा प्रदेश संतुष्ट हो जाए। मप्र देश का दिल है और यहां पर्यटन के क्षेत्र में असीम संभावनाएं हैं। हम एक ऐसा राज्य हैं, जहां कई महत्वपूर्ण धार्मिक स्थल हैं। जैसे ओरछा जहां रामराजा का मंदिर, उज्जैन महाकालेश्वर का मंदिर, ओमकारेश्वर का मंदिर, दतिया मां पितांबरा पीठ का मंदिर समेत यहां पर कई धार्मिक स्थल हैं। मप्र कई ऐतिहासिक धरोहर हैं, जैसे खजुराहो, ओरछा, चंदेरी, ग्वालियर, मांडू, सांची, महेश्वर आदि हैं। राठौर ने कहा कि प्राकृतिक खूबसूरती भी हमारे प्रदेश में किसी से कम नहीं है, पचमढ़ी और कई जगहें हैं। मैं बुंदेलखंड से आता हूं, जहां अनेक चंदेलकालीन तालाब हैं, मेरा कहना है कि इसके बावजूद भी जो पर्यटन को महत्व मिलना चाहिए, वह महत्व हमारे प्रदेश में नहीं मिलता और जो अनुपूरक मांगों की किताब है, उसमें पर्यटन का कहीं कोई उल्लेख नहीं है। इससे यह साबित होता है कि सरकार पर्यटन के प्रति कितनी गंभीर है।



### मंत्री ने अपने जवाब में कहा, मेट्रो का कार्य टेक्निकल होता है, इसे टुकड़ों में नहीं कर सकते

विधानसभा के मानसून सत्र में प्रश्नकाल के दौरान एक प्रश्न के जवाब में नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि मेट्रो परियोजना में ऑरेंज लाइन व ब्लू लाइन का कार्य एक साथ शुरू किया गया है। यह टेक्निकल कार्य है, टुकड़ों में नहीं कर सकते। पूरा प्लान, लाइनिंग, कंस्ट्रक्शन एक साथ बनता है। उन्होंने कहा कि इतना बड़ा प्रोजेक्ट आता है तो यह संभव नहीं है कि एक-एक कार्य टुकड़े- टुकड़े में कराएं। यह व्यावहारिक रूप से भी संभव नहीं है। उन्होंने मेट्रो की प्रगति, प्रोजेक्ट आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी। विधानसभा में गुरुवार को भोपाल मध्य के विधायक आरिफ मसूद ने मेट्रो रेल परियोजना में ऑरेंज लाइन और ब्लू लाइन का कार्य एक साथ शुरू करने पर होने वाली दिक्कतों का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि दोनों कार्य एक साथ करने की वजह से पूरे शहर को खोद दिया है। इससे लोगों की परेशानी बढ़ गई है। एक एक लाइन बारी-बारी से करना चाहिए था। विधायक मसूद ने कहा कि जब तक ब्लू लाइन तैयार नहीं हो जाती, तब तक ऑरेंज लाइन बनाने की जरूरत नहीं थी। ऐसे तो पूरे शहर को खोद दिया गया है। लोगों को आने जाने तक में परेशानी हो रही है। उन्होंने कहा कि मेट्रो के चार वर्ष में अभी दो स्टेशन ही पूरे किए हैं। उन्होंने कहा कि एक लाइन पूरा कर देते तो फिर दूसरी लाइन में हाथ लगाते। उन्होंने कहा विस्थापन की सूची उन्हें उपलब्ध नहीं कलाई कराई गई है कि कितना करेंगे और क्या है। इस मुद्दे पर भी कुछ नहीं बताया जा रहा है।

### अब हड़ताल और तालाबंदी करने के लिए डेढ़ महीने पहले देना होगा नोटिस

#### श्रम विधेयक हुआ पारित, विपक्ष ने इसे मजदूरों का शोषण करने वाला करार देते हुए किया वॉकआउट




**भोपाल।** प्रदेश में अब उद्योगों में हड़ताल और तालाबंदी करने के लिए उद्योग प्रबंधन को डेढ़ महीने पहले नोटिस देना होगा। विधानसभा में गुरुवार को श्रम विभाग से जुड़े तीन कानूनों को संशोधन के साथ विधेयक को मंजूरी दी गई, जिसमें श्रम विभाग के औद्योगिक विवाद अधिनियमत 1947 के अंतर्गत प्रावधानों में कई बदलाव किए गए। इधर, कांग्रेस ने विधेयक पर चर्चा के दौरान इसे मजदूरों का शोषण बढ़ाने वाला बताया और इसका विरोध किया। विपक्षी सदस्यों ने इसके विरोध में सदन से वॉकआउट कर दिया और बाहर जमकर नारेबाजी की। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि इस विधेयक से मजदूरों का हड़ताल और आंदोलन करने का अधिकार छीन जाएगा। यह ठेका प्रथा को बढ़ावा देने वाला है। कांग्रेस विधायक ओमकार सिंह मरकाम ने आरोप लगाया कि भाजपा पूंजीवादियों की सरकार है और पूंजीवादियों के लिए काम करती है। कांग्रेस विधायक बाला बच्चन ने इस संशोधन विधेयक में मजूदरों के खिलाफ इसके जो प्रावधान है वह श्रमिक हितों को कुचलेंगे। इस विधेयक पर विचार होना चाहिए।

### मंत्री बोले-मजदूरों का बुरा नहीं होंगे देंगे

*इधर, श्रम मंत्री प्रहलाद पटेल ने कहा कि यह विधेयक मजदूरों के हित में है। विधेयक में ठेकेदारों के लिए कर्मचारियों को रखने के लिए लाइसेंस प्रक्रिया में भी राहत दी गई है। साथ ही कारखानों के लिए दिए जाने वाले लाइसेंस के लिए भी नियमों में संशोधन कर राहत देने का फैसला किया है। अलग-अलग संशोधनों को मंजूरी दिलाने के बाद सरकार ने कहा है कि इससे उद्योगों को बढ़ावा मिलेगा। निवेश बढ़ने से रोजगार के अवसर बनेंगे। इस विधेयक के माध्यम से ठेकेदारों को लाइसेंस लेने के लिए 50 कर्मचारियों की लिमिट तय कर दी गई है, जबकि पहले यह 20 कर्मचारियों को लेकर थी। जिन्हें उद्योग के खिलाफ आंदोलन करना है उन्हें पहले सूचना देनी होगी। विधेयक में प्रावधान है कि अब पीएफ का पैसा मजूदरों के खाते में ही जाएगा। यह मजदूर के हित में लाया गया विधेयक है। हम मजदूरों का बुरा नहीं होंने देगे। मंत्री ने विपक्षी सदस्यों द्वारा विधेयक का विरोध करने पर कहा कि आप लोगों को किसी ने पर्ची पकड़ा दी तो गलत ही पढ़ोगे।*

## मप्र के सांसदों की बैठक नई दिल्ली के एमपी भवन में हुई




**भोपाल।** मप्र के सांसदों की बैठक गुरुवार को नई दिल्ली के एमपी भवन में हुई। बैठक में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल, केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल, प्रदेश प्रभारी डॉ. महेन्द्र सिंह, सह प्रभारी सतीश उपाध्याय, प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद सहित लोकसभा एवं राज्यसभा के सांसद शामिल हुए।


### विधानसभा में पेश की गई चार विभागों की कैग रिपोर्ट

# पंचायतों में भ्रष्टाचार की कई बानगी मिली, कैग ने जताई नाराजगी, सरकार से वसूली करने को कहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

विधानसभा में गुरुवार को कैग (सीएजी) की रिपोर्ट पेश हुई। इसमें सीएजी ने त्रिस्तरीय पंचायतों के लेखा संपरीक्षा में गंभीर अनियमितताएं पकड़ी है। जनपद पंचातों तथा ग्राम पंचायतों में एक ही तरह की फोटोकॉपी लगाकर एक-एक पेमेंट को दो-दो तीन-तीन बार करा लिया। भुगतान के कई ऐसे मामले सामने आए, जिसमें खुद कैग के अफसर चौंक गए।

कुल 17 मामलों में 16 लाख 74 हजार रुपए की गड़बड़ी पकड़ी। कैग ने विभाग से ऐसे सभी जनपद पंचायतों और ग्राम पंचायतों से दोहरा भुगतान की राशि वसूल करने को कहा है। कैग की रिपोर्ट के अनुसार एक मामले में तो 93 ग्राम पंचायत में 43 लाख 40 हजार रुपए नियमों के खिलाफ राशि निकाल लिया। इसकी तत्काल वसूली करने को कहा है। विधानसभा




में पेश हुई कैग की रिपोर्ट में कई तरह की चौंकाने वाली और जानकारी भी मिली है। वर्ष 2020-21 में दोहरे भुगतान के कुल 17 मामलों में संबंधित अधिकारियों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई करने को कहा है। इसमें जपं अमरवाड़ा में किराए के वाहन का दो-दो बार भुगतान कर लिया। एक जगह पर 6 कर्मचारियों ने छठे वेतनमान का एरियर्स राशि दो-दो बार ले लिया। इससे राज्य शासन को लाखों रुपए की क्षति हुई।

### इन पंचायतों में हुआ फर्जीवाड़ा

*जनपद पंचायत जबलपुर में राज्य स्तरीय किसान सम्मेलन में एक ही फोटोकॉपी लगाकर दो अलग-अलग भुगतान करा लिया। इसमें 2,81 हजार की क्षति हुई। इस राशि को वसूलने की कार्रवाई का निर्देश दिया है। इसी तरह बैतूल जिले की घोड़ाडोंगरी के ग्राम पंचायत बाकुड़ में एक ही देयक का दो दो बार भुगतान कर लिया। ग्राम पंचायत निपानिया जाट में भी इसीतरह के भुगतान हुए हैं। ग्राम पंचायत परसवाड़ा में 6700 रुपए का दो-दो बार भुगतान एक ही बिल पर कराया। गोटेगांव नरसिंहपुर में सफाई कर्मी का पारिश्रमिक दो-दो बार निकाल लिया। जिला बालाघाट, मंडला, जबलपुर, डिंडोरी सिवनी, उमरिया, दमोह आदि जिलों में कूट रचित बिल लगाकर एक ही भुगतान को कई कई बार करा लिया। इससे शासन को 16 लाख 74हजार रुपए की क्षति हुई। कैग ने संबंधित अधिकारियों से इस मामले में सख्त कार्रवाई करने और दो-दो बार भुगतान लिए गए राशि की वसूली करने को कहा है।*

### यहां करोड़ों के बिल का अवैध भुगतान कराया

*एक अन्य मामले में जिला एवं जनपद पंचायतों ने पंचायत निधि से विभिन्न कार्यों पर प्रतिपूर्ति की अपेक्षा में एक करोड़ 82 लाख 57 हजार रुपए खर्च कर दिया, जबकि इसकी पात्रता नहीं थी। यह नियम विरुद्ध किया गया है। पंचायतों में इसी तरह के कई चौंकाने वाले मामले कैग को मिले हैं। एक मामले में अग्रिम राशि 5 करोड़ 98 लाख निकाल लिया गया।*

7 एमडी ड्रग तस्करी में एक और आरोपी अंशुल...



8 रेजिन से मिनिएचर प्रोडक्ट बनाने वाली देश की...





# दिनभर खुला रहा मौसम, सताने लगी उमस, अब अगस्त में 300 मिमी का आंकड़ा होगा पार

## आज से बदलेगा मौसम का पैटर्न, दिन में बादल और धूप-उमस, रात में रिमझिम के आसार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी में गुरुवार को दिनभर बारिश पर ब्रेक रहा। लेकिन धूप नहीं खिली जिससे उमस बढ़ गई। सुबह और शाम को आसमान पर बादल छाए और कुछ देर रिमझिम हुई। 24 घंटे में बैरागढ़ में एक और शहर में 1.6 मिमी बारिश दर्ज हुई। गुरुवार को जुलाई महीने के अंतिम दिन तक कुल 700.1 मिमी बारिश हुई, जो सामान्य से 182.1 मिमी अधिक है। जुलाई के 31 दिन में यहां कुल 460.1 मिमी बारिश हुई। यह औसत सामान्य से करीब 92 मिमी अधिक है। अब शुक्रवार से अगस्त महीने की शुरुआत हो रही है। इस महीने मौसम का पैटर्न पहले सप्ताह बदला रहेगा। एक से 6 अगस्त तक शहर में सुबह-शाम बादल, कुछ देर धूप के साथ ही कभी हल्की रिमझिम होगी, जिससे उमस बढ़ेगी। दूसरे सप्ताह में तेज गरज-चमक के साथ बिजली और झमाझम की उम्मीद है। यह क्रम तीन से चार दिन चल सकता है। यानी 8 से 12 अगस्त के बीच बारिश फिर जोर पकड़ सकती है।

### सबसे अधिक बारिश वर्ष 2006 में 903.9 मिमी रही है



स्थान: आईएसबीटी
समय: शाम 6.11 बजे

मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार अगस्त महीना मानसून सीजन का मध्य समय होता है। इस साल इस महीने में औसत सामान्य से अधिक बारिश की उम्मीद है। अगस्त में औसतन 326 मिमी तक बारिश होती है। इस साल भी 300 मिमी का आंकड़ा पार हो सकता है। हालांकि, पिछले साल पूरे महीने में 498.1 मिमी बारिश हुई थी। सबसे अधिक बारिश वर्ष 2006 में 903.9 मिमी रही है।




स्थान: भदभदा रोड
समय: दोपहर 3.36 बजे

### तापमान 33 डिग्री तक जाने का अनुमान

विशेषज्ञ शुक्ला के अनुसार अगस्त में औसत अधिकतम पारा 28.9 डिग्री है। हालांकि, पिछले 11 साल में सिर्फ तीन बार दिन का पारा 33 डिग्री से अधिक रहा है। इनमें वर्ष 2015 से अब तक वर्ष 2016 में 33.5, वर्ष 2020 में 35.2, वर्ष 2022 में 33.7 और पिछले साल वर्ष 2024 में 33.3 डिग्री तक रहा है। इस साल भी महीने में सर्वाधिक पारा 33 तक रहने की उम्मीद है। रात का औसत पारा 23 डिग्री है, इस लिए कई बार महीने में दिन और रात के तापमान में कम ही अंतर रह जाता है।

## खबर संक्षेप

### वन विहार का आज से बदलेगा समय




**भोपाल।** भोपाल का वन विहार नेशनल पार्क 1 अगस्त से नए समय पर खुलेगा। अब यह पार्क सुबह 6:30 बजे खुलेगा और शाम 6:30 बजे बंद होगा। फिलहाल पार्क का समय सुबह 6 बजे से शाम 7 बजे तक था। यानी अब पर्यटकों को पार्क में घूमने के लिए 1 घंटा कम मिलेगा।टिकट काउंटर भी नए समय के अनुसार सुबह 6:30 बजे से शाम 6 बजे तक ही खुलेगा। वन विहार के डायरेक्टर विजय कुमार ने बताया कि पार्क का समय साल में चार बार मौसम के अनुसार बदला जाता है। यह बदलाव गर्मी, सर्दी और बरसात के मौसम को ध्यान में रखकर किया जाता है ताकि जानवरों और पर्यटकों दोनों की सुविधा बनी रहे। यह नया समय 31 अक्टूबर तक लागू रहेगा। इसके बाद 1 नवंबर से फिर समय बदला जाएगा। जिसके अनुसार 1 अगस्त से 31 अक्टूबर तक - सुबह 6:30 बजे से शाम 6:30 बजे तक, फिर 1 नवंबर से 15 फरवरी तक - सुबह 6:30 बजे शाम 6:00 बजे पर्यटकों के लिए खुला रहेगा।

### पुलिसकर्मी, अधिकारियों को हेलमेट सहित सीट बेल्ट लगाना अनिवार्य

**भोपाल।** सड़क सुरक्षा को देखते हुए पुलिस कमिश्नर हरिनारायण चारी मिश्र ने पुलिसकर्मियों और अधिकारियों के लिए जिला भोपाल की समस्त इकाइयों में आदेश जारी किए हैं। जारी आदेश के अनुसार पुलिसकर्मी और अधिकारी को बाइक चलाते समय हेलमेट और कार चलाते समय सीट बेल्ट लगाना अनिवार्य है। यदि पुलिसकर्मी और अधिकारी बाइक चलाते समय हेलमेट और कार चलाते समय सीट बेल्ट का इस्तेमाल नहीं करते हैं तो उनके खिलाफ लगाते हैं तो उनके खिलाफ कठोर विभागीय दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

## अतिक्रमण हटाने आई टीम का छूटा पसीना, दोबारा खड़ी की दीवार

# आसाराम के साधकों का कब्जा हटाया तो जेसीबी के आगे लेटे छात्र, किया हंगामा

*एक तो चोरी ऊपर से सीनाजोरी। ऐसा ही एक मामला गोंदरमऊ स्थित आसाराम आश्रम में देखने को मिला। यहां साधकों द्वारा निजी जमीन पर कब्जा कर बाउंड्रीवॉल बना ली गई थी, जिसके बाद जमीन मालिक ने बैरागढ़ तहसीलदार के यहां बेदखली का केस लगाया। फिर जैसे ही कार्रवाई की गई तो अतिक्रमणकारियों ने हंगामा कर दिया।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

गोंदरमऊ स्थित आसाराम आश्रम के साधकों ने निजी जमीन पर कब्जा कर बाउंड्रीवॉल बना ली, जिसके बाद जमीन मालिक ने बैरागढ़ तहसीलदार के यहां बेदखली का केस लगाया। पिछले दिनों बेदखली का आदेश होने के बाद गुरुवार को नायब तहसीलदार योगेश श्रीवास्तव टीम के साथ पहुंचे और नगर निगम के अमले से बाउंड्री वॉल को तुड़वाया गया।

कार्रवाई के दौरान आसाराम के साधक गुरुकुल में पढ़ने वाले बच्चों को ले आए, जिसके बाद टीम को पूरी कार्रवाई किए बिना वापस लौटना पड़ा। साधकों ने तोड़ी गई बाउंड्री वॉल को दोबारा से खड़ा कर लिया है। अफसरों का कहना है कि अतिक्रमण हटाने के लिए दोबारा से टीम का गठन किया जाएगा। यहां पर करीब ढाई एकड़ निजी जमीन अमित कुकरेजा के नाम है, जिस पर पिछले सोलह साल से आसाराम के साधकों ने कब्जा कर रखा है। जमीन मालिक का कहना है कि शासन के बेदखली आदेश के बाद भी हमें अब तक कब्जा नहीं मिल सका है।

*आधी बाउंड्री वॉल तोड़ वापस लौटा राजस्व का अमला*

*तहसीलदार के आदेश के बाद नायब तहसीलदार की टीम ने की कार्रवाई*



### सरकारी रास्ते पर भी किया कब्जा

इधर, इसी से जुड़े दूसरे मामले में भोपाल चेंबर आफ कॉमर्स के कार्यकारिणी सदस्य शैलेष प्रधान ने पिछले दिनों कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह को शिकायत दर्ज कराई थी। कलेक्टर ने तत्कालीन तहसीलदार अशोक सिंह को अवैध कब्जा हटाने के निर्देश दिए थे। इस मामले में कलेक्टर और तहसीलदार आसाराम आश्रम के साधकों का कब्जा हटाने का आदेश कर चुके हैं। लेकिन कार्रवाई नहीं की जा रही है।




# हमीदिया अस्पताल: बच्चे को जहरीले कोबरा ने डसा डॉक्टर बोले, झाड़-फूंक करते तो नहीं बचती जान

## परिजनों ने दिखाई समझदारी, तुरंत ले आए अस्पताल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मानसून के दौरान जमीन पर सोना जानलेवा हो सकता है। रायसेन निवासी पांच वर्षीय मासूम इसी लापरवाही का शिकार हो गया। बच्चा रात में घर की जमीन पर सो रहा था, तभी एक छह फीट लंबा कोबरा उसे डस गया। रोने की आवाज सुनकर परिजन जगे तो उन्होंने सांप को बच्चे के पास देखा। वे तुरंत बच्चे को लेकर पहले रायसेन जिला अस्पताल पहुंचे। वहां बच्चे की गंभीर हालत को देखते हुए उसे हमीदिया अस्पताल रेफर कर दिया गया।

यह घटना 21 जुलाई की रात करीब तीन बजे की है। सुबह पांच बजे बच्चा हमीदिया अस्पताल की इमरजेंसी पहुंचा। तब तक जहर पूरे शरीर में फैल चुका था। आंखें बंद थी और सांसें भी अटक रही थीं। तत्काल पीडियाट्रिक विभाग की टीम को बुलाया गया और करीब सात घंटे की मशक्कत के बाद बच्चे की हालत में सुधार आया। डॉक्टरों ने भी राहत की सांस ली। इस केस में पीडियाट्रिक विभाग की डॉ. मंजूषा गोयल (एचओडी), डॉ. शर्मिला रामटेके, डॉ. राजेश पाटिल, डॉ. अंकित दशोरे, डॉ. विष्णु प्रसाद और डॉ. पूनम सहित मेडिकल स्टाफ की अहम भूमिका रही।



### 5 दिनों तक बच्चे को वेंटिलेटर पर रखा: डॉ. मंजूषा

*पीडियाट्रिक विभाग के एचओडी डॉ. मंजूषा गोयल ने बताया कि बच्चे की स्थिति में सुधार आया है। उन्होंने परिजनों की सराहना करते हुए कहा कि आपने सही फैसला लिया कि झाड़-फूंक के चक्कर में न पड़कर बच्चे को सीधे अस्पताल लाए, नहीं तो इस मासूम को बचाना नामुमकिन हो जाता। बच्चे को पांच दिन तक वेंटिलेटर पर रखा गया। इस दौरान उसे इंजेक्शन एट्रोपिन, नियोस्टिगमीन, एंटीबायोटिक्स, फ्लूइड्स और एंटी-एपिलेप्टिक्स सहित सपोर्टिव केयर दी गई। उसे लिक्विड डाइट दी गई और गुरुवार को उसने सामान्य खाना भी शुरू कर दिया।*

### 10 वॉयल एंटी स्नेक वेनम दिया गया था

रायसेन जिला अस्पताल में बच्चे को तत्काल 10 वॉयल एंटी स्नेक वेनम दिया गया था, जिससे जहर का असर धीमा पड़ा। हमीदिया पहुंचने के बाद इलाज के दौरान 30 वॉयल और दिए गए। इसके बाद बच्चे की सांसें नियंत्रित हुई और हालत में सुधार हुआ।

### सर्पदंश पर क्या करें, दी जानकारी

सर्पदंश की स्थिति में उस अंग को स्थिर रखें। तार या रस्सी नहीं बांधें और झाड़-फूंक में समय न गंवाएं। जितनी जल्दी इलाज मिलेगा, उतना बेहतर परिणाम आएगा।

**डॉ. कविता एन. सिंह, डीन, जीएमसी**

# रघुवर-शिवशक्ति पेट्रोल पंप के स्टॉक में मिली गड़बड़ी

## आज से बिना हेलमेट नहीं मिलेगा पेट्रोल, टीम ने जांची उपभोक्ताओं की भी सुविधाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

आज से बिना हेलमेट पेट्रोल और सीएनजी नहीं देने के आदेश पर अमल होगा। इसके पहले ही खाद्य विभाग की टीम चूना भट्टी और बावड़िया कलां स्थित पेट्रोल पंपों की जांच करने पहुंची। टीम को चूना भट्टी स्थित रघुवर फिलिंग स्टेशन पर पेट्रोल के स्टॉक करीब दो हजार लीटर कम मिला। जबकि बावड़िया कलां स्थित शिवशक्ति पेट्रोल पंप पर जांच की, जहां छह सौ लीटर से



अधिक पेट्रोल का स्टॉक मिला, जिसे जब्त किया गया है। यहां लगाया गया वॉटर कूलर भी मिट्टी में भरा हुआ था। संचालक पर केस दर्ज हुआ है। इसके साथ पंप संचालकों को आज से बिना हेलमेट के पेट्रोल नहीं देने की हिदायत भी दी। जिला आपूर्ति नियंत्रक चंद्रभान सिंह जादौन ने बताया कि गुरुवार को टीम ने पेट्रोल पंपों पर पेट्रोल और डीजल के स्टॉक की जांच की गई। इसके साथ उपभोक्ताओं को दी जाने वाली सुविधाओं में हवा, पानी और टॉयलेट के इंतजाम भी देखे गए। बावड़िया कलां स्थित अरिहंत फिलिंग स्टेशन पर पंप सैंक्शन नक्शे के अनुसार डिस्पेंसिंग यूनिट नहीं मिली, जिसे ठीक कराया जाएगा।

## *मासूम को स्ट्रीट डॉग ने नोंचा, पीठ पर दर्जनों घाव*

भोपाल। कटारा हिल्स स्थित सिग्नेचर सिटी में बुधवार सुबह स्ट्रीट डॉग ने दो साल के मासूम रिषभ पर हमला कर दिया। हमले में बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया। गुरुवार को बच्चे का वीडियो वायरल हुआ, जिसमें



बच्चे की पीठ पर कई जगहों पर काटे जाने के गहरे निशान नजर आ रहे हैं। घायल बच्चे को पिता विशाल मालवीय ने गंभीर हालत में एम्स अस्पताल में भर्ती किया है। जहां रिषभ की हालत स्थिर बताई जा रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इलाके में स्ट्रीट डॉग की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। कई बार नगर निगम से शिकायत की गई, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। इस घटना ने नगर निगम की लापरवाही की पोल खोल दी है। रहवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि इस पर सख्त कदम उठाए जाएं, जिससे भविष्य में ऐसी घटनाएं न हों।

## *कलियासोत नदी में बहा छठवीं कक्षा का छात्र*

**भोपाल।** कोलार स्थित ई-टू-12, सलैया कॉलोनी बीडीए में रहने वाला 11 साल का छठवीं कक्षा का छात्र हर्षित मसानी पिता राजू मसानी (11) तीन दोस्तों के साथ बुधवार दोपहर कलियासोत नदी में नहाने के दौरान



बह गया। बाद में उसका शव सलैया बीडीए कॉलोनी के पीछे नदी किनारे जलकुंभी में मिला। उसके पिता मजदूरी करते हैं। बच्चे की गुमशुदगी परिजन ने कोलार थाने में दर्ज कराई थी। उसके दोस्तों ने घर आकर हर्षित के परिजन को घटना की जानकारी दी। परिजन मौके पर पहुंचे और अपने स्तर पर तलाश की, लेकिन हर्षित का कुछ पता नहीं चल सका। इसके बाद कोलार पुलिस को सूचना दी थी। कोलार पुलिस ने बच्चे की सर्चिंग कराई, लेकिन पानी अधिक होने के कारण कुछ पता नहीं चल सका। पुलिस और परिजन हर्षित की तलाश कर रहे थे। इस दौरान गुरुवार दोपहर हर्षित का शव सलैया बीडीए कॉलोनी के पीछे नदी किनारे जलकुंभी में मिला। परिजन ने बताया कि हर्षित सेंट जेवियर स्कूल, पल्लवी नगर में कक्षा छठवीं में पढ़ता था।

## सांख्यिकी विभाग के पोर्टल में एरर

# पांच दिन से बंद पड़ा जन्म-मृत्यु का पोर्टल, दो सौ आवेदन अटके

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी में जन्म और मृत्यु प्रमाण पत्र का काम पिछले पांच दिनों से बंद पड़ा है। दरअसल केंद्र सरकार के सांख्यिकी विभाग के पोर्टल में एरर आने से आवेदनों का निराकरण नहीं हो रहा है। जिसकी वजह से रोजाना पचास से अधिक आवेदकों को आईएसबीटी स्थित जन्म- मृत्यु के दफ्तर से खाली हाथ वापस लौटना पड़ रहा है।

रजिस्ट्रार जन्म-मृत्यु नगर निगम सत्यप्रकाश बड़गैया ने बताया कि दफ्तर से रोजाना पचास से अधिक प्रमाण पत्र जारी किए जाते हैं। शनिवार से सांख्यिकी विभाग के




पोर्टल में आवेदनों का निराकरण नहीं हो रहा है। जिसकी वजह से आम लोगों को दिक्कत हो रही है। इस संबंध में पोर्टल से जुड़ी टेक्निकल टीम को भी जानकारी दे दी गई है।

आवेदकों की सहुलियत को देखते हुए जन्म-मृत्यु के प्रमाण पत्रों की अन्य प्रक्रियाओं को पूरा कर लिया गया है। पोर्टल शुरु होते ही प्रमाण पत्र जारी कर दिए जाएंगे।

## कृषि स्थाई समिति की बैठक में माफिया को बेदखल करने की सदस्यों ने रखी मांग

# हथाईखेड़ा डैम पर 'मछली परिवार' का कब्जा किया जाए बेदखल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

ड्रग्स मामले के बाद सुर्खियों में आया मछली परिवार का हथाईखेड़ा डैम पर भी कब्जा किया हुआ है, जबकि मछली पकड़ने की जिम्मेदारी समूह को दी गई है। ऐसे माफिया को डैम से बेदखल किया जाना चाहिए, कुछ दिन पहले भी मछली पकड़ने वाले लोगों से मारपीट की गई थी। यह आरोप जिला पंचायत सदस्य रश्मि अवनीश भार्गव ने गुरुवार को कृषि स्थायी समिति की बैठक में लगाए।

डिप्टी डायरेक्टर कृषि सुमन प्रसाद ने बैठक में मत्स्य उद्योग से संबंधित एजेंडा रखा, जिसमें जिला पंचायत उपाध्यक्ष और सदस्यों ने आरोप लगाए कि हथाईखेड़ा डैम पर मछली पालन जिस समूह को दिया गया है, उसकी जगह पर माफिया शारिक अहमद उर्फ मछली ने अवैध तरीके से कब्जा कर रखा है।

उन्होंने डैम में मछली पकड़ने के दिए गए ठेके को निरस्त किया जाए। सदस्यों ने कहा कि कलियासोत डैम के ठेके में भी गड़बड़ी हुई है जिसकी भी जांच होनी चाहिए। जवाब देते हुए सहायक संचालक मत्स्य डॉ. शिशिर अग्निहोत्री ने जांच करने का भरोसा दिलाया।



### चुनाव में निभाई थी अहम भूमिका

*तीन साल पहले 29 जुलाई 2022 को हुए जिला पंचायत अध्यक्ष के चुनाव में शारिक अहमद उर्फ मछली ने अहम भूमिका निभाई थी। भाजपा पार्टी समर्थित अध्यक्ष बनवाने के लिए जिला पंचायत के दो सदस्यों को करीब 10 दिन तक अपने फार्म हाउस में रखा था। इन दोनों को वोटिंग के दिन मतदान स्थल कोहेफिजा स्थित जिला पंचायत भोपाल के कार्यालय में लेकर पहुंचे थे। भोपाल के एक बड़े भाजपा नेता को अपने समर्थक को जिला पंचायत अध्यक्ष बनाना था, ऐसे में उन्होंने शारिक मछली की मदद ली।*

### शारिक के चाचा शहरयार ने दिया इस्तीफा

भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा भोपाल के जिलाध्यक्ष शहरयार अहमद ने जिलाध्यक्ष रविंद्र यती को इस्तीफा सौंप दिया है। जिसमें बताया कि पुलिस द्वारा उसके बड़े भाई के परिवार के सदस्यों पर प्रकरण दर्ज किया गया है। ऐसे में पार्टी की छवि धूमिल हो रही है, मैंने व्यक्तिगत रूप से कोई अवैधानिक अथवा असामाजिक कार्य नहीं किया गया है। पार्टी की छवि धूमिल हो यह मेरे लिए असहनीय है, ऐसे में सभी दायित्वों से इस्तीफा देता हूं।

### सील कोठी को तोड़ने की तैयारी

बुधवार को जिला प्रशासन की टीम ने मछली परिवार के सरकारी जमीनों पर बने मैरिज गार्डन, फार्म हाउस, कारखाना, वेयरहाउस, बकरा और मुर्गी फार्म और मदरसे को जमींदोज कर दिया गया था। कोठी का कुछ हिस्सा तोड़ने के दौरान महिलाओं ने हंगामा कर दिया, जिसके बाद रात अधिक होने से टीम कोठी को सील कर वापस लौट आई। एसडीएम हुजूर विनोद सोनकिया का कहना है कि सरकारी जमीन पर बनी कोठी को तोड़ने के लिए दोबारा से टीम जाएगी।

## जैकेट का शेष...

### देश पर 'भगवा आतंकवाद'...

आरोपी को तो 2011 में जमानत मिल गई थी, लेकिन छह आरोपी आठ साल तक जेल में बंद रहे और उन्हें 2017 में जमानत मिली। गौर हो कि इन धमाकों के बाद कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह ने एक नया मुहावरा गढ़ा था- हिंदू या भगवा आतंकवाद का। एक लंबा वक्त तक कांग्रेस वोट बैंक व तुष्टिकरण के लिए इस मुहावरे का इस्तेमाल करता रहा। पर, इस फैसले के बाद यह साफ हो गया है कि हिंदू या भगवा आतंकवाद कुछ नहीं है। आतंकवाद का कोई रंग या कोई धर्म नहीं होता है। साफ है कि इस फैसले के बाद देश पर भगवा आतंकवाद थोपने की साजिश पूरी तरह से फेल हो गई। एक तरफ जहां तरफ भाजपा नेताओं ने इस फैसले का स्वागत किया। साथ ही 'भगवा आतंकवाद' के मुद्दे पर विपक्ष को आड़े हाथ लेना शुरू कर दिया है। वहीं दूसरी ओर कांग्रेस फिर से इस फैसले को चुनौती देने की बात पर जोर दे रही है। कर्नल पुरोहित ने कहा कि उन्हें इस मामले में फंसाया गया है। वे पहले की तरह और उसी जोश के साथ देश की सेवा करते रहेंगे। कोई भी जांच एजेंसी गलत नहीं होती, इन एजेंसियों में काम करने वाले लोग ही गलत होते हैं। यह देश महान है. हमें ध्यान रखना चाहिए कि गलत लोग न उठें और हम जैसे लोगों को तकलीफ न पहुंचाएं।

### कहा-किसी भी धर्म को...

न आतंकवादी हिंदू हो सकता है ना मुसलमान। कुछ ही लोग होते हैं जोकि धर्म को नफरत की तरह हथियार बनाते हैं। उन्होंने सफाई देते हुए ये भी कहा कि मैंने भगवा आतंकवाद नहीं 'संघी आतंकवाद' कहा था। बता दें कि साल 2018 में सामाजिक कार्यकर्ता गौरी लंकेश की हत्या के बाद दिग्विजय सिंह ने कहा था कि जितने भी लोग इस मामले में पकड़े गए हैं, वो हिंदू धर्म वाले आतंकवादी पकड़े हैं। दरअसल, 2018 में भाजपा ने आरोप लगाया है कि मालेगांव ब्लास्ट के बाद गलत तरीके से साध्वी प्रज्ञा और कर्नल पुरोहित जैसे लोगों को फंसाया गया और हिंदू आतंकवाद और भगवा आतंकवाद जैसे शब्द गढ़े गए।

### हिंदू समुदाय को आतंकवाद...

कहा कि अदालत के फैसले से, उन सभी प्रयासों और आरोपों को निराधार घोषित कर दिया गया है। मुझे लगता है कि यह बहुत स्वागत योग्य है।

### एक्सपसर्ट कमेटी...

प्रदेश शासन की ओर से पक्ष रखने खड़े हुए अतिरिक्त महाधिवक्ता हरप्रीत सिंह रूपराह ने समय दिए जाने की मांग करते हुए भरोसा दिलाया कि आगामी सुनवाई के दौरान एक्सपर्ट कमेटी के इन सभी सदस्यों को तैयार करके लाएंगे।कोर्ट ने आश्चर्य जताते हुए सवाल दागा कि एक्सपर्ट आप हो या ये लोग। एक्सपर्ट को भला आप कैसे तैयार करेंगे।

खंडपीठ ने सुनवाई के दौरान यूनियन कार्बाइड का जहरीला कचरा नष्ट करने के दौरान हेवी मेटल व मर्करी को लेकर सवाल किया था। यह भी पूछा था कि जब मामला इतना जटिल था, तो यूनियन कार्बाइड का जहरीला कचरा नष्ट करने के लिए ऐसी साइट क्यों चुनी गई, जिसके आसपास काफी संख्या में नागरिक निवास करते हैं। इस बात की परवाह क्यों नहीं की गई कि यूनियन कार्बाइड का जहरीला कचरा नष्ट करने की प्रक्रिया में लोगों के स्वास्थ्य व पर्यावरण को क्षति हो सकती है।

### तालाब में डूबा...

सीखने की ट्रेनिंग ले रहा था। पचमढ़ी थाना प्रभारी अनूप सिंह उईके ने बताया कि बुधवार को दोपहर का खाना खाने के बाद शिवांग सेंटर परिसर के तालाब के पास गया था। वह कभी-कभार मछली पकड़ने भी जाता था। उसी दौरान वह अचानक तालाब में गिर गया और डूबने लगा। उसने बचाव के लिए आवाज लगाई। शिवांग की आवाज सुनकर उसके साथी तेजसिंह समेत अन्य जवान दौड़कर मौके पर पहुंचे और उसे तालाब से बाहर निकालकर तुरंत आर्मी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने इस मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। पानी में डूबने से मौत की पुष्टि हुई है। चूंकि मामला विदेशी सेना के जवान से जुड़ा था, इसलिए प्रक्रिया के तहत शव को भोपाल के गांधी मेडिकल कॉलेज भेजा गया। मामला अंतरराष्ट्रीय होने के कारण सेना और जिला प्रशासन दोनों सतर्क हैं। सभी औपचारिकताएं पूरी की जा रही हैं और संबंधित रिपोर्ट रॉयल भूटान आर्मी व विदेश मंत्रालय को भेजी जाएगी।

### इटारसी-नागपुर...

सीधा लाभ मिलेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में गुरुवार को कैबिनेट की बैठक में कैबिनेट ने कई महत्वपूर्ण फैसलों पर मुहर लगाई है। मोदी कैबिनेट ने इटारसी–नागपुर चौथी रेल लाइन समेत रेलवे के चार बड़े प्रोजेक्ट्स को मंजूरी दी है। बैठक में लिए गए फैसलों की जानकारी देते हुए रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मोदी कैबिनेट ने इटारसी से नागपुर के बीच चौथी रेल लाइन को हरी झंडी दे दी है। यह रेल प्रोजेक्ट दिल्ली-चेन्नई और मुंबई-हावड़ा जैसे उच्च-घनत्व गलियारों को भी मजबूती प्रदान करेगी। यह चारों दिशाओं का मिलन बिंदु है। यह रेल मार्ग धार्मिक दृष्टि से भी अहम होगा। महाकालेश्वर और ओंकारेश्वर जैसे प्रसिद्ध मध्यप्रदेश स्थित ज्योतिर्लिंगों को यह परियोजना आंध्र प्रदेश के श्रीशैलम और तमिलनाडु के रामेश्वरम ज्योतिर्लिंग से जोड़ेगी। यह धार्मिक पर्यटन को नई दिशा देगा। परियोजना से दिल्ली-चेन्नई और मुंबई-हावड़ा जैसे व्यस्त रूटों पर दबाव कम होगा।

### भोपाल में जानवरों...

कराए जाएंगे। गौरतलब है भोपाल का राज्य पुश चिकित्सालय मध्य प्रदेश का सबसे बड़ा पशु अस्पताल है। यहां हर दिन 200 से 400 के बीच ओपीडी रहती है। सर्जरी के साथ-साथ प्रसव की भी सुविधा मौजूद है। इसमें कई बार ब्लड की भी जरुरत पड़ती है। ब्लड चढ़ाने की सुविधा अस्पताल में मौजूद है लेकिन ब्लड बैंक नहीं होने की वजह से ब्लड नहीं चढ़ाया जाता है। ब्लड बैंक शुरु होने के बाद धीरे-धीरे अलग-अलग ग्रुप का रक्त एकत्र हो जाएगा, जो इमरजेंसी में काम आएगा। पहले छोटे जानवरों के ब्लड को इकठ्ठा किया जाएगा। बाद में बड़े जानवरों के लिए भी ब्लड बैंक की उपलब्धता की जाएगी। पशु चिकित्सा संचालनालय के अधिकारियों के मुताबिक ब्लड बैंक की शुरुआत होने के बाद स्वैच्छिक तौर पर पशु पालकों को रक्तदान के लिए प्रेरित किया जाएगा।

## पेज एक का शेष...

### अब नर्मदा का...

ओवरफ्लो हो गई है। इंदिरा सागर व ओंकारेश्वर बांध से लगातार पानी छोड़े जाने के कारण खरगोन जिले में नर्मदा नदी उफान पर है। महेश्वर, मंडलेश्वर व बड़वाह में नर्मदा नदी उफान पर है। बड़वाह में खतरे के निशान के करीब जबकि महेश्वर में खतरे के निशान से 4 मीटर नीचे पानी बह रहा है। महेश्वर में सभी घाट डूब गए हैं। प्रदेश के कई जिलों में गुरुवार को हल्की बारिश का दौर जारी रहा। भोपाल, बैतूल, दतिया, गुना, ग्वालियर, नर्मदापुरम, पचमढ़ी, दमोह, जबलपुर, मंडला, रीवा, बालाघाट, शाजापुर, सीहोर, देवास समेत कई जिलों में बूंदाबांदी होती रही।

### भारत चीन के साथ ...

लेकिन हमने पिछले कई वर्षों में उसके साथ अपेक्षाकृत कम व्यापार किया है, क्योंकि वह बहुत ज्यादा शुल्क लगाता है। भारत दुनिया में सबसे ज्यादा शुल्क लगाने वाले देशों में एक है। साथ ही भारत किसी भी देश की तुलना में सबसे कठिन और आपत्तिजनक गैर-मौद्रिक व्यापार बाधाएं भी खड़ी करता है। भारत हमेशा से अपनी सैन्य उपकरणों की सबसे ज्यादा खरीद रूस से करता है। उन्होंने आगे कहा कि वह (भारत) चीन के साथ रूस के ईंधन का सबसे बड़ा खरीदार भी है। ऐसे समय में जब हर कोई चाहता है कि रूस यूक्रेन में हत्याएं रोके-ये सभी चीजें अच्छी नहीं हैं। इसलिए भारत को एक अगस्त से 25 प्रतिशत टैरिफ देना होगा। इसके अलावा आर्थिक जुर्माना भी देना होगा।

### प्रधानमंत्री जवाब क्यों...

गांधी ने कहा कि ट्रंप सही हैं। प्रधानमंत्री और वित्त मंत्री को छोड़कर हर कोई यह जानता है। हर कोई जानता है कि भारतीय अर्थव्यवस्था एक मृत अर्थव्यवस्था है।

### अब यूपीआई पेमेंट...

यूपीआई भुगतान के लिए 4 से 6 अंकों का पिन डालना होता है। यह एक सुरक्षा परत के रूप में कार्य करता है, लेकिन कई बार यह प्रक्रिया को धीमा कर देता है। विशेष रूप से वरिष्ठ नागरिकों और ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों के लिए यह एक बाधा बन सकती है, जिन्हें डिजिटल प्लेटफॉर्म का उपयोग करना कठिन लगता है।

### बायोमीट्रिक ...

बार प्रतिदिन ही निकाल सकेगा। पेंडिंग ट्रांजैक्शन की स्थिति एक दिन में केवल 3 बार और वह भी हर बार 90 सेकंड के अंतराल के साथ ही चेक की जा सकेगी।

### सड़क नहीं...

ग्रामीणों ने कुएं में काटा डालकर घुमाया, जिसमें आशिकी का पैर फंस गया और शव पानी के ऊपर आ गया। ग्रामीणों ने पुलिस और एंबुलेंस को कॉल किया। पुलिस कीचड़ में जैसे-तैसे पहुंची और पंचनामा बनाया। शव को पोस्टमार्टम के लिए ले जाना जरूरी था। एंबुलेंस के आने से मना करने पर ग्रामीणों ने शव को चारपाई पर रखा और कंधे पर रखकर निकल पड़े।

कोठी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी बीएमओ डॉक्टर अशोक द्विवेदी ने इस मामले में बताया कि थाने से एंबुलेंस के लिए फोन आया था। मैंने पुलिस को 108 वाहन बुलाने के लिए कहा था। जिला अस्पताल छोड़ कहीं भी शव वाहन की सुविधा नहीं है। ये घटना नगरीय प्रशासन राज्य मंत्री प्रतिमा बागरी की विधानसभा रैगांव के अंतर्गत आने वाले गांव की है। ग्रामीणों ने बताया कि गांव न सड़क से जुड़ा है, न बिजली पहुंची है। एक ही कुएं से गांव का पूरा जीवन चलता है - पीने का पानी, नहाने का पानी, सब कुछ। बरसात में यह गांव टापू बन जाता है।

### देश के हाईवे और...

राजस्थान में 424 चार्जिंग स्टेशन हैं। हालांकि, गडकरी ने यह भी स्पष्ट किया कि चार्जिंग पॉइंट ऑपरेटरों (सीपीओ) को अलग से किसी विशेष प्रोत्साहन की योजना फिलहाल नहीं है। टियर-2 शहरों में 1 अप्रैल 2025 तक 4,625 ईवी चार्जिंग स्टेशन चालू हो चुके होंगे। इससे साफ है कि सरकार सिर्फ बड़े शहरों तक सीमित न रहते हुए छोटे और मध्यम स्तर के शहरों में भी ईवी ढांचे का विस्तार कर रही है। सरकार की महत्वाकांक्षी योजना पीएम ई-ड्राइव, जिसे अक्तूबर 2024 में शुरू किया गया था, के तहत 2,000 करोड़ के बजट से पूरे देश में लगभग 72,000 ईवी चार्जिंग स्टेशन लगाने का लक्ष्य रखा गया है। इन स्टेशनों को राष्ट्रीय राजमार्ग गलियारों, मेट्रो शहरों, टोल प्लाजा, रेलवे स्टेशन, एयरपोर्ट और पेट्रोल पंपों जैसे हाई-ट्रैफिक स्थानों पर लगाया जाएगा।

### राजगढ़ में आगरा...

जिनकी निजी गायें हैं, उन्हें चिन्हित कर अपने घरों में बांधने के निर्देश देना चाहिए। इसके अलावा शहर में एक बड़ी गोशाला की स्थापना कर आवारा मवेशियों को वहां सुरक्षित रखा जाए। एसडीएम रोहित बम्होंरे, एसडीओपी अरविंद सिंह, नपाध्यक्ष विकास करोड़िया और तहसीलदार आनंद जायसवाल मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने गोसेवकों को आश्वासन दिया कि सड़कों पर बैठने वाली गायों को हटाने के लिए अलग से कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई जाएगी। नगरपालिका पचोर की ओर से गोशाला के लिए जमीन आवंटित की जाएगी। इसके बाद धरना खत्म हुआ और गोसेवक प्रशासनिक अमले के साथ स्थाई गोशाला के लिए जमीन देखने के लिए रवाना हुए।

### मिशनरी स्कूल में ...

पुलिस ने बड़ी मुश्किल से स्थिति को संभाला। कार्यकर्ता गुरुवार सुबह 11 बजे लिटिल फ्लावर स्कूल पहुंचे थे। प्रदर्शन की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। उन्होंने स्टाफ और कार्यकर्ताओं को अलग किया। इस दौरान एबीवीपी की पुलिस से भी झड़प हुई।

### कर्नाटक कोलार की...

की ज़रूरत पड़ी, तो उपलब्ध कोई भी ओ पॉजिटिव यूनिट उनके शरीर से मेल नहीं खा रही थी।

यह देखकर अस्पताल ने मामला रोटरी बैंगलोर टीटीके ब्लड सेंटर की एडवांस्ड इम्यूनोहेमेटोलॉजी रेफरेंस लैब भेजा। लैब ने जब एडवांस्ड सेरोलॉजिकल तकनीकों से जांच की, तो पता चला कि महिला का रक्त पैनरिएक्टिव है, यानी यह किसी भी सामान्य रक्त सैंपल से मेल नहीं खा रहा था। इससे संदेह हुआ कि यह कोई दुर्लभ या अब तक अज्ञात रक्त समूह हो सकता है। इसके बाद महिला के 20 परिजनों के रक्त सैंपल की भी जांच की गई, लेकिन कोई मेल नहीं मिला। डॉक्टर्स और परिवार के सहयोग से बिना रक्त चढ़ाए ही महिला की सफल हार्ट सर्जरी की गई।

आगे जांच के लिए महिला और उनके परिवार के रक्त सैंपल ब्रिटेन की इंटरनेशनल ब्लड ग्रुप रेफरेंस लेबोरेटरी , ब्रिस्टल भेजे गए। वहां दस महीनों के व्यापक शोध और आणविक परीक्षण के बाद एक नए रक्त एंटीजन की खोज हुई, जिसे "सीआरआईबी" नाम दिया गया।


**पश्चिम मध्य रेल**

**इंजीनियरिंग विभाग– खुली निविदा**

निम्नलिखित कार्य के लिए ई–निविदा भारत संघ के राष्ट्रपति के पक्ष में वरिष्ठ मंडल अभियंता (समन्वय) मंडल रेल प्रबंधक (कार्य) पश्चिम मध्य रेलवे जबलपुर के दवारा आमंत्रित की जाती है। **निविदा सूचना क्रमांक–** डी.आर.एम. डब्ल्यू–जे.बी.पी.–112–2025 दिनांक 25.07.2025, **कार्य का नाम लोकेशन सहित–** मंडल अभियंता दक्षिण (जबलपुर) के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत इटारसी–जबलपुर खंउ में प्रमुख/महत्वपूर्ण पुल संख्या 840/1, डाउन, 897/1 डाउन, 757/4 अप, 840/1 अप, 863/1 अप, 897/1 अप, 952/1 अप कुल – 7 पुलों में 2357 स्लीपर में चैनल स्लीपरों को एच–बीम स्लीपरों से प्रतिस्थापित करने का कार्य, **कार्य का अनुमानित मूल्य रूपये–** 7,85,46,919/–, **बयाना राशि– 5,42,700/–, समापन अवधि–** 18 माह, **निविदा सूचना क्रमांक–** डी.आर.एम. डब्ल्यू–जे.बी.पी.–113–2025 दिनांक 25.07.2025, **कार्य का नाम लोकेशन सहित–** बीना – कटनी खंड पर सीनियर डीईएन /सेट्रल/जबलपुर के अधिकार क्षेत्र के तहत 8 पुलों पर प्रमुख/ महत्वपूर्ण पुल संख्या 1193/1 डाउन, 1193/1 अप, 1222/1 अप, 1222/1 डाउन, 1231/1 अप, 1231/1 डाउन, 1234/1 अप और 1234/1 डाउन कुल 666 चैनल स्लीपरों को एच–बीम स्लीपर से प्रतिस्थापित करने का कार्य।, **कार्य का अनुमानित मूल्य रूपये–** 2,23,33,580/–, **बयाना राशि– 2,61,700/–, समापन अवधि–** 12 माह, **निविदा सूचना क्रमांक–** डी.आर.एम. डब्ल्यू–जे.बी.पी.–114–2025 दिनांक 25.07.2025, **कार्य का नाम लोकेशन सहित–** मंडल अभियंता(मुख्यालय) जबलपुर के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत तीन विविधि कार्य– भाग: 1: सहायक मंडल अभियंता (मुख्यालय) जबलपुर उपमंडल के अंतर्गत एसएसई/कार्य/पश्चिम के लिए गोदाम, सीमेंट गोदाम तथा दो कमरों का निर्माण कार्य। भाग:2: सहायक मंडल अभियंता (मुख्यालय) जबलपुर उपमंडल के अंतर्गत कछपुरा मालगोदाम में लेवल क्रासिंग 316 से गणेश मंडपम तक सड़क की मरम्मत कार्य। भाग:3: मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, जबलपुर में दोपहिया एवं चार पहिया वाहन पार्किंग का सुधार एवं मरम्मत कार्य।, **कार्य का अनुमानित मूल्य रूपये–** 1,50,65,630/–, **बयाना राशि– 2,25,300/–, समापन अवधि–** 12 माह, **निविदा सूचना क्रमांक–** डी.आर.एम. डब्ल्यू–जे.बी.पी.–115–2025 दिनांक 25.07.2025, **कार्य का नाम लोकेशन सहित–** वरिष्ठ मंडल अभियंता (पश्चिम) जबलपुर क्षेत्राधिकार के अंतर्गत तीन विविधि कार्य– भाग: ए: सहायक मंडल अभियंता/सागर उपमंडल:– सहायक मंडल अभियंता/सागर उपमंडल के अंतर्गत ट्रेक के साथ विभिन्न स्थानों पर (प्री–कास्ट) बाउंड्री वॉल का निर्माण, जिसमें अतिक्रमण/मवेशी रन ओवर/अतिक्रमण शामिल है। (41000 मीटर), भाग बी: दमोह उप–मंडल के अंतर्गत ट्रेक के साथ विभिन्न स्थानों पर (प्री–कास्ट) बाउंड्री वॉल का निर्माण, जिसमें अतिक्रमण/मवेशी रन ओवर/अतिक्रमण शामिल हैं। , **कार्य का अनुमानित मूल्य रूपये–** 8,22,41,637/–, **बयाना राशि– 5,61,200/–, समापन अवधि–** 18 माह, **उपरोक्त सभी निविदाओं में निविदा भरने की अंतिम तिथि एवं समय 15:00 बजे–** 19.08.2025, **उपरोक्त सभी निविदाओं में अंतिम तिथि एवं समय 15:15 बजे –** 19.08.2025, उपरोक्त ई–निविदा संपूर्ण जानकारी वेबसाईट https://www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है एवं इसकी पूरी जानकारी मंडल रेल प्रबंधक (कार्य) कार्यालय पश्चिम मध्य रेलवे, जबलपुर के नोटिस बोर्ड पर रखी गई है। ई–निविदा के अलावा उपरोक्त कार्य के लिए कोई भी निविदा स्वीकार नहीं की जावेगी।

(हस्ता.)
मंडल रेल प्रबंधक (कार्य), पश्चिम मध्य रेलवे, जबलपुर

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर



हरिभूमि क्लासीफाइड
आवश्यकता है | खरीदना है | बेचना है | व्यापार | चिकित्सा | ज्योतिष | डिस्प्ले विज्ञापन
संपर्क सूत्र : 9407279644

हरिभूमि समाचार ही नहीं, विचार भी
भोपाल बाजार
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें मो. 9407279644

JAWAHARLAL NEHRU COLLEGE
56-C, Shyamla Hills, Opp. Khushbu Park, Civil Lines, Bhopal
Mob.: 9826264575, 8889560478, 8085377716, 0755-2660949 Web.: www.jncbpl.com
★ M.Sc. (Physics, Chemistry, Botany, Zoology, Micro bio., Biotech., Computer Sc., Maths) ★ PGDCA ★ B.Sc. (Bio Group & Maths, Chemistry, Computer Sci., Env.Sc., Biology, Micro Bio., Biotech ) ★ B.Com. Plain & Computer ★ M.Com ★ BCA ★ BA ★ BBA ★ M.A. (Eng., Polt. Sc., Socio., Eco. & Urdu) ★ B. Lib ★ M. Lib. ★ B.P.E.S. ★ PG Diploma in Yoga ★ D.El. Ed. ★ B.Ed. ★ B.P.Ed. ★ M.Ed. ★ M.P.Ed.
DIRECT ADMISSION*
College Offering Best Career Options With Minimum Fee Structure
** Note : All Admission According to MP Higher Education Guide line and Rules 2023-24

प्लाट मात्र 3,55,000 हजार में आसान किश्तों पर
साईट:- 220 फिट रिंग रोड न्यू बायपास से लगी हुई
डायवर्सन एवं NOC एप्रूव्ड
आफिस इंडिया प्रोपर्टी करोंद भोपाल
मो. 7772079910

Medical Help Line
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644

नये दागों का आना तुरन्त बंद
सफेद दाग गारंटेड इलाज
Timing 10:30 am to 8:00 pm
Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC
कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें।
M : 9425006131, 9827249409
5/4, संजय कॉम्पलेक्स माता मंदिर, टी.टी. नगर भोपाल | सौलत मंजिल पुरानी कजियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल

**नाम परिवर्तन**
मेरा असली नाम मनीषा पुत्री मुकेश निवासी ग्राम भंउखेडी तहसील इछावर जिला सीहोर म.प्र. आधार कार्ड क्रमांक 2885 1680 0602 है, किन्तु आधार कार्ड मे गलती से प्रियांशी वर्मा अंकित हो गया है, मेरे सभी दस्तावेजों जन्म प्रमाण पत्र, अंकसूची आदि में मनीषा पुत्री मुकेश अंकित है, तथा मुझे भविष्य में भी इसी नाम से जाना व पहचाना जाए।

**आवश्यकता**
सुनहरा अवसर नौकरी-10500, सीटों पर सीधी पक्की भारती परमानेंट बेसिस पर पद-वनरक्षक, क्लर्क, वनपाल, चपरासी, (10th +12th) पास लड़के लड़कियां आवेदन कर सकते हैं आवेदन के लिए- आधारकार्ड, पासपोर्ट फोटो, मार्कशीट, अस्थाई निवास प्रमाण पत्र, व्हाट्सएप / कॉल करें - 9685327774
R-02-08-2025

**नाम परिवर्तन**
पूर्व में मेरा नाम JITENDRA KUMAR JAIN था जो की मार्कशीट में अंकित है S/O SANAT KUMAR JAIN जो अब बदल कर मुझे नए नाम JITENDRA JAIN हो गया है अब मुझे नए नाम JITENDRA JAIN से जाना वह पहचाना जाए ADD :- H NO-91, KRISHAN CAMPUS, NEAR SANGAM TENT HOUSE, HINOTIYA, SIKANDRI SARAI, BHOPAL M.P.-462010

हरिभूमि
आम सूचना, कोर्ट नोटिस, इश्तहार,जाहिर सूचना
@ Rs. 1200/- साइज (फिक्स) 12X4 cm
अन्य साईज में @ Rs. 40 sq.cm
1 अप्रैल 2025 से लागू
बुकिंग के लिए संपर्क करें। मो. 9977912473





**आवश्यक सूचना**

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

- व्यावस्थापक

## राशिफल

**मेष** – रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। खर्चों में वृद्धि होगी। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। पिता का साथ मिलेगा।

**वृष** – परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। मानसिक शान्ति रहेगी,परन्तु बातचीत में संयत रहें। लाभ के अवसर मिलेंगे।

**मिथुन** – तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी।सेहत का ध्यान रखें। धर्म-कर्म में रुचि बढ़ेगी। कार्यक्षेत्र में कुछ समस्याएं परेशान कर सकती हैं।

**कर्क** – आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। नौकरी में तरक्की के अवसर मिलेंगे। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**सिंह** – कारोबार में लाभ के अवसर मिलेंगे। यात्रा खर्च बढ़ सकते हैं। किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। रहन-सहन कष्टमय रहेगा।

**कन्या** – परिवार की जिम्मेदारी बढ़ सकती हैं। शैक्षिक कार्यों में सफल रहेंगे। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि हो सकती है। क्रोध के अतिरेक से बचें।

**तुला** – धैर्यशीलता में कमी आ सकती है। वाहन के रखरखाव पर खर्च बढ़ेंगे। स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें। चिकित्सीय खर्च बढ़ सकते हैं।

**वृश्चिक** – भाग-दौड़ अधिक रहेगी। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखने का प्रयास करें। वस्त्र उपहार में प्राप्त हो सकते हैं।

**धनु** – कार्यक्षेत्र में तरक्की के योग हैं। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक या बौद्धिक कार्यों में सम्मान की प्राप्ति हो सकती है।

**मकर** – व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकता है।

**कुंभ** – तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। पठन-पाठन में रुचि रहेगी। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि के स्रोत विकसित होंगे।

**मीन** – दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार में वृद्धि होगी। परिश्रम अधिक रहेगा। लाभ के अवसर बढ़ेंगे। वाणी में मधुरता रहेगी।

## शब्द पहेली - 5945



**बाएँ से दाए**
1.ईष्ट कृपा,वर-4
3.मान का विलोम-4
8.शैतानी करना-4,3
10.झगड़ा,बैर-3
11.जंगल,वन-3
13.सर्दी से बचने के लिये जलाई गई लकड़ियों का ढेर-3
15.जलने के बाद बचे अवशेष-2
17.कार्य-2
18.पतवार-2
19.नमाज से पहले हाथ-पांव धोना-2
21.नमस्कार-3
25.बूंद-3
26.जिज्ञासा,लगन-3
27.आत्मोत्सर्ग करना-4,3
30.मां के माता-पिता-2,2
31.रपटना-4

**ऊपर से नीचे**
2.वलय,घेरा-3
4.तीन घंटे का समय-3
5.खिसकना-4
6.उन्मादी,मदमस्त-4
7.यज्ञ,होम-3
8.नगर-3
9.तिरस्कृत-3
12.रूप अभिमान-3
13.शांति-3
14.प्रतिज्ञा-3
16.सहभोज-3
20.मोजा, पायताबा-3
22.उदारता-4
23.परवरिश करना-3
24.वचन तोड़ना-4
25.लेखनी-3
28.लिखावट-3
29.अमीर,धनवान-3

**शब्द पहेली- 5944 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | मा | न | त | ■ | अ | ■ | बी | र | ब | ल |
| ■ | ला | ■ | वा | ■ | म | हि | मा | ■ | ल | व |
| म | ■ | ■ | य | की | न | ■ | र | ■ | ■ | कु |
| त | क | ली | फ | ■ | चै | त्र | ■ | क | ल | श |
| वा | ■ | ड | ■ | रा | न | ■ | गै | ■ | ह | ■ |
| ला | प | र | वा | ह | ■ | का | र | गु | जा | री |
| ■ | र | ■ | दा | ■ | अ | स्त | ■ | मा | ■ | मा |
| प्र | ख | र | ■ | पा | प | ■ | म | न | च | ला |
| जा | ■ | ■ | शा | ■ | ह | न | न | ■ | ■ | गू |
| प | र | ■ | पि | ह | र | ■ | ह | ■ | शा | ■ |
| ति | जा | र | त | ■ | ण | ■ | र | ह | म | त |

## सूडोकु नवताल- 5955

★ ☆ ☆ ☆ ☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | | | | 2 | 6 | | 3 |
| | | | 4 | | | | | |
| 1 | 3 | 5 | | 8 | | | | |
| | 2 | | | 1 | | | 7 | 8 |
| | | | | | | | | |
| 6 | 7 | | | 9 | | | 2 | |
| | | | | 6 | | 5 | 9 | 2 |
| | | | | | 3 | | | |
| 2 | | 8 | 5 | | | | 6 | 1 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल- 5954 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 3 | 2 | 9 | 5 | 6 | 1 | 7 | 8 |
| 6 | 8 | 5 | 7 | 1 | 4 | 9 | 2 | 3 |
| 9 | 1 | 7 | 3 | 8 | 2 | 4 | 5 | 6 |
| 3 | 4 | 8 | 6 | 2 | 7 | 5 | 1 | 9 |
| 5 | 6 | 1 | 8 | 4 | 9 | 2 | 3 | 7 |
| 2 | 7 | 9 | 5 | 3 | 1 | 6 | 8 | 4 |
| 1 | 9 | 3 | 4 | 7 | 5 | 8 | 6 | 2 |
| 8 | 2 | 4 | 1 | 6 | 3 | 7 | 9 | 5 |
| 7 | 5 | 6 | 2 | 9 | 8 | 3 | 4 | 1 |

## जिला प्रशासन का फरमान 'हेलमेट नहीं तो पेट्रोल नहीं' पर बोले शहर के पंप संचालक

# ट्रैफिक पुलिस की नाकामी पेट्रोल पंप संचालकों पर थोप रहा जिला प्रशासन

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल



राजधानी के पेट्रोल पंपों पर बिना हेटमेट पेट्रोल नहीं देने संबंधी कलेक्टर द्वारा जारी किए गए आदेश के प्रति शहर के पंप संचालकों के संगठन ने नाराजगी जताई है।

मध्यप्रदेश पेट्रोल पंप ऑनर्स एसोसिएशन और भोपाल पेट्रोल पंप डिस्ट्रीब्यूटर्स एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने कहाकि कलेक्टर के फरमान को न्याय संगत नहीं बताया। पंप संचालकों ने कहा कि जिला प्रशासन, पुलिस और ट्रैफिक पुलिस की नाकामी पेट्रोल पंप संचालकों पर थोप रहा है।

### पंप संचालकों ने जताई ट्रैफिक पुलिस पर नाराजगी

पंप संचालकों ने ट्रैफिक पुलिस को लेकर जमकर नाराजगी जाहिर की। उन्होंने कहा कि रात को तो पुलिस ड्रिंक एंड ड्राइव की जांच करती है। जब कोई मुहिम चलती है ,तो सख्ती करती है, लेकिन बात हेलमेट की आई तो यह जिम्मेदारी पंप संचालकों पर डाल दी। सड़क पर इन चालकों को पकड़ा जाए। पंप संचालकों ने कहाकि पंप पर विवाद बढ़ेंगे, इन्हें कौन सुलझाएगा। क्या पुलिस और प्रशासन हमें सुरक्षा देंगे और क्या विवाद करने वाले चालकों के खिलाफ कोई कार्रवाई होगी। सारी कार्रवाई तो पंप संचालकों के खिलाफ होगी। बिना किसी सपोर्ट सिस्टम के पेट्रोल पंप संचालकों को शहर के 25 लाख से अधिक लोगों का सामना करने के लिए छोड़ दिया है। एक आदमी को गाड़ी में दोबारा पेट्रोल डलाने के लिए तीन से चार दिन लगते हैं। वो दस मिनट के लिए हेलमेट लगाएगा और खोल देगा।

### कलेक्टर के फरमान पर पंप संचालकों ने उठाए सवाल

पंप संचालकों ने जिला प्रशासन द्वारा जारी आदेश पेट्रोल के लिए हेलमेट अनिवार्यता पर सवाल उठाए हैं। पंप मालिकों ने कहाकि क्या प्रशासन वाहन चालकों में हेलमेट की अनिवार्यता सुनिश्चित करने में अक्षम है जो हेलमेट अनिवार्यता का आदेश हम लागू कर रहा है। प्रशासन यदि वाहन चालकों पर हेलमेट अनिवार्यता वाकई में लागू करना चाहता है तो प्रशासन बिना हेलमेट वाहन चलाने वाले पर जुर्माने के साथ उनके वाहनों की जब्ती करें, जैसा कि राजधानी दिल्ली में व्यवस्था है।

### पेट्रोल पंप पर महिलाएं भी विवाद की जिम्मेदारी कौन लेगा

पेट्रोल पंप संचालक समीर भार्गव ने सवाल उठाया कि प्रशासन ने पंप संचालकों पर तो जुर्माना और कार्रवाई का प्रावधान कर दिया पर जो लोग बिना हेलमेट जबरदस्ती पेट्रोल लेंगे उन पर क्या कार्रवाई होगी। कई पेट्रोल पंप पर महिलाएं भी काम करती हैं, इनसे यदि किसी तरह का विवाद होता है तो कौन जिम्मेदारी लेगा।

### बिना हेलमेट पेट्रोल नहीं के विरोध में जनहित याचिका

हेलमेट न पहनने वालों को 1 अगस्त से पेट्रोल न देने के कलेक्टर के आदेश के खिलाफ हाईकोर्ट में गुरुवार को जनहित याचिका दायर की गई है। यह याचिका हाईकोर्ट बार एसोसिएशन इंदौर के अध्यक्ष एडवोकेट रितेश ईनानी के माध्यम से लगाई गई है। इसमें कहा गया है कि हेलमेट की अनिवार्यता का नियम शहर के बाहरी क्षेत्रों में लागू किया जा सकता है लेकिन शहर के मध्य क्षेत्र में दो पहिया वाहन चालकों के लिए हेलमेट की कोई आवश्यकता नहीं है।

### आवश्यक वस्तु सेवा अधि. 2005 के अंतर्गत उत्पाद उपलब्ध नहीं कराना दंडनीय अपराध



आवश्यक वस्तु सेवा अधिनियम 2005 के अंतर्गत विक्रेता अगर सामग्री की उपलब्धता होने पर ग्राहकों को उत्पाद उपलब्ध नहीं कराता है तो इस अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार यह विक्रेता का दंडनीय अपराध है। अब अगर जिला प्रशासन के आदेश के परिपालन में पंप संचालक अगर वाहन चालक को ईंधन उपलब्ध कराने से इंकार करता है वह पंप संचालक पर मुकदमा कायम कर सकता हैं। जिसके दुष्परिणाम पंप संचालक को भुगतना पड़ेगा। मौजूदा हालात में पंप संचालक पर दोहरी मार पड़ रही हैं।

**अजय सिंह** , अध्यक्ष, मध्यप्रदेश पेट्रोल पंप

---

**खबर का असर : हरिभूमि के 24 जुलाई के अंक में प्रकाशित हुई थी**

## मप्र शासन ने समाप्त किया रिफ्लेक्टिव टेप (रेडियम पट्टी) पर प्रस्तावित मोनोपॉली व्यवस्था को

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल





हरिभूमि
भोपाल मुख्य संस्करण - Page 7
24 July 2025

केंद्रीय परिवहन मंत्री को ऑल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट ने लिखा शिकायती पत्र

बोले- नहीं दिया जाए किसी कंपनी को अनुबंधित कर रेट्रो रिफ्लेक्टिव टेप लगाने का एकाधिकार

भारी वाहन मालिकों के हित में संगठन की मांग

सीएल मुकाती

वाहनों पर लगाई जाने वाली रिफ्लेक्टिव टेप (रेडियम पट्टी) पर मध्यप्रदेश शासन ने प्रस्तावित एकाधिकार (मोनोपॉली) को व्यवस्था को समाप्त कर दिया गया है। ज्ञात हो कि ऑल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट के एमसी मेंबर और इंदौर ट्रक ऑपरेटर एंड ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन पूर्व अध्यक्ष सीएल मुकाती ने केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी, मध्यप्रदेश शासन मुख्य सचिव अनुराग जैन (आईएएस), सचिव परिवहन मनीष सिंह एवं परिवहन आयुक्त विवेक शर्मा को मध्यप्रदेश परिवहन विभाग द्वारा भारी वाहनों पर रेट्रो रिफ्लेक्टिव (रेडियम पट्टी) लगाने जाने की प्रक्रिया को अनावश्यक रूप से जटिल बनाने को लेकर एक शिकायती पत्र भेजा गया था। उक्त शिकायती पत्र में संगठन ने विभाग रेडियम पट्टी प्रक्रिया को जटिल बनाने वाहन मालिकों के शोषण की आशंका व्यक्त की थी।

इस संबंध में हरिभूमि ने 24 जुलाई के अंक में 'नहीं दिया जाए किसी कंपनी को अनुबंधित कर रेट्रो रिफ्लेक्टिव टेप लगाने का एकाधिकार' की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित की थी। जिसके परिणाम स्वरूप मध्यप्रदेश शासन मुख्य सचिव अनुराग जैन (आईएएस), सचिव परिवहन मनीष सिंह एवं परिवहन आयुक्त विवेक शर्मा को मध्यप्रदेश परिवहन विभाग ने परिवहन विभाग के व्यवसाय से जुड़े इस मसले को गंभीरता से समझा और त्वरित सकारात्मक निर्णय लिया।

### मुकाती ने सरकार का जताया आभार, बोले शोषण से मिलेगी मुक्ति

ऑल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट के एमसी मेंबर और इंदौर ट्रक ऑपरेटर एंड ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन पूर्व अध्यक्ष सीएल मुकाती मध्यप्रदेश सरकार और शासन के उच्च अधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रशासन का यह निर्णय वाहन चालकों और मालिकों के हित में है और निश्चित ही इसका लाभ ट्रांसपोर्ट व्यवसाय को मिलेगा और विभाग द्वारा किए जाने वाले शोषण से मुक्ति मिलेगी।

---

## खबर संक्षेप

### डीसीबी बैंक को कर बाद 157 करोड़ का लाभ

**मुंबई।** डीसीबी बैंक लिमिटेड के निदेशक मंडल ने 31 जुलाई 2025 को मुंबई में हुई बैठक में 30 जून 2025 को समाप्त पहली तिमाही के अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों को मंजूरी दी। बैंक ने वित्त वर्ष 2026 की पहली तिमाही में 157 करोड़ का कर-पश्चात लाभ दर्ज किया, जो वित्त वर्ष 2025 की पहली तिमाही के 131 करोड़ रुपए की तुलना में 20फीसदी की वृद्धि दर्शाता है। बैंक ने अग्रिमों में 21 फीसदी की मज़बूत साल-दर-साल वृद्धि दर्ज की, जिसमें बंधकों में 17फीसदी की वृद्धि दर्ज हुई।

### शॉप्सी के चार साल, 1.15 करोड़ नए खरीदार जुड़े

**मुंबई।** फ्लिपकार्ट का तेजी से बढ़ता हाइपर-वैल्यू प्लेटफॉर्म शॉप्सी अपनी चौथी वर्षगांठ मना रहा है। इस मौके पर शॉप्सी ने 'भारत को किंग/क्वीन साइज जिंदगी देने के अपने मिशन को और मजबूत किया है, ताकि ग्राहकों को कम खर्च में सबसे ज़्यादा फायदा मिल सके। अब तक 450 मिलियन से ज्यादा ऐप डाउनलोड का आंकड़ा पार कर चुका शॉप्सी देश के चारों कोनों में 19,000+ पिन कोड तक डिलीवरी कर रहा है, जिसमें मेट्रो शहरों से लेकर छोटे-छोटे कस्बों तक पहुंच शामिल हैं।

### ईको रीसाइक्लिंग का शुद्ध लाभ 8 करोड़ रु.

**मुंबई।** ई-वेस्ट प्रबंधन कंपनी इको रीसाइक्लिंग लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही के लिए अपने असंबद्ध वित्तीय परिणाम प्रकाशित किए हैं।वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही में कंपनी की कुल आय 13.62 करोड़ रही, एबिटडा 9.44 करोड़ रहा, शुद्ध लाभ 8.09 करोड़ रहा। शुद्ध लाभ मार्जिन 59.40 फीसदी रहा। कंपनी के चेयरमैन एवं मैनेजिंग डायरेक्टर बीके सोनी ने कहाकि हम इस तिमाही में हुई निरंतर प्रगति से संतुष्ट हैं, जो हमारी रणनीति और क्रियान्वयन की मजबूती को दर्शाती है। हाल ही में हमारे 40,000 वर्ग फुट के अत्याधुनिक संयंत्र की शुरुआत की।

### आशापुरी के शुद्ध लाभ में 22 फीसदी की वृद्धि

**मुंबई।** आशापुरी गोल्ड ऑर्नामेंट लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही के लिए अपना अनऑडिटेड वित्तीय परिणाम जारी किया है। कंपनी ने इस तिमाही में 34 फीसदी की एबिटडा वृद्धि और 22 फीसदी की शुद्ध लाभ वृद्धि दर्ज की है, जो इसके मजबूत संचालन और निरंतर विकास को दर्शाता है। वित्त वर्ष की पहली तिमाही में कंपनी की कुल आय 52.96 करोड़ रुपए , एबिटडा 5.02 करोड़, एबिटडा मार्जिन 9.48फीसदी , शुद्ध लाभ 3.17 करोड़ रुपए रहा।

---

## वर्षा ऋतु में होने वाली बीमारियां और उनका आयुर्वेदिक उपचार

# निरोगी जीवन के लिए बैद्यनाथ का 'महासुदर्शन काढ़ा' कारगर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नागपुर




श्रावण की घटा एवं छटा मन को प्रसन्न करती है व मानव प्रफुल्लित हो जाता है। देश में प्रकृति की 6 ऋतुएं है। सभी ऋतुओं का अपना -अपना महत्व है हर दो ऋतुओं के बीच में ऋतु संधि काल होता है जिसका आयुर्वेद स्वास्थ्य की दृष्टी से महत्व बताया गया है। ग्रीष्म , वर्षा , शरद , हेमंत , शिशिर , बसंत इन 6 ऋतुओं में कैसा आहार एवं विहार करना चाहिए साथ ही दिनचर्या, रात्रिचर्या का पालन स्वस्थ रहने की दृष्टी से विस्तार पूर्वक कहां गया है। इन सभी ऋतुओं में जितनी मनोहारी वर्षा ऋतु है वह कभी कभी उतनी ही स्वास्थ्य के लिए कष्टदायक भी हो जाती है।

बारीश में यदि व्यक्ति भीग जाता है वह लापरवाही करता है तो सर्दी होना, खांशी होना, बुखार होना, दस्त होना मलेरिया होना इत्यादि रोग उत्पन्न होते है। वर्षा ऋतु में सर्वप्रथम हमें रोगों से बचने का उपाय व सावधानी बरतनी चाहिए। बारीश में भीगने से बचना चाहिए। भीग भी गए है, तो स्वच्छ पानी से स्नान कर शरीर को सुखा लेना चाहिए। स्वच्छ पानी पीना चाहिए।

### आयुर्वेदिक उपचार से रह सकते हैं स्वस्थ

*जल की अशुद्धता के कारण पाचन में विकृति होकर पतले दस्त हो जाते है ऐसी स्थिति में संजीवनी बटी 1-1 टैबलेट दिन में 3 बार सेवन करें। कभी-कभी दस्त आवंयुक्त व पेट में मरोड़ उत्पन्न होकर उत्पन्न होते हैं ऐसी स्थिति में बैद्यनाथ अमिबिका टैबलेट 1-1 टैबलेट सुबह- सायं लेकर उपर से बैद्यनाथ कुटजारिष्ट 4-4 चम्मच दवां बराबर पानी मिलाकर सेवन करें। वर्षा ऋतु में अक्सर पीलिया की शिकायत भी बहुत होती है रोगी को भूख नहीं लगती, पेशाब पीली होती है, आखों में पीलापन आता है ऐसी स्थिति में बैद्यनाथ पुनर्नवादि मण्डूर 2-2 टैबलेट सुबह-सांय सेवन करें। बैद्यनाथ कुमार्यामृत 3-3 चम्मच बराबर पानी मिलाकर सुबह-सायं भोजन के बाद लें। इस प्रकार यदि सावधानी रखें तो बीमारियों से कुछ हद तक बचे रहेगें । यदि कुछ रोगों के लक्षण उत्पन्न भी होते हैं तो उपरोक्त बताए गये आयुर्वेदिक उपचार से उनका उपाय कर स्वस्थ रह सकते हैं व मन को प्रसन्न करने वाले हरे भरे वातावरण मय वर्षा ऋतु का आनंद लेकर निरोगी जीवन जी सकते हैं।*

### वर्षा ऋतु में सबसे अधिक लाभदायक

*सामान्यतया वर्षा ऋतु में सबसे अधिक सर्दी व, खांसी एवं बुखार का प्रकोप होता है। सर्दी व उसके बाद खांसी कुछ दिन तक लगातार रहती है। बार बार छींके आती है। खाने में अरूचि होती है। सिरदर्द होता है व बदन दर्द होता है। ऐसी अवस्था में बैद्यनाथ लक्ष्मीविलास रस नारदीय 1-1 टैबलेट सुबह-सायं पीसकर शहद व अदरक रस के साथ सेवन करना चाहिए। बैद्यनाथ कासामृत 2-2 चम्मच दिन में 3 बार लेवें। यदि खांसी हो तो बैद्यनाथ सितोपलादि चूर्ण आधा-आधा चम्मच दो बार शहद के साथ सेवन करें। यदि ठंड लगकर तेज बुखार आ रहा हो तो बैद्यनाथ महासुदर्शन घन बटी 1-1 टैबलेट सुबह-सायं लेकर उपर से बैद्यनाथ महासुदर्शन काढ़ा 4-4 चम्मच दवां बराबर पानी मिलाकर भोजन बाद लें। भोजन में हल्का व सुपाच्य खाना लें।*

---

## रिकॉर्ड हाई के बाद चांदी औंधे मुंह गिरी, एक दिन में साढ़े 3 हजार रुपए की भारी गिरावट

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल



**गुरूवार को एमसीएक्स पर चांदी 1,09,378 रुपए किलो ग्राम पहुंची**

रिकॉर्ड हाई बनाने के बाद बाद चांदी की कीमतें औंधे मुंह गिरी हैं। हाल ही में चांदी ने 1,16,216 के लेवल को टच किया था। लेकिन गुरूवार को एमसीएक्स पर चांदी 1,09,378 रुपए प्रति किलो ग्राम पर कारोबार करती दिखी।

इसका मतलब है कि चांदी अपने हाई लेवल से 6,838 रुपए सस्ती हो गई है। अगर एक दिन की गिरावट की बात करें तो 3486 रुपए सस्ती हुई यानी करीब साढ़े 3 हजार रुपए किलो सस्ती हुई । दूसरी तरफ सोने की कीमतों में भी बड़ी गिरावट देखने को मिल रही है। इस तेज गिरावट के पीछे अंतरराष्ट्रीय बाजार में दबाव, डॉलर की मजबूती और मांग में कमी जैसे प्रमुख कारण बताए जा रहे हैं। बाजार जानकारों के अनुसार इस गिरावट के पीछे के प्रमुख कारण यूएस फेड का फैसला है। अमेरिकी फेडरल रिजर्व ने ब्याज दरों में कोई बदलाव नहीं किया। तो वहीं डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारत और अन्य देशों पर नए टैरिफ लागू करने की घोषणा से व्यापारिक अनिश्चितता बढ़ी, जिससे निवेशकों में सतर्कता आई।

---

## व्यापारियों में बढ़ी बेचैनी, कई सेक्टर पर असर

# ट्रंप के टैरिफ की उद्योग जगत और व्यापारिक संगठनों ने की आलोचना

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल



तेजकुलपाल सिंह पाली सुनील जैन 501 आकाश गोयल

अमेरिका द्वारा भारत से निर्यात होने वाले उत्पादों पर 25 फीसदी अतिरिक्त टैरिफ लगाने के फैसले का राजधानी भोपाल, मध्यप्रदेश और देश के उद्योग और व्यापार संगठनों के प्रतिनिधियों ने ट्रंप के टैरिफ की कड़ी आलोचना की है। भोपाल चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज ने तेजकुलपाल सिंह पाली, उपाध्यक्ष सुनील जैन 501, आकाश गोयल ने कहाकि अमेरिका को भारत से मेटल, मोती-पत्थर, लेदर, केमिकल, कपड़ा, इलेक्ट्रॉनिक्स, मसाले, मशीनरी पार्ट्स, दवाइयां और चावल जैसे प्रमुख उत्पाद निर्यात किए जाते हैं। टैरिफ बढ़ने से इन उत्पादों की कीमत अमेरिकी बाजार में बढ़ेगी, जिससे भारतीय निर्यात को गहरा झटका लग सकता है। उन्होंने कहाकि व्यापारियों में भ्रम की स्थिति है, क्योंकि कई ऑर्डर पुराने रेट पर भेजे जा चुके हैं और वे रास्ते में हैं। ऐसे में भुगतान और ऑर्डर रद्द होने का संकट मंडरा रहा है।

### भारत में अमेरिकी उत्पादों के खिलाफ विरोध अभियान चलाया जाए



रोहित सुगंधीलाल जैन ने कहाकि अगर अमेरिका ने यह टैरिफ वापस नहीं लिया, तो भारत में अमेरिकी उत्पादों के खिलाफ विरोध अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने कहा कि जैसे चीनी सामान भारत छोड़ो अभियान असरदार रहा था, उसी तरह त्योहारों के दौरान अमेरिकी ब्रांड्स के बहिष्कार की भी रणनीति तैयार होगी। जैन ने कहाकि भारत सरकार से आग्रह किया है कि वह अमेरिका के सामने इस टैरिफ को हटाने की मांग मजबूती से उठाए। संगठन ने कहा कि यह सिर्फ व्यापार नहीं, बल्कि लाखों छोटे व्यापारियों, एक्सपोर्टरों और श्रमिकों की आजीविका का सवाल है।

### कैट ने सरकार से सख्त कदम उठाने की मांग



कंफेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र शर्मा ने कहाकि संठगन अमेरिका सरकार द्वारा भारतीय उत्पादों पर लगाए गए टैरिफ पर गंभीर चिंता व्यक्त करती है। यह निर्णय भारतीय व्यापारियों, निर्यातकों और छोटे उद्यमियों के हितों के विपरीत है और द्विपक्षीय व्यापार संबंधों में असंतुलन पैदा कर सकता है।

---

### राष्ट्रीय हथकरघा दिवस 7 को, राष्ट्रपति करेंगी बुनकरों को सम्मानित

**नई दिल्ली।** देशभर में 7 अगस्त को 11वां राष्ट्रीय हथकरघा द्वारा दिवस मनाया गया। जिसमें राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू उन बुनकरों को संत कबीर पुरस्कार से सम्मानित करेंगी, जिन्होंने वर्षों से पारंपरिक बुनाई और शिल्प को सहेजने में अहम योगदान दिया है। कार्यक्रम के दौरान हैंडलूम उत्पादों की प्रदर्शनियों, कार्यशालाओं और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन होगा, जिससे देश और दुनिया को भारतीय हथकरघा की विविधता और समृद्ध परंपरा से रूबरू कराया जाएगा। भारतीय हथकरघा उद्योग से आज देशभर में करीब 35 लाख से अधिक लोग जुड़े हुए हैं, जिनमें बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल हैं।

---

## भारत में रोजगार वृद्धि के लिए आंत्रप्रेन्योर की स्वतंत्रता आवश्यकः अनिल अग्रवाल

एजेंसी ▶▶ मुंबई



वेदांता लिमिटेड के चेयरमैन अनिल अग्रवाल ने भारत के आंत्रप्रेन्योर को सशक्त बनाने और उनकी सुरक्षा की आवश्यकता को रेखांकित किया। उन्होंने ऐसा कारोबारी माहौल बनाने का आह्वान किया जो अनावश्यक नौकरशाही बाधाओं से मुक्त हो। एक आंत्रप्रेन्योर की सबसे बड़ी विशेषता उसका जोखिम लेने का साहस है। जब भावना कड़ी मेहनत से जुड़ती है, तो महान कंपनियों का निर्माण होता है और देश के युवाओं के लिए रोजगार के अवसर पैदा होते हैं।

अग्रवाल ने इस बात पर ज़ोर दिया कि एंटरप्रेंयोर को व्यवसाय से जुड़े जोखिमों पर ध्यान देना चाहिए, न कि नीतिगत या प्रशासकीय उलझनों पर।विकास को सक्षम बनाने की आवश्यकता को रेखांकित करते हुए उन्होंने कहा कि जब तक कोई बुनियादी समस्या न हो, आंत्रप्रेन्योर को पूरी स्वतंत्रता मिलनी चाहिए कि वे अपने व्यवसाय को संचालित और विस्तार कर सकें।

---

**प्रारूप दरा**
**न्यायालय तहसीलदार, नजूल संत हिरदाराम नगर (बैरागढ़) वृत्त भोपाल**
(पुराना जिला पंचायत भवन, कोहेफिजा जिला भोपाल)
रा.प्र.क. 0.962/अ-6-25-26
:: सार्वजनिक नोटिस ::

एतद्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित अनुसूची में उल्लेख अनुसार भू-अभिलेखों में नामांतरण/वटान/बटवारा/सीमांकन की कार्यवाही इस न्यायालय के समक्ष विचाराधीन है। कोई भी हितबद्ध व्यक्ति दिनांक 14/8/2025 को समय दोपहर 03:00 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार नजूल संतहिरदाराम नगर बैरागढ़ वृत्त भोपाल के समक्ष स्वयं या अपने अधिवक्ता, जिसे सम्यक रूप में अनुदेश दिये गये हो. या वैध प्रतिनिधि के द्वारा उपस्थित होकर विचाराधीन नामांतरण/वटान/बटवारा/सीमांकन के संबंध में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। नियत दिनांक के बाद प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जाएगा। अनुसूची ग्राम का नाम-पीपलनेर, खसरा नंबर-51/1, 59 एवं 17, क्षेत्रफल-133.27 बर्गमीटर, उस व्यक्ति का विवरण जिनके पक्ष में नामांतरण विचाराधीन है (आवेदक का नाम, पिता/पति का नाम एवं पता)- आशा तिवारी / संदीप तिवारी आज दिनांक 31/7/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा के अधीन जारी किया गया।

**तहसीलदार**
**नजूल संत हिरदाराम नगर (बैरागढ़) वृत्त भोपाल**

**DIRECTORATE OF SPORTS & YOUTH WELFARE**
T.T. Nagar Stadium, Bhopal-462003
Tel. : 0755-2778151

**E-TENDERING NOTICE**

1. The Director, Directorate of Sports & Youth Welfare, M.P. Bhopal invites bids from individuals/ organizations with relevant background and experience to provide PROVIDING FOOD SUPPLEMENTS TO MP DSYW ACADEMY PLAYERS.
2. The bids will be received through electronic tendering mode only. The details regarding participation in the e-tendering process can be obtained on **www.mptenders.gov.in.** If there any queries regarding participation through e-tender process, interested bidder may contact on Toll Free No. 18002588684.
3. The corrigendum and addendum issued (if any) related to this bid will be published on e-tendering portal only.

M.P. Madhyam/121345/2025 **DIRECTOR**

**JOIN ARMY DENTAL CORPS**
**AS SHORT SERVICE COMMISSIONED OFFICER**
**FOR A PROMISING & CHALLENGING CAREER: 2025**

**सेना डेंटल कोर में शॉर्ट सर्विस कमीशन के अनुदान के लिए भारतीय नागरिकों, पुरुष और महिला दोनों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।**

**योग्यता**: उम्मीदवारों को डेंटल काउंसिल ऑफ इंडिया (डीसीआई) द्वारा मान्यता प्राप्त कॉलेज/विश्वविद्यालय से बीडीएस/एमडीएस डिग्री धारक होना चाहिए।

**आयु सीमा**: उम्मीदवार की आयु 31 दिसम्बर 2025 को 45 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए।

Online applications are invited from Indian citizens, both male and female, for grant of Short Service Commission in the Army Dental Corps.
**QUALIFICATION:**
Candidates must be BDS/MDS Degree holder from a College/University recognized by Dental Council of India (DCI).
**AGE LIMIT:** The candidate must not have attained 45 yrs of age as on 31 Dec 2025.

अधिक जानकारी के लिए **Aug 2025** का **Employment News/Rozgar Samachar** देखे। पात्रता का विवरण, शर्तें, अनुदेश और ऑनलाइन आवेदन 18 Aug 2025 के पश्चात **www.join.afms.gov.in** वेबसाईट पर उपलब्ध होंगे.

**For more information, see Employment News/Rozgar Samachar issue of Aug 2025. Details of Eligibility, Terms & Conditions, Instructions and Online Applications will be available on the website www.join.afms.gov.in from 18 Aug 2025 onwards.**

**CBC 10601/11/0043/2526**

**कार्यालय उपवनमंडलाधिकारी उपवनमंडल (सामान्य) सीहोर**

विज्ञप्ति कमांक / 2533 सीहोर /दिनांक : 30/07/2025

// ई-निविदा आमंत्रण सूचना //

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि वर्ष 2025-26 में वनमंडल सीहोर अन्तर्गत परिक्षेत्र सीहोर एवं बुधनी में ग्रीन इंडिया मिशन योजना अन्तर्गत स्थापित नगर वनों के लिये पौधे क्रय किये जाने हैं, जिसका विवरण निम्नानुसार है।

| Name of Plants | Height | Nos |
| --- | --- | --- |
| Rudraksha | 3-4 ft | 620 |
| Decorative Plants | | |
| Bismarika | 1 ft | 10 |
| Lantana Rubra | 1 ft | 10 |
| Harica Palm | 3 ft | 10 |
| Pygym Dates | 2 ft | 10 |
| Table Palm | 2 ft | 10 |
| Ficus Blackena | 3 ft | 10 |
| Ficus Panda | 2 - Bush | 10 |
| Radarmechrea | 2 - Bush | 10 |
| Merchi merry green | 4 ft | 10 |
| Ujenea | 2 - Bush | 10 |
| Foxtail Palm | 5 ft | 10 |
| Butterfly Plants | | |
| Jatropha integerrima | 1 ft | 55 |
| Tabernaemontona | 1 ft | 55 |
| Hibiscus Rosa | 1 ft | 55 |
| Callistemon Viminails | 1 ft | 55 |
| Navgraha Vatika | | |
| Sun: Mandar | 2 ft | 1 |
| Moon: Palash | 3 ft | 1 |
| Mars:khair | 7 ft | 1 |
| Mercury: apamarg | 5 ft | 1 |
| Jupiter: Peepal | 7 ft | 1 |
| Venus: Gular | 5 ft | 1 |
| Saturn: Shami | 4 ft | 1 |
| Rahu: Durva | Grass | 1 |
| Ketu: Kusha | Grass | 1 |
| Flower Plants | | |
| Tiger almanda | 1 ft | 335 |
| Lantana | 1 ft | 335 |
| Ticoma | 1 ft | 335 |
| Jasminica | 1 ft | 335 |
| Tagar | 1 ft | 335 |
| Pentas | 1 ft | 335 |
| Bottle Palm Plants | 12 ft | 335 |
| Exora | - | 50 |
| Kari Patta | - | 30 |
| Nimbu (Lemon) | - | 30 |
| Lavender | - | 60 |
| Bell Flower | - | 50 |
| Total | | 3299 |

अतः उक्त पौधे प्रदाय हेतु दिनांक 31/07/2025 से ई-निविदायें आमंत्रित की जाती है। ई-निविदा से संबंधित विस्तृत जानकारी **Gem Portal** पर देखी जा सकती है।

G-16517/25 " स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता "

उपवनमंडलाधिकारी,
उपवनमंडल (सामान्य) सीहोर

## चिंतन

# यूएस से तेज जीडीपी भारत का हमारी अर्थव्यवस्था बेहद मजबूत

गिद्ध के चाहने से कौवे की मौत नहीं होती है। करीब 200 वर्ष तक दमनकारी-शोषणकारी अंग्रेजी हुकूमतों के बावजूद भारत सीना तानकर खड़ा है और दुनिया की पांचवीं बड़ी अर्थव्यस्था है। जर्मनी को पछाड़कर चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की कगार पर है। भारत बहुत जल्द विश्व की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। इसलिए डोनाल्ड ट्रंप के भारत को डेड इकोनॉमी कह देने से भारतीय अर्थव्यवस्था मृत नहीं हो जाती है। अमेरिका खुद विश्व का सबसे बड़ा कर्जदार देश है। अमेरिका का राष्ट्रीय कर्ज करीब 37 ट्रिलियन डॉलर यानी करीब 32 लाख अरब रुपये को पार कर गया है। अमेरिका का कर्ज पर ब्याज चुकाने का खर्च हर साल 1 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंच रहा है। ट्रंप शायद भूल रहे हैं कि अमेरिकी बॉण्ड से अगर चीन, जापान व भारत अपना पैसा निकाल लें तो अमेरिकी अर्थव्यवस्था का बुलबुला तुरंत फट जाएगा। भारतीय अर्थव्यवस्था को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का बयान जहां हकीकत से परे है, वहीं यह ट्रेड वार्ता को अंतिम रूप देने से पहले नई दिल्ली पर दबाव की टैक्टिस है। ट्रंप ने इसी तरह की टैक्टिस यूरोपीय संघ, जापान व अन्य देशों के साथ अपनाई थी। भारत कभी भी अमेरिकी दबाव व टैक्टिस के आगे नहीं झुकेगा। भारतीय अर्थव्यवस्था की ताकत घरेलू खपत है, वैश्विक निर्यात में भारत की हिस्सेदारी केवल 2.4 प्रतिशत ही है। भारत की अर्थव्यवस्था की बुनियाद बहुत मजबूत है। इसलिए जब 2008 जैसी मंदी आती है तो अमेरिकन बैंकिंग सिस्टम धराशायी हो जाता है, लेकिन भारतीय अर्थव्यवस्था पर फर्क नहीं पड़ता है। भारत के वित्तीय और बैंकिंग सिस्टम बेहद मजबूत व रेगुलेटेड हैं, भारत का रिजर्व भंडार नौ लाख करोड़ रुपये से अधिक है, भारत दुनिया के शीर्ष 10 स्वर्ण भंडार वाले देशों में शामिल है और 7वें स्थान पर है। भारत में जीवनयापन विश्व में सबसे सुलभ है। भारतीय अर्थव्यवस्था की मजबूती की बयां वैश्विक व अमेरिकी वित्तीय संस्थाएं ही कर रही हैं। ट्रंप के घृणित बयान के पहले अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने 29 जुलाई को अपने सदस्य देशों का वर्ल्ड इकोनॉमिक आउटलुक (डब्लूईओ) का नया आकलन जारी किया था। आईएमएफ ने भारत की जीडीपी वृद्धि दर वित्त वर्ष 2025-26 व वित्त वर्ष 2026-2027 के लिए 6.4 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है, जबकि अमेरिकी जीडीपी के लिए विकास की दर 1.9 फीसदी रहने का अनुमान लगाया है। विश्व बैंक ने अप्रैल में 2025-26 के लिए भारत के वृद्धि दर का अनुमान 6.3 फीसदी लगाया है, व कहा कि भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था बना रहेगा। एशियाई विकास बैंक ने अभी 23 जुलाई को ही अनुमान लगाया था कि भारत की जीडीपी 2025 में 6.5 फीसदी और 2026 में 6.7 फीसदी की दर से बढ़ेगी। ग्लोबल क्रेडिट रेटिंग एजेंसी मूडीज ने छह मई को जारी अपनी रिपोर्ट में 2025 में जीडीपीदर 6.3 फीसदी व 2026 में 6.5 फीसदी रहने का अनुमान लगाया है। एसएंडपी ने चालू वित्त वर्ष 2025-26 में विकास दर 6.5 फीसदी रहने का अनुमान लगाया है। फिच रेटिंग्स ने इस साल 22 मई को 2028 तक के लिए भारत की औसत वार्षिक वृद्धि दर के अनुमान को बढ़ाकर 6.4 फीसदी कर दिया था। परामर्श कंपनी ईवाई इंडिया कहा कि विश्व अर्थव्यवस्था का केंद्र 'ग्लोबल साउथ' की ओर स्थानांतरित हो रहा है और जिसके लिए भारत ने खुद को अग्रणी भूमिका में रखा है। पेरिस स्थित आर्थिक सहयोग एवं विकास संगठन (ओईसीडी) ने वर्ष 2025-26 के लिए जीडीपी वृद्धि दर 6.3 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है। सभी वित्तीय आंकड़े भारत के पक्ष में हैं। ट्रंप का बयान पूर्व की तरह एक और झूठ है।

## हेल्थ रिपोर्ट
रोहित कौशिक



# स्वास्थ्य सेवाओं में अभी और सुधार की जरूरत

पिछले दिनों उत्तर प्रदेश के बिजनौर में मेडिकल कॉलेज से संबद्ध जिला अस्पताल परिसर में पीपीपी मोड पर संचालित डायलिसिस विंग में डायलिसिस के दौरान बिजली गुल होने से एक मरीज की मौत हो गई। अस्पताल के जेनरेटर में डीजल भी नहीं था। आश्चर्यजनक यह है कि घटना के समय सीडीओ खुद विंग के निरीक्षण के लिए मौजूद थे। इस दुखद घटना ने एक बार फिर हमारे देश की स्वास्थ्य सेवाओं पर एक बड़ा सवाल खड़ा कर दिया है। यह सही है कि धीरे-धीरे हमारे देश की स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार हो रहा है लेकिन हमारे देश की आबादी की जरूरतों के हिसाब से अभी तक भी स्वास्थ्य ढांचा बेहतर नहीं हो पाया है। जब इस दौर में भी गम्भीर रोगों से पीड़ित मरीजों के लिए अस्पतालों में स्ट्रेचर जैसी मूलभूत सुविधाएं न मिल पाएं, तो देश की स्वास्थ्य सेवाओं पर सवाल उठना लाजमी है। इस प्रगतिशील दौर में भी ऐसी अनेक खबरें प्रकाश में आई हैं कि जब अस्पताल गरीब मरीज के शव को घर पहुंचाने के लिए एम्बुलेंस तक उपलब्ध नहीं करा पाए। धीरे-धीरे देश का स्वास्थ्य ढांचा सुधर रहा है लेकिन जिस तेजी के साथ इसे सुधरना चाहिए था, यह सुधर नहीं पाया है। कुछ समय पहले नीति आयोग ने स्वास्थ्य सेवाओं के लिए खर्च बढ़ाने की जरूरत बताई थी। नीति आयोग ने कहा था कि स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने और उन्हें देश के हर व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए केन्द्र और राज्यों को मिलकर स्वास्थ्य सेवाओं की मद में खर्च को बढ़ाना होगा। भारत में स्वास्थ्य सेवाओं में जीडीपी का मात्र डेढ़ फीसद ही खर्च होता है। दुनिया के कई देश स्वास्थ्य सेवाओं की मद में आठ से नौ फीसद तक खर्च कर रहे हैं। 1940 के बाद से संक्रामक रोगों से प्रभावित होने वाले लोगों की संख्या बढ़ी है। अब कई नए रोग हमारे सामने आए हैं और भविष्य में और नए रोग हमारे सामने आ सकते हैं। गौरतलब है कि कुछ समय पहले अमेरिका के 'सेंटर फॉर डिजीज डाइनामिक्स, इकोनॉमिक्स एंड पॉलिसी' (सीडीडीईपी) द्वारा जारी एक रिपोर्ट में बताया गया था कि भारत में लगभग छह लाख डॉक्टरों और 20 लाख नर्सों की कमी है। भारत में 10,189 लोगों पर एक सरकारी डॉक्टर है, जबकि विश्व स्वास्थ्य संगठन ने एक हजार लोगों पर एक डॉक्टर की सिफारिश की है। इसी तरह हमारे देश मे 483 लोगों पर एक नर्स है। रिपोर्ट के अनुसार भारत में एंटीबायोटिक दवाइयां देने के लिए उचित तरीके से प्रशिक्षित स्टाफ की कमी है, जिससे जीवन बचाने वाली दवाइयां मरीजों को नहीं मिल पाती हैं। आने वाले समय में हृदय रोग, मधुमेह और कैंसर जैसी बीमारियां भारत की अर्थव्यवस्था को प्रभावित करेंगी।

इस रिपोर्ट के अनुसार सन 2012 से 2030 के बीच इन बीमारियों के इलाज पर करीब 6.2 खरब डॉलर (41 लाख करोड़ रुपये से अधिक) खर्च होने का अनुमान है। रिपोर्ट में इन बीमारियों के भारत और चीन के शहरी इलाकों में तेजी से फैलने का खतरा बताया गया है। बताया गया है कि असंक्रामक रोग शहरों में रहने वाली मानव आबादी के स्वास्थ्य के लिए ही खतरा नहीं है बल्कि इसके चलते अर्थव्यवस्था भी प्रभावित होने का अनुमान है। बढ़ता शहरीकरण और वहां पर काम और जीवनशैली की स्थितियां असंक्रामक रोगों के बढ़ने का मुख्य कारण है। सन 2014 से 2050 के बीच में भारत में 404 मिलियन (40 करोड़ चालीस लाख) आबादी शहरों का हिस्सा बनेगी। इसके चलते शहरों में अनियोजित विकास होने से स्थिति बदतर होगी। हमारे देश में व्यवस्था की नाकामी और विभिन्न वातावरणीय कारकों के कारण बीमारियों का प्रकोप ज्यादा होता है। भारत में डॉक्टरों की उपलब्धता की स्थिति वियतनाम और अल्जीरिया जैसे देशों से भी बदतर है। डॉक्टरों की कमी के कारण गरीब लोगों को स्वास्थ्य सुविधाएं मिलने में देरी होती है। यह स्थिति अन्ततः पूरे देश के स्वास्थ्य को प्रभावित करती है। स्वास्थ्य और परिवार कल्याण पर गठित संसदीय समिति ने पिछले दिनों जारी अपनी रिपोर्ट में यह माना है कि हमारे देश में आम लोगों को समय पर स्वास्थ्य सुविधाएं न मिलने के अनेक कारण हैं। इसलिए स्वास्थ्य सुविधाओं को और तीव्र बनाने की जरूरत है। जनसंख्या वृद्धि के कारण बीमार लोगों की संख्या बढ़ती जा रही है। गौरतलब है चीन ,ब्राजील और श्रीलंका जैसे देश भी स्वास्थ्य के क्षेत्र में हमसे ज्यादा खर्च करते हैं। पिछले दिनों योजना आयोग की एक विशेषज्ञ समिति ने भी यह सिफारिश की थी कि सार्वजनिक चिकित्सा सेवाओं के लिए आबंटन बढ़ाया जाए। चिकित्सा सेवा को दुरुस्त बनाकर ही हम आबादी को स्वस्थ रख सकेंगे।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)



## मालेगांव बम धमाका
अरविंद जयतिलक

# भगवा आतंकवाद का गढ़ा गुब्बारा फूटा

**2008 के मालेगांव बम धमाके मामले में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआइए) की विशेष अदालत ने सभी सात आरोपियों को बरी कर दिया है। साध्वी प्रज्ञा सिंह ठाकुर समेत सभी आरोपियों को बरी किए जाने से हिंदू आतंकवाद पर काली सियासत करने वाले तथाकथित सेक्युलर दलों की बेचैनी बढ़ गयी है। उनका मुंह काला हुआ है। उनके भगवा आतंकवाद के जुमले की हवा निकल गई है। उनकी बेचैनी इस कदर बढ़ गयी है कि वे अब एनआइए अदालत के फैसले पर परोक्ष रूप से सवाल खड़ा कर रहे हैं। अब सवाल यह उठता है कि फिर प्रज्ञा सिंह ठाकुर, कर्नल पुरोहित समेत सभी सात लोगों को फंसाने की साजिश किसके इशारे पर रची गयी? मालेगांव कांड का असली गुनाहगार कौन है?**

सत्रह साल बाद 2008 के मालेगांव बम धमाके मामले में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआइए) की विशेष अदालत ने सभी सात आरोपियों को बरी कर दिया है। अदालत ने सभी आरोपियों को निर्दोष करार देते हुए कहा है कि अभियोजन पक्ष साबित नहीं कर पाया कि ब्लास्ट स्थल पर मिली बाइक में आरडीएक्स लगाया गया था। उल्लेखनीय है कि इस मामले में सात लोग आरोपी बनाए गए थे, जिनमें लेफ्टिनेंट कर्नल प्रसाद पुरोहित, पूर्व भाजपा सांसद साध्वी प्रज्ञा सिंह ठाकुर और रिटायर्ड मेजर रमेश उपाध्याय शामिल थे। इन सभी लोगों पर मालेगांव बम धमाके में शामिल होने के तौर पर आरोप लगाए गए थे। साध्वी प्रज्ञा सिंह ठाकुर समेत सभी आरोपियों को बरी किए जाने से हिंदू आतंकवाद पर काली सियासत करने वाले तथाकथित सेक्युलर दलों की बेचैनी बढ़ गयी है। उनका मुंह काला हुआ है।

उनके भगवा आतंकवाद के जुमले की हवा निकल गई है। उनकी बेचैनी इस कदर बढ़ गयी है कि वे अब एनआइए अदालत के फैसले पर परोक्ष रूप से सवाल खड़ा कर रहे हैं। यह प्रवृत्ति ठीक नहीं है। अब जब हिंदू आतंकवाद का गढ़ा-बुना गया गुब्बारा फट गया है और यह सच भी दुनिया के सामने उजागर हो गया है कि यूपीए सरकार के इशारे पर ही प्रज्ञा सिंह ठाकुर एवं अन्य लोगों को फंसाने की साजिश रची गयी तो अब साजिश रचने वाले किंकर्तव्यविमुढ़ हैं और किस्म-किस्म के कुतर्कों का सहारा ले रहे हैं। कांग्रेस समेत उन सभी तथाकथित सेक्युलर दलों की पोल खुल गयी है जो कभी चीख-चीखकर हिंदू संगठनों को आतंकवाद का कारखाना बताने से हिचकते नहीं थे। उचित होगा कि अब वे देश से क्षमा मांगकर पश्चाताप करें कि हिंदू संस्कृति और संगठनों को बदनाम क्यों किया। लेकिन ऐसा करने के बजाए वे अब भी कुतर्कों के आसन पर जमे हैं। याद होगा कि ज्यों ही साध्वी प्रज्ञा की गिरफ्तारी हुई, कांग्रेस एवं तथाकथित सेक्युलर दलों ने यह प्रचारित करना शुरू कर दिया था कि देश के लिए भगवा आतंकवाद खतरा बन रहा है। ध्यान देना होगा कि जिस समय भगवा आतंकवाद की थ्योरी गढ़ी-बुनी गयी, उस समय कांग्रेसनीत सरकार के गृहमंत्री शिवराज पाटिल थे। उनके बाद गृहमंत्री बने सुशील कुमार शिंदे ने भगवा आतंकवाद को खूब हवा दी। उन्होंने एक कथित जांच रिपोर्ट को आधार बनाते हुए कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और भारतीय जनता पार्टी पर आतंकवादी ट्रेनिंग कैंप चलाने का आरोप है। तब शिंदे के इस वक्तव्य को लेकर देशभर में आलोचना और निंदा हुई। लेकिन दुर्भाग्यपूर्ण बात यह कि सुशील कुमार शिंदे के वक्तव्य को सही ठहराने के लिए कांग्रेस सरकार ने तब मक्का मस्जिद विस्फोट मामले में असली गुनाहगारों को छोड़कर हिंदू संगठनों के सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया। कुतर्क गढ़ा कि विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल जैसे दल अपने सदस्यों को हथियार चलाने का प्रशिक्षण देते हैं। हद तो तब हो गयी जब उनके बाद पी.चिदंबरम गृहमंत्री बने तो वे भी यह कहते सुने गए कि भगवा आतंकवाद देश की आंतरिक सुरक्षा के लिहाज से बेहद खतरनाक है। भगवा आतंकवाद देश के लिए नई घटना है। गौर कीजिए कि बी रमण जो तत्कालीन कांग्रेसनीत सरकार के मंत्रिमंडलीय सचिवालय के अपर सचिव रहे, उनकी मानें तो भगवा



आतंकवाद की शुरुआत तत्कालीन सरकार की पाकिस्तान और भारतीय मुसलमान समुदाय जो आतंकवाद में लिप्त हैं, के प्रति कथित नरम नीति के कारण हुई। अब जब अदालत ने इस मामले में सभी आरोपियों को बरी कर दिया है, के बाद सवाल उठना लाजिमी है कि फिर मालेगांव विस्फोट मामले का असली गुनाहगार कौन है? कहीं ऐसा तो नहीं कि हिंदू संगठनों को बदनाम करने की साजिश में संलिप्त तत्कालीन कांग्रेसनीत सरकार ने असली गुनाहगारों को छोड़ दिया? गौर करें तो भगवा आतंकवाद को सही ठहराने के लिए उस दौरान जितने भी विस्फोट हुए, सभी में हिंदू संगठनों के सदस्यों को ही आरोपी बनाया गया। 2007 के समझौता एक्सप्रेस धमाके में भारतीय सेना के अफसर रहे श्रीकांत पुरोहित को गिरफ्तार किया गया। इसी तरह अजमेर दरगाह धमाके में भी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ को घेरने की कोशिश की गयी। मालेगांव विस्फोट मामले पर गौर करें तो 29 सितंबर 2008 को महाराष्ट्र के मालेगांव में रमजान के दौरान एक मस्जिद के बाहर मोटरसाइकिल में बम धमाका हुआ था जिसमें सात लोगों की मौत हुई थी। सैकड़ों लोग घायल हुए थे। इन धमाकों की जांच करने वाली महाराष्ट्र पुलिस और मुंबई एटीएस ने साध्वी प्रज्ञा सिंह ठाकुर को धमाकों का मास्टरमाइंड माना और 23 अक्टूबर 2008 को उन्हें गिरफ्तार कर लिया। इस बम धमाके की शुरुआती जांच मुंबई एटीएस प्रमुख हेमंत करकरे ने की जो अब दुनिया में नहीं हैं। वे 26/11 आतंकी हमले में शहीद हो गए। एक दशक तक चले मुकदमें के दौरान अभियोजन पक्ष ने 323 गवाहों से पूछताछ की जिनमें से 34 अपने बयान से पलट गए। उस दरम्यान कांग्रेस महासचिव दिग्विजय सिंह समेत कई नेताओं ने खूब कुप्रचारित किया कि इस बम धमाके के पीछे हिंदू संगठनों का हाथ है। यहां तक कि शहीद हुए हेमंत करकरे की हत्या के पीछे भी हिंदू संगठनों के हाथ होने का दावा किया गया। लेकिन 2016 में एनआइए द्वारा पूरक एवं अंतिम जांच रिपोर्ट सामने आने के बाद दूध का दूध और पानी का पानी हो गया। तब एनआइए ने अपर्याप्त सबूतों का हवाल देते हुए आरोपियों को क्लीनचिट दे दी। बता दें कि 2009 में मुंबई एटीएस ने इस मामले में अदालत में जो चार्जशीट दाखिल की थी उसमें प्रज्ञा सिंह ठाकुर समेत सभी सात आरोपियों के विरुद्ध गंभीर आरोप लगाए थे। मुंबई एटीएस ने अपनी जांच में कहा था कि विस्फोटक के साथ रखी मोटरसाइकिल साध्वी प्रज्ञा सिंह ठाकुर की थी और वह मुस्लिम बहुल इलाकों में धमाके के लिए आयोजित बैठकों में शामिल होती थी। मुंबई एटीएस ने यह भी आरोप जड़ा था कि भोपाल में साध्वी प्रज्ञा सिंह ठाकुर के साथ हुई एक बैठक में कर्नल पुरोहित ने विस्फोटक मुहैया कराने की बात कही थी। लेकिन अदालत ने स्पष्ट कर दिया है कि कर्नल पुरोहित के घर में आरडीएक्स भंडारण का कोई सबूत नहीं मिला है और न ही यह साबित हुआ है कि उन्होंने बम को असेंबल किया। घटनास्थल से कोई खाली खोल बरामद नहीं हुए जबकि आरोप में फायरिंग की बात कही गई थी। न तो कोई फिंगर प्रिंट और न ही डीएनए सैंपल लिया गया। यहां तक कि मोटरसाइकिल का चेसिस नंबर भी मिटा दिया गया। अदालत ने साध्वी प्रज्ञा सिंह मामले में स्पष्ट कहा है कि मोटरसाइकिल का मालिकाना हक या कब्जे को लेकर कोई ठोस सबूत भी पेश नहीं किया गया। गौरतलब है कि इन सभी पर यह आरोप लगाए गए कि वे फरीदाबाद और भोपाल में साजिश रचने के लिए बैठक में शामिल हुए। लेकिन अदालत ने कहा है कि इसका कोई सबूत नहीं मिला है। अब सवाल यह उठता है कि फिर प्रज्ञा सिंह ठाकुर, कर्नल पुरोहित समेत सभी सात लोगों को फंसाने की साजिश किसके इशारे पर रची गयी? मालेगांव कांड का असली गुनाहगार कौन है?

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

# श्रीकृष्ण का क्रिया योग



संकलित
## दर्शन

योगदा सत्संग सोसाइटी के संस्थापक और 'योगी कथामृत' के लेखक श्री श्री परमहंस योगानंद की श्रीमद्भगवद्गीता पर व्याख्या 'ईश्वर-अर्जुन संवाद' के अनुसार, कृष्ण शब्द की अनेक व्युत्पत्ति में हैं। इनमें 'श्याम' सर्वाधिक प्रचलित है, जो उनके रंग-रूप की ओर संकेत करता है। उन्हें चित्रों में प्रायः गाढ़े नीले रंग का दिखाया जाता है, जो देवत्व का प्रतीक है। नीला रंग दिव्य नेत्र में (भ्रूमध्य के बीच) दिखने वाले नीले प्रकाश का भी प्रतीक है, जो योग में चेतना की कूटस्थ चैतन्य अवस्था को दर्शाता है। मतलब कृष्ण का रंग आध्यात्मिकता का भी प्रतीक है और एक गूढ़ अर्थ की ओर संकेत करता है। योगानंद जी के अनुसार, इंद्रिय जनित लिप्स ग्रस्त संसार दिव्य प्रेम की शुद्धता को नहीं समझ पाता। शाब्दिक अर्थों से परे गोपियों संग कृष्ण लीलाओं का प्रतीकात्मक अर्थ, ब्रह्म और सृष्टि के उस रास से है, जो ईश्वरीय लीला को संसार में व्यक्त करता है। कृष्ण की वंशी की मधुर तान भक्तों को ध्यान जनित समाधि के मंडप में आने को पुकारती हैं, ताकि वह आनंददायक ईश्वरीय प्रेम का पान कर सकें। कृष्ण के जीवन का दर्शन हमें भौतिक जीवन के दायित्वों के निर्वहन और उन्हीं के बीच ईश्वर का सानिध्य पाने के प्रयासों के मध्य सामंजस्य साधना सिखाता है। कृष्ण सिखाते हैं कि परिवेश कुछ भी हो, ईश्वर को वहीं ले आओ, जहां उसने तुम्हें रखा है। कृष्ण ने अपने राजसी दायित्व निभाने हेतु दुष्ट शासकों के विरुद्ध कई अभियान किए, जिनमें कौरव-पांडवों के बीच हुए महाभारत युद्ध में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।


# क्या भोग लगाना पाखंड है?



संकलित
## प्रेरणा

एक बार सन 1989 में मैंने सुबह टीवी खोला तो जगत गुरु शंकराचार्य कांची कामकोटि जी से प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम चल रहा था। एक व्यक्ति ने प्रश्न किया कि हम भगवान को भोग क्यों लगाते हैं। जगद्गुरु शंकराचार्य जी ने कहा यह समझने की बात है कि जब हम प्रभु को भोग लगाते हैं तो वह उसमें से क्या ग्रहण करते हैं। मान लीजिए कि आप लड्डू लेकर भगवान को भोग चढ़ाने मंदिर जा रहे हैं और रास्ते में आपका जानने वाला कोई मिलता है और पूछता है यह क्या है तब आप उसे बताते हैं कि यह लड्डू है। फिर वह पूछता है कि किसका है? तब आप कहते हैं कि यह मेरा है। फिर जब आप वही मिष्ठान्न प्रभु के श्री चरणों में रख कर उन्हें समर्पित कर देते हैं और उसे लेकर घर को चलते हैं तब फिर आपको जानने वाला कोई दूसरा मिलता है और वह पूछता है कि यह क्या है ? तब आप कहते हैं कि यह प्रसाद है फिर वह पूछता है कि किसका है तब आप कहते हैं कि यह हनुमान जी का है। अब समझने वाली बात यह है कि लड्डू वही है। उसके रंग रूप स्वाद परिमाण में कोई अंतर नहीं पड़ता है तो प्रभु ने उसमें से क्या ग्रहण किया कि उसका नाम बदल गया। वास्तव में प्रभु ने मनुष्य के मम-कार को हर लिया। यह मेरा है का जो भाव था, अहंकार था प्रभु के चरणों में समर्पित करते ही उसका हरण हो गया। प्रभु को भोग लगाने से मनुष्य विनीत स्वभाव का बनता है शीलवान होता है। अहंकार रहित स्वच्छ और निर्मल चित्त मन का बनता है। इसलिए इसे पाखंड नहीं कहा जा सकता है।

## सटाका




## आज की पाती


### पूर्व घटनाओं से भी प्रशासन ने सबक नहीं लिया

मनसा देवी मंदिर भगदड़ में छह लोगों की मौत हो गई और 40 लोग घायल हो गए। बिजली का करंट लगने से यह घटना हुई है। हाल ही में जगन्नाथपूरी की घटना और बेंगलुरु में खेले गए मैच के दौरान इन दो घटनाओ के बाद भी प्रशासन ने सबक नही लिया। प्रशासन को हर समय सतर्क रहने की जरूरत है। धार्मिक स्थलों पर घटनाओं का सिलसिला खत्म होता नजर नही आ रहा है। अक्सर ऐसी घटना ज्यादा भीड़भाड़ वाली जगह पर होती है, लेकिन सरकार को सुरक्षा व्यवस्था करनी चाहिए। दर्शन की होड़ और कुप्रबंधन के चलते हादसे हो जाते है। अभी दर्शन के लिए मन्दिरों में पैर रखने की जगह नही रहती है। सावन महीना अगले सप्ताह तक चलेगा। भीड़ बढ़ेगी, जबकि पुलिस प्रशासन अभी भी बन्दोबस्त से आंखे बंद किए हुए है।

*–कांतिलाल मांडोत, सूरत*

## करंट अफेयर

# ट्रंप प्रशासन के प्रतिबंधों का गंभीर प्रभाव पड़ेगा : फ्रांसेस्का



संयुक्त राष्ट्र की स्वतंत्र जांचकर्ता और गाजा में इजराइल की नीतियों की मुखर आलोचक फ्रांसेस्का अल्बानीज ने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन ने हाल ही में उन पर जो प्रतिबंध लगाए हैं, उनका उनके जीवन और काम पर गंभीर प्रभाव पड़ेगा। फ्रांसेस्का गाजी पट्टी और वेस्ट बैंक के लिए संयुक्त राष्ट्र की विशेष वार्ताकार हैं। वह जेनेवा में 47 सदस्यीय संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद की ओर से चुने गए एक विशेषज्ञ समूह की सदस्य भी हैं। फ्रांसेस्का को फलस्तीनी क्षेत्र में मानवाधिकारों के कथित हनन की जांच का जिम्मा सौंपा गया है। वह गाजा पट्टी में फलस्तीनियों के "नरसंहार" को लेकर इजराइल की मुखर आलोचक रही हैं। हालांकि, इजराइल और उसे सैन्य सहायता उपलब्ध कराने वाले अमेरिका, दोनों ने फ्रांसेस्का के आरोप का दृढ़तापूर्वक खंडन किया है। अमेरिका ने कहा कि उसके और इजराइल के खिलाफ एक तरह का "राजनीतिक और आर्थिक युद्ध अभियान" चलाया जा रहा है। ट्रंप प्रशासन ने फ्रांसेस्का को उनके पद से हटाने के लिए संयुक्त राष्ट्र पर दबाव डाला था, लेकिन वह इसमें नाकाम रहा, जिसके बाद उसने जुलाई की शुरुआत में उन पर प्रतिबंध लगा दिए।

## ऑफ बीट

# पुराना पीठ दर्द मस्तिष्क से होता है उत्पन्न



पुराने पीठ दर्द से पीड़ित अधिकांश लोग स्वाभाविक रूप से सोचते हैं कि उनका दर्द चोट या शरीर में अन्य समस्याओं जैसे गठिया या उभरी हुई डिस्क के कारण होता है। लेकिन हमारी शोध टीम ने पाया है कि मस्तिष्क में होने वाली प्रक्रिया के रूप में दर्द के मूल कारण के बारे में सोचने से रिकवरी को बढ़ावा देने में मदद मिल सकती है। हम दर्द पुनर्संसाधन थेरेपी नामक एक मनोवैज्ञानिक उपचार का अध्ययन कर रहे हैं जो मस्तिष्क में अप्रभावी और अनावश्यक दर्द संकेतों को 'बंद' करने में मदद कर सकता है। पुराने समय से चला आ रहा दर्द आज सबसे बड़ी स्वास्थ्य समस्याओं में से एक है। यह अमेरिका में विकलांगता का प्रमुख कारण है, और इसकी आर्थिक लागत मधुमेह या कैंसर से भी अधिक है। सबसे आम दीर्घकालिक दर्द पीठ दर्द है। कई मरीज़ – और डॉक्टर – पीठ की विभिन्न समस्याओं की पहचान करने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं जिनके बारे में उन्हें संदेह है कि यह दर्द का कारण हो सकता है। इसलिए वे हर तरह के उपचार आज़माते हैं, लेकिन अक्सर कोई फायदा नहीं होता। वैज्ञानिकों की बढ़ती संख्या अब यह मानती है कि पुराने पीठ दर्द के कई मामले मुख्य रूप से मस्तिष्क में परिवर्तन के कारण होते हैं। दर्द किसी चोट से उत्पन्न हो सकता है, लेकिन फिर दर्द प्रणाली वहीं 'अटक' सकती है।

## ट्रेंड

### कांग्रेस का अपराध



मालेगांव विस्फोट प्रकरण में सभी आरोपियों का निर्दोष सिद्ध होना 'सत्यमेव जयते' की सजीव उद्घोषणा है। यह निर्णय कांग्रेस के सनातन विरोधी चरित्र को पुनः उजागर करता है, जिसने 'भगवा आतंकवाद' जैसा मिथ्या शब्द गढ़कर अपराध किया है।

-योगी आदित्यनाथ, सीएम, उप्र


### सत्य की विजय



मालेगांव ब्लास्ट केस में साध्वी प्रज्ञा सिंह ठाकुर एवं लेफ्टिनेंट कर्नल प्रसाद पुरोहित समेत सभी अभियुक्त निर्दोष साबित हुए हैं। यह सत्य की विजय है, वह सत्य जो वर्षों से कांग्रेस द्वारा गढ़े गए 'हिंदू आतंकवाद' के झूठे नैरेटिव के विरुद्ध संघर्षरत था।

-डॉ. मेधा कुलकर्णी, राज्यसभा सांसद

### मेढ़े का निधन दुखद



राष्ट्र सेविका समिति की प्रमुख संचालिका प्रमिल मौसी मेढ़े के निधन का समाचार दु:खद है। उन्हें मातृशक्ति को जागरूक करने व राष्ट्र निर्माण में सशक्त भूमिका निभाने के लिए सदैव स्मरण किया जाएगा।

नायब सिंह सैनी, सीएम, हरियाणा

### आत्मनिर्भरता



मित्र देश बताने के बावजूद अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प द्वारा भारतीय आयात पर कल 25 प्रतिशत शुल्क तथा रूस से तेल आयात करने पर पेनाल्टी लगाने की नई उभरी चुनौती को केन्द्र सरकार इसे अवसर एवं आत्मनिर्भरता में बदलकर देश की अर्थव्यवस्था को प्रभावित नहीं होने देगी।

-मायावती, पूर्व सीएम, उप्र

## अपने विचार


**हरिभूमि कार्यालय**

पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
aapkepatra.haribhoomi@gmail.com
पर भेज सकते हैं।

कोलार थाना क्षेत्र स्थित कजलीखेड़ा का मामला

# मां की फटकार से दुखी 14 साल की किशोरी ने लगाई फांसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



कोलार थाना क्षेत्र स्थित कजलीखेड़ा में गुरुवार दोपहर 14 साल की किशोरी ने मां की साड़ी का फंदा बनाकर फांसी लगा ली। उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। प्रारंभिक जांच में पता चला कि मोहल्ले में रहने वाले एक किशोर से उसकी दोस्ती थी। परिजन इस बात से नाराज थे। इसी बात को लेकर मां ने उसे फटकार भी लगाई थी। मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी गई है।

पुलिस के अनुसार ग्राम कजलीखेड़ा लोहार मोहल्ला निवासी राजू भिड़े लोहे के औजार बनाने का काम करते हैं। परिवार में पत्नी के अलावा तीन बच्चे हैं। बड़ी बेटी सोना भिड़े (14) पांचवीं कक्षा के बाद पढ़ाई छोड़ दी थी। गुरुवार दोपहर 12 बजे से 1 बजे के बीच सोना ने अंदर वाले कमरे में लोहे के पाइप से साड़ी का फंदा बनाकर फांसी लगा ली। नजर पड़ते ही परिजन उसे फंदे से उतारकर निजी अस्पताल लेकर पहुंचे। वहां डॉक्टर ने चेक करने के बाद सोना को मृत घोषित कर दिया।

सूचना मिलते ही एफएसएल पार्टी के साथ पुलिस की टीम मौके पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस की पूछताछ में पता चला कि इलाके में रहने वाले एक किशोर से सोना की दोस्ती थी। वो उससे मोबाइल पर बात करती थी और बाहर भी मिलना-जुलना था। यह बात परिजन को पसंद नहीं थी। उसकी मां ने इस बात को लेकर उसे फटकार भी लगाई थी। अनुमान है कि इसी बात से दुखी होकर किशोरी ने फांसी लगाकर आत्महत्या की है।

## हथेली पर सुसाइड नोट लिखकर फंदे पर झूली महिला

निशातपुरा थाना क्षेत्र स्थित दुर्गा नगर पलासी का मामला

**भोपाल।** निशातपुरा थाना क्षेत्र स्थित दुर्गा नगर पलासी में एक महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। आत्महत्या से पहले उसने बांए हाथ की हथैली पर सुसाइड नोट लिखा था, जिसमें उसने आत्महत्या के लिए खुद को जिम्मेदार ठहराया है। हथैली में लिखे सुसाइड नोट से आत्महत्या की वजह का पता नहीं चल सका है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस आत्महत्या के कारण का पता लगा रही है।

पुलिस के अनुसार स्वाती राजपूत पति राहुल राजपूत (27) दुर्गा नगर, पलासी में रहती थी। स्वाती का पति राहुल विद्युत विभाग में ठेकेदारी पर काम करता है। राहुल ने पुलिस को बताया कि उसके परिवार में छह साल की बेटी और पत्नी स्वाती थी। उनके साथ उनका साला और साली भी रहते हैं। मंगलवार रात परिवार ने साथ खाना खाया और नाइट ड्यूटी होने के कारण राहुल ड्यूटी चला गया। बुधवार सुबह करीब साढ़े 5 बजे बेटी की नींद खुली तो उसने मां को फांसी के फंदे पर लटके देखा था। उसकी चीख पुकार सुनकर पास ही कमरे में सो रहा मामा और मौसी आ गए। इसके बाद स्वाती का शव फंदे से उतारा गया। उम्मीद होने के कारण स्वाती का भाई उसे लेकर पीपुल्स अस्पताल पहुंचा। वहां डॉक्टर ने चेक करने के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने स्वाती के हाथ पर लिखा सुसाइड नोट देखा तो उसमें लिखा था कि मैं अपने परिवार से बहुत प्रेम करती हूं। मेरी मौत के बाद परिजन को परेशान न किया जाए। स्वाती और राहुल की शादी को करीब आठ साल हो चुके है। मायके पक्ष ने राहुल पर किसी तरह के आरोप नहीं लगाए है।

## शराब पीकर घर पहुंचे अधिवक्ता की पत्नी से कहासुनी, पानी की सटक से लगाई फांसी

**भोपाल।** कटारा हिल्स थाना क्षेत्र स्थित स्काई कॉलोनी में बुधवार देर रात शराब के नशे में घर पहुंचे अधिवक्ता की पत्नी से कहासुनी हो गई। कहासुनी बढ़ने पर उन्होंने पत्नी को घर बाहर निकाला और पानी की सटक से कमरे में फांसी लगा ली। पड़ोसी की मदद से पत्नी उन्हें फंदे से उतारकर एम्स लेकर पहुंची, वहां डॉक्टर ने चेक करने पर अधिवक्ता को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस के अनुसार राजेंद्र मैथिल पिता किशोरीलाल मैथिल (50) मकान नंबर-610, स्काई कॉलोनी, कटारा हिल्स में रहते थे और वरिष्ठ अधिवक्ता थे। बुधवार रात करीब साढ़े 11 बजे वह घर पहुंचे। वे शराब के नशे में थे। पत्नी ने उन्हें शराब पीकर आने का कारण पूछा तो उनकी पत्नी से कहासुनी हो गई। कहासुनी बढ़ने पर उनका पत्नी से विवाद होने लगा। इस पर उन्होंने पत्नी को घर के बाहर निकाल दिया और अंदर से दरवाजा बंद कर पानी की सटक से फांसी लगा ली। पत्नी ने उन्हें दरवाजा खोलने की गुजारिश की, लेकिन अंदर से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली। पत्नी ने पड़ोसी की मदद से दरवाजा तोड़ा तो वे फांसी के फंदे पर लटके नजर आए। उन्हें फंदे से उतारकर एम्स ले जाया गया, लेकिन उनकी मौत हो चुकी थी।



## खबर संक्षेप



### गुरुद्वारा कमेटी के सदस्यों ने पटवा से की भेंट

**औबेदुल्लागंज।** गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के सदस्य मनजीत सिंह, हरदीप सिंह, तेजेंद्र सिंह ने विधायक सुरेंद्र पटवा से भेंट की। इस दौरान गुरुद्वारा के विकास के लिए विधायक निधि से राशि प्रदान कराने की मांग की। विधायक पटवा ने सहयोग करने का आश्वान दिया और कहा भव्य और सुंदर गुरुद्वारा का काम शीघ्र होगा।

### युवा को भाजपा महामंत्री बनाने पर जोर

**औबेदुल्लागंज।** वर्तमान जिला भाजपा महामंत्री 13 साल से पद पर हैं, 4 साल औबेदुल्लागंज मंडल महामंत्री रहे, फिर 4 साल औबेदुल्लागंज मंडल अध्यक्ष रहे, 5 साल से लगातार जिला महामंत्री हैं। भाजपा कार्यकर्ता और वरिष्ठ भाजपा नेताओं का कहना है कि 13 साल से पदों पर रहकर भी 13 कार्यकर्ता नहीं बना पाए। कभी पार्षद का चुनाव नहीं लड़ा। जिला महामंत्री जिला अध्यक्ष की दौड़ में भी रहे। वरिष्ठ भाजपा नेताओं ने कहा कि कार्यकर्ताओं के मन की सुनो और नए युवा को महामंत्री बनाओ। प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल, सह संगठन महामंत्री शिव प्रकाश एवं प्रदेश प्रभारी महेंद्र सिंह ने भी कहां कि अच्छे और संगठन को मजबूत बनाने वालों को जिले में पद दें, जिससे पार्टी मजबूत और सक्रिय रहे।

### बल्लू अरोरा का मनाया जन्मदिन, दी बधाई



**औबेदुल्लागंज।** बहावलपुरी समाज के अध्यक्ष और व्यापार महासंघ के बल्लू अरोरा का जन्मदिन हर्षोल्लास से मनाया। अरोरा के जन्मदिन पर केक काट कर बधाई दी। हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष राजेश खटीक, व्यापार संघ अध्यक्ष जगदीश चंदानी, सचिव प्रदीप अरोरा, विक्रम धाड़ी, गिरीश चावला, सुधीर, कमल, नीरज चावला, कैलाश डब्बू नागर, अशोक जायसवाल, दिनेश सेन, आशीष दीक्षित आदि ने बधाई दी।

### मारपीट के दोषी को एक वर्ष की सजा

**भोपाल।** एंबूलेंस खड़ी करने के विवाद को लेकर एंबूलेंस संचालक से मारपीट करने के दोषी मो.अमन को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश मनोज कुमार श्रीवास्तव ने भादंसं की धारा-324 के अंतर्गत दोषी ठहराते हुए एक वर्ष के कठोर कारावास और 500 रुपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया है। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने मामले के सह आरोपी सुशील खरे को बरी कर दिया है।

**शुभांक**

| | | | |
|---|---|---|---|
| कल्याण: | 8316 | | |
| दिन: | 367 | 67 | 566 |
| रात: | 289 | 91 | 227 |
| तारा: | | | |
| दिन: | 340 | 74 | 248 |
| रात: | 357 | 57 | 890 |

क्राइम ब्रांच ने अब तक 6 को किया गिरफ्तार

# एमडी ड्रग तस्करी में एक और आरोपी अंशुल अरेस्ट, 4 अगस्त तक रिमांड

**नए शहर में संगठित अपराधों में शामिल रहा है अंशुल उर्फ भूरी**

◆ टीटी नगर थाने का निगरानी बदमाश है अंशुल, पूर्व में करीब 20 प्रकरण दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



क्राइम ब्रांच ने एमडी तस्करी से जुड़े एक और आरोपी अंशुल उर्फ भूरी को गिरफ्तार किया है। उसे कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट से उसे 4 अगस्त तक की रिमांड पर लिया गया है। रिमांड के दौरान आरोपी से पुलिस एमडी ड्रग्स से जुड़े अन्य आरोपियों के बारे में पूछताछ कर उन तक पहुंचने का प्रयास करेंगी।

एडिशनल डीसीपी क्राइम ब्रांच शैलेंद्र सिंह चौहान ने बताया कि अब तक इस मामले में यह छठी गिरफ्तारी है। यासीन मछली, शाहवर सहित चार लोगों को एमडी ड्रग की तस्करी करते दबोचा था, जबकि जगजीस उर्फ जग्गा को हथियार की तस्करी के मामले में पुलिस ने गिरफ्तार किया था। अब छठी गिरफ्तारी की गई। गिरफ्तार अंशुल उर्फ भूरी नए शहर में संगठित अपराधों में शामिल रहा है। टीटी नगर थाने का निगरानी बदमाश है। उस पर पूर्व में शराब तस्करी के प्रकरण दर्ज किए जा चुके हैं। उसके खिलाफ बीस से अधिक हत्या के प्रयास, मारपीट, बलवा, आर्म्स एक्ट और तस्करी जैसे गंभीर अपराध दर्ज हैं।

**मोबाइल में मिली चैट**

आरोपी को पूर्व में हिरासत में लिया गया था। उसके खिलाफ पर्याप्त सबूत नहीं मिलने के कारण उसे क्राइम ब्रांच ने छोड़ दिया और शहर में रहने की हिदायत दी थी। क्राइम ब्रांच की टीम उस पर नजर रखे हुए थी। जैसे ही पता चला कि यासीन मछली से उसकी मोबाइल पर ड्रग्स के सिलसिले में चेटिंग हुई है और अकाउंट में लेनदेन भी हुआ है तो क्राइम ब्रांच ने उसे गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को कोर्ट में पेश कर 4 अगस्त तक की रिमांड पर लिया है।

### भाजपा सरकार सख्त और संवेदनशील कांग्रेस के मंचों से अपराधी निकल रहे

**ड्रग तस्करी मामले में गिरफ्तारी पर भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी अग्रवाल ने कांग्रेस को घेरा**



**भोपाल।** भोपाल में ड्रग तस्करी के मामले में क्राइम ब्रांच द्वारा अंशुल सिंह उर्फ भूरी को पकड़ने के मामले में भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष ऊषा अग्रवाल ने कांग्रेस को घेरा है। अग्रवाल ने सोशल मीडिया पोस्ट करते हुए कहा कि कांग्रेस के हाथ में अपराधियों का हाथ। भोपाल क्राइम ब्रांच ने जिस ड्रग्स पेडलर अंशुल सिंह उर्फ भूरी को पकड़ा है, वह जीतू पटवारी की कांग्रेस का युवा चेहरा है। यह वही अंशुल सिंह है, जिसने कांग्रेस का संगठनात्मक चुनाव लड़ा। कांग्रेस नेताओं दिग्विजय सिंह, उमंग सिंघार, पीसी शर्मा, जयवर्धन सिंह और विक्रांत भूरिया के साथ उसके कई फोटो सार्वजनिक हैं। अंशुल का संबंध विभिन्न ड्रग तस्करों से भी सार्वजानिक हुआ है। मध्यप्रदेश कांग्रेस और उसके अध्यक्ष जीतू पटवारी को जवाब देना चाहिए कि क्या युवा कांग्रेस में घुसपैठ कर चुके ड्रग्स माफिया को संरक्षण कांग्रेस दे रही है? क्या कांग्रेस का नेतृत्व अपराधियों को मंच और पहचान देने का माध्यम बनता जा रहा है? भाजपा की सरकार सख्त और संवेदनशील हैं, लेकिन कांग्रेस के मंचों से अपराधी निकल रहे हैं। जनता जानना चाहती है कि 'ड्रग्स माफिया के साथ कांग्रेस का यह संबंध क्या कहलाता है?

पड़ोसी और बाइक सवार सहित तीन के खिलाफ प्रकरण दर्ज

# स्पोर्ट बाइक से स्ट्रीट डॉग को रौंदा, बचाव कर रही महिला डेंटिस्ट के साथ की अभद्रता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

टीटी नगर थाना क्षेत्र स्थित शास्त्री नगर में स्पोर्ट बाइक से कुत्ते के बच्चे को बेरहमी से रौंदने का मामला सामने आया है। गंभीर हालत में उसका अस्पताल में इलाज चल रहा है। दरअसल, एक महिला डेंटिस्ट अपने घर के सामने स्ट्रीट डॉग्स को खाना खिलाती हैं। इसी बात को लेकर उनका पड़ोसियों से विवाद चल रहा है। पड़ोसी ने स्ट्रीट डॉग्स के साथ मारपीट कर महिला डेंटिस्ट को मौत के घाट उतारने की धमकी दी थी। पुलिस ने महिला डेंटिस्ट की शिकायत पर गाली-गलौज, जान से मारने की धमकी सहित पशु क्रूरता अधिनियम की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है।

पुलिस के अनुसार मोदी निवास शास्त्री नगर भदभदा रोड निवासी डॉ. नेहा जैतव्य मोदी पति जैतव्य मोदी (33) डेंटिस्ट हैं। 20 जुलाई को उनके पड़ोसी ओंकार सोंधिया व प्रीति सक्सेना ने उनसे कहा कि आप लोग मोहल्ले के स्ट्रीट डॉग्स को खाना खिलाती हो। लिहाजा यहां स्ट्रीट डॉग्स घूमते रहते हैं और गंदगी करते हैं। नेहा ने कहा कि हम रोटी डालते हैं तो इसमें आपको क्या आपत्ति है। इसी बात को लेकर उन लोगों ने गाली-गलौज करते हुए कहा कि आइंदा यहां आवारा कुत्तों की भीड़ दिखी या उन्हें खाना खिलाते हुए दिखीं तो जान से खत्म कर देंगे। मोहल्ले की आपसी बात होने से नेहा जैतव्य ने इसे हल्के में ले लिया।

पुलिस ने बताया कि अगले ही दिन 21 जुलाई की रात करीब 10 बजे खाना खाने के बाद नेहा अपने पति के साथ घर के बाहर टहल रही थीं। दोनों को देखकर गली के दो-तीन कुत्ते और उनके बच्चे पास आ गए। इसी बीच डिपो चौराहा की ओर से स्पोर्ट बाइक से आए युवक ने एक कुत्ते के बच्चे का को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर से कुत्ते के बच्चे को गंभीर चोटें आईं। टक्कर मारकर बाइक सवार वहां से भाग निकला। वह स्पोर्टस बाइक पर था।

गंभीर रूप से घायल कुत्ते के बच्चे को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। नेहा का कहना है कि वे गाड़ी का नंबर नहीं देख सकीं। एक दिन पहले ओंकार सोंधिया ने स्ट्रीट डॉग्स के साथ मारपीट की थी। शक है कि उक्त घटना उन्हीं लोगों ने की है। पुलिस ने नेहा की शिकायत पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ पशु क्रूरता अधिनियम की धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज किया है।

## रेलवे ट्रैक के पास मिली युवक की लाश

**भोपाल।** बागसेवनिया थाना क्षेत्र स्थित नारायण नगर रेलवे ट्रैक से गुरुवार सुबह पुलिस ने एक युवक की लाश बरामद की है। प्रारंभिक जांच में अनुमान लगाया जा रहा है कि वह ट्रेन से टकराकर सड़क किनारे गिरा था। सिर में गंभीर चोट होने के कारण उसकी मौत हुई है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस के अनुसार अंकित सिंह पिता राजेंद्र सिंह (25) ईश्वर नगर, झुग्गी में रहता था और पुताई का काम करता था। उसके परिजन ने बताया कि बुधवार रात वह नारायण नगर कलारी के पीछे रेलवे ट्रैक किनारे शराब पी रहा था। उसे घर चलने का कहा। इस पर उसने कहा था कि कुछ देर में आता हूं। इसके बाद वह घर नहीं पहुंचा। गुरुवार सुबह साढ़े 7 बजे परिजन उसे देखने के लिए नारायण नगर रेलवे ट्रैक पहुंचे तो उसकी लाश रेलवे ट्रैक किनारे पड़ी मिली। उसके सिर में गंभीर चोट थी। सूचना मिलते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और उसे शव पीएम के लिए भेजा गया। अनुमान है कि रेलवे ट्रैक पार करते समय वह ट्रेन से टकराया है।



## रील मेकिंग प्रतिभागी आशा कार्यकर्ताओं को किया पुरस्कृत

**मंडीदीप।** स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से संगत संस्था द्वारा आयोजित सहारा कार्यक्रम जो कि इंफोसिस फाउंडेशन द्वारा वित्त पोषित है, के अंतर्गत रील मेकिंग प्रतियोगिता में प्रतिभागी आशा कार्यकर्ताओं को जिला स्तर पर पुरस्कृत किया गया। इस दौरान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एचएन मंडारे, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. सुमन दास, डॉ. भारती, संगत संस्था के सहारा कार्यक्रम की डायरेक्टर डॉ. नित्याश्री, जिला कम्युनिटी मोबाइजर बगीश और सीनियर साइकोलॉजिस्ट डॉ. रीतिका चौहान, संगत संस्था के जिला समन्वयक प्रशांत शर्मा, सुपरवाइजर गौरी शंकर द्विवेदी और कुमारी प्रतीक्षा शर्मा उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने कहा कि आशा कार्यकर्ता स्वास्थ्य विभाग की रीड की हड्डी हैं। रील मेकिंग प्रतियोगिता में पुरस्कृत हुई आशा कार्यकर्ताओं को शुभकामनाएं भी दीं।

## औबेदुल्लागंज थाना पुलिस ने दो नाबालिग लड़कियों को किया बरामद, आरोपियों को भेजा जेल

**औबेदुल्लागंज।** औबेदुल्लागंज थाना पुलिस ने दो नाबालिग लड़कियों को बरामद किया। नाबालिग को बहला-फुसलाकर दुष्कर्म करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर पुलिस ने जेल भेज दिया है। फरियादी सुरेश मेहरा ने 17 जुलाई को थाना औबेदुल्लागंज में रिपोर्ट दर्ज कराया था कि कि उसकी नाबालिग लड़की को अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला फुसला कर भगा ले गया हैं।

रिपोर्ट पर पुलिस ने तत्काल जांच शुरू की। इसके साथ ही मुखबिर व साइबर सेल के तकनीकी मदद के आधार पर पुलिस टीम ने आरोपी व अपहता नाबालिग बालिका को मथुरा (उत्तरप्रदेश राज्य) से 28 जुलाई को बरामद किया। पुलिस ने नाबालिग बालिका के बयान लिए और मेडिकल करवया। इसके बाद आरोपी प्रवीण के विरुद्ध वैधानिक धाराओं का इजाफा किया गया। आरोपी को गिरफ्तार कर कोर्ट पेश किया, जहां से उसे गौहरगंज जेल भेजा दिया गया।

**नाबालिग को भोपाल से बरामद किया**

वहीं 28 जुलाई को फरियादी रामलाल नायक थाना औबेदुल्लागंज ने थाना आकर रिपोर्ट किया कि उसकी नाबालिग लड़की को अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला फुसला कर भगा ले गया हैं। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की गई। पुलिस टीम ने आरोपी व अपहृता नाबालिक बालिका को 30 जुलाई को भोपाल से बरामद कर उनका बयान लिया और मेडिकल जांच करवाई। इसके साथ ही आरोपी को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

## जिला नोटरी अधिवक्ता प्रकोष्ठ की आम सभा का आयोजन

विधिक संवाददाता ▶▶ भोपाल

जिला नोटरी अधिवक्ता प्रकोष्ठ कल्याण की आम सभा का आयोजन जिला अभिभाषक संघ के परिसर में प्रकोष्ठ के अध्यक्ष मनोहर पाठक की अध्यक्षता में किया गया। मध्यप्रदेश स्टेट बार काउंसिल के को-चेयरमैन विजय कुमार चौधरी एवं राजेश व्यास सहित अभिभाषक संघ के उपाध्यक्ष संजय श्रीवास्तव विशेष रूप से उपस्थित हुए। इस दौरान कई मुद्दों पर चर्चा की गई।

प्रकोष्ठ के सचिव गोपाल वाजपेयी ने आम सभा में एक वर्ष में शासन स्तर पर की गई कार्यवाही की जानकारी देते हुए आगामी वर्ष में नोटरी अधिवक्ताओं को सदस्यता प्रमाण पत्र एवं परिचय पत्र दिए जाने तथा नोटरी अधिवक्ताओं की डायरेक्ट्री बनाए जाने की जानकारी दी। आम सभा में अनेक नोटरी अधिवक्ता उपस्थित थे।

## भाजपा नेता को फेसबुक पर धमकी देने वाला आरोपी शहडोल से गिरफ्तार



**भोपाल।** फेसबुक पर भाजपा नेता एम एजाज खान पर पार्टी छोड़ने का दबाव बनाने और जान से मारने की धमकी देने वाले आरोपी को टीला जमालपुरा पुलिस ने शहडोल से गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी डीपी सिंह ने बताया कि भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा मध्यप्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष एम एजाज खान ने विगत 11 जून को लिखित शिकायती आवेदन देते हुए बताया कि कोई अज्ञात व्यक्ति फेसबुक आईडी से विगत 13 मई 2025 से लगातार पार्टी छोड़ने का दबाव बना रहा है और अनर्गल मैसेज कर रहा है। पार्टी नहीं छोड़ने पर गंदी-गंदी गालियां व जान से मारने की धमकी के मैसेज भेज रहा है। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की। प्रकरण में थाना स्तर व जोन 3 कार्यालय की साइबर टीम की संयुक्त टीम को तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर मोबाइल नंबर 8817297842 के माध्यम से आरोपी की लोकेशन ग्राम धनपुरी जिला शहडोल मिलने पर फौरन टीम को रवाना किया गया। टीम ने आरोपी अशरफ सिद्दीकी (42) निवासी ईदगाह के पास ग्राम धनपुरी जिला शहडोल से हिरासत में ले लिया। पूछताछ करने के बाद पुलिस ने आरोपी से मोबाइल व सिम जब्त कर ली। आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया।

## चेक बाउंस के दोषी को एक वर्ष का कारावास

**भोपाल।** जिला न्यायालय ने एक लाख रुपए के एक चेक बाउंस होने के मामले के आरोपी प्रसन्न जैन निवासी लालघाटी भोपाल को दोषी ठहराते हुए एक वर्ष के साधारण कारावास और एक लाख 32 हजार रुपए की प्रतिकर राशि अदा किए जाने के आदेश पारित किए हैं। यह आदेश न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी कल्पना कोतवाल ने प्रतीक जैन अधिवक्ता द्वारा परिवादी ऋषभ जैन निवासी वृन्दावन अपार्टमेंट रामानंद नगर लालघाटी भोपाल की ओर से प्रस्तुत किए गए परिवाद पत्र की सुनवाई के बाद दिए हैं। परिवादी ऋषभ जैन द्वारा 11 अक्टूबर 2022 को आरोपी प्रसन्न जैन को एक लाख रुपए उधार दिए थे। आरोपी ने 11 दिसंबर 2022 को एक लाख रुपए का एक चेक परिवादी को दिया था। परिवादी ने उक्त चेक को अपने खाते की बैंक में पेश किया तो अकाउंट क्लोज्ड की टीप के साथ बैंक ने परिवादी को चेक वापस लौटा दिया था।

रानी कमलापति रेलवे स्टेशन पर हुई वारदात

# इनोवा कार से युवक का किया अपहरण, मारपीट करने के बाद रास्ते पर छोड़ कर भागे बदमाश

**रात करीब साढ़े बारह बजे दो गाड़ियों में आए बदमाश और जबरन ले गए**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

रानी कमलापति रेलवे स्टेशन पर बुधवार रात कार में सवार करीब आधा दर्जन युवकों ने उत्पात मचाया। इनोवा और थार कार में सवार युवकों ने यहां कैफे में चाय पीने पहुंचे एक युवक का अपहरण कर लिया। वह उसे कार में बिठाकर कोलार तक लेकर गए और रास्ते में मारपीट की। बाद में उसे कार से उतार दिया। घटना के बाद पीड़ित युवक ने जीआरपी आरकेएमपी पहुंचकर शिकायत की। पुलिस मामले की जांच कर रही है।


जानकारी के अनुसार ईश्वर नगर में रहने वाला एक युवक बुधवार रात अपने दोस्तों के साथ चाय पीने के लिए रानी कमलापति स्टेशन स्थित कैफे पर पहुंचा था। रात करीब साढ़े बारह बजे वह अपने दोस्तों के साथ चाय पी रहा था, तभी इनोवा और थार कार में सवार करीब आधा दर्जन युवक आ गए। यहां किसी बात को लेकर उनके बीच विवाद हो गया। इस पर कार सवार युवकों ने उसके दोस्तों को धमकाते हुए वहीं छोड़ दिया और युवक को जबरन इनोवा कार में बिठा ले गए। कार में बिठाते ही युवकों ने उसके साथ मारपीट करनी शुरू कर दी। उसके बाद वह उसे शहर के विभिन्न इलाकों से घुमाते हुए कोलार रोड स्थित जैन मंदिर तक ले गए। यहां मारपीट करने के बाद उसे कार से उतार दिया और भाग निकले। उसके बाद पीड़ित युवक किसी तरह जीआरपी पहुंचा और मामले की शिकायत की। जीआरपी का कहना है कि शिकायत की जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। घटनास्थल और मार्ग में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज भी खंगाले जा रहे हैं।

**डीएसपी का भाई बताकर धमकाया**

इनोवा कार में सवार एक युवक खुद को डीएसपी का भाई बता रहा था। युवक को अपहरण और मारपीट करने में उसी की भूमिका बताई जा रही है। हालांकि अभी तक यह पता नहीं चल सका कि वह किसी डीएसपी का भाई था। जांच के बाद ही पता चल सकेगा कि आरोपी किसी डीएसपी का भाई है या वह धमकाने के लिए किसी का नाम ले रहा था।

भगवान पार्श्वनाथ का मनाया मोक्ष कल्याणक

## विशेष पूजा-अर्चना व शांतिधारा कर श्रद्धालुओं ने चढ़ाया निर्वाण लाडू



**मंडीदीप।** जैन धर्म के 23वें तीर्थंकर भगवान पार्श्वनाथ का मोक्ष कल्याणक महोत्सव धूमधाम से संपन्ना हुआ। भगवान को निर्वाण लाडू चढ़ाया गया। जैन धर्म के अनुसार श्रावण शुक्ल सप्तमी के दिन 23वें तीर्थंकर भगवान पार्श्वनाथ के मोक्ष कल्याणक दिवस मनाया जाता है। जैन मंदिरों में भगवान पार्श्वनाथ की विशेष पूजा-अर्चना, शांतिधारा कर निर्वाण लाडू चढ़ाया जाता है।

गुरुवार को महावीर कॉलोनी स्थित श्री नेमीनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में तीर्थंकर भगवान पार्श्वनाथ का मोक्ष कल्याणक बड़े धूमधाम के साथ मनाया गया। मंगलाष्टक अभिषेक एवं शांति धारा के बाद निर्माण लाडू चढ़ाया गया और विधान का कार्यक्रम रखा गया। मंदिर कमेटी के अध्यक्ष विमल जैन राजदीप व सचिव आशु जैन ने बताया कि पारसनाथ भगवान के निर्माण महोत्सव पर मंदिर में भगवान पारसनाथ का महामस्तकाभिषेक किया गया।

### जिनालयों में हुई भगवान पार्श्वनाथ की पूजा, किया निर्वाण कांड का पाठ



**औबेदुल्लागंज।** भगवान पार्श्वनाथ का मोक्ष कल्याणक हर्षोल्लास से मनाया। दिगंबर जैन मंदिर, पार्श्वनाथ जैन मंदिर एवं तामोट जैन मंदिर में अभिषेक, शांतिधारा के बाद पूजा कर निर्वाण कांड का पाठ, भगवान पार्श्वनाथ चालीसा का पाठ किया। इसके बाद निर्वाण लाडू चढ़ाए। पंडित लक्ष्मी चंद, अध्यक्ष सुनील तामोट, डॉ. मीना जैन, मुकेश जैन, एलसी जैन, तरुण जैन, सुनील वर्धमान, आकाश जैन, विजय केटी, संभव जैन, दिनेश गुड्डन जैन, संतोष जैन, दिगंबर जैन मंदिर में पवन रितेश जैन, अनुराग जैन, विनय जैन तामोट, अरविंद जैन, अरुण जैन, मनोज तामोट आदि ने शांतिधारा कर लाडू चढ़ाए।

# रेजिन से मिनिएचर प्रोडक्ट बनाने वाली देश की पहली लड़की बनीं कृति

## नूतन कॉलेज में आयोजित चार दिवसीय रक्षाबंधन सावन मेले में छात्राओं ने लगाए स्टॉल

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

क्या कभी आपने सुना है कि पौधों से निकलने वाले चिपचिपे पदार्थ रेजिन के प्रयोग से मिनिएचर आयटम्स भी बनाए जा सकते हैं। जी हां, रेजिन का प्रयोग केवल सुगंधित आयटम और अगरबत्ती में ही नहीं होता, बल्कि इसके प्रयोग से मिनिएचर प्रोडक्ट बनाने का काम किया नूतन कॉलेज की ओल्ड स्टूडेंट कृति जैन ने। गुरुवार से नूतन कॉलेज में सावन मेले का आयोजन किया गया, जिसमें नूतन कॉलेज की वर्तमान और पूर्व छात्राओं ने अपने अपने स्टॉल लगाए और उन पर अपने आइटम्स डिस्प्ले किए।

इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं में सफल उद्यमिता, स्वरोजगार, मार्केटिंग शैली, आत्मनिर्भरता जैसे गुणों को विकसित करना है। साथ ही इस सावन मेले में झूलों के रुप में सेल्फी प्वाइंट भी बनाया गया, जिस पर छात्राओं के साथ साथ टीचर ने भी सेल्फी ली और फोटो क्लिक करवाई।



### अपनी कल्पनाओं को रंग देकर बनाती हूं मिनिएचर आइटम्स

कृति ने कहा कि नूतन कॉलेज से पासआउट होने के बाद मैंने जनरल मोटर्स, मारुति सुजुकी, स्कोडा रेपिडो जैसे कई बड़े-बड़े आर्गेनाइजेशंस में काम किया, लेकिन मुझे खुद का कुछ करना था। इसीलिए मैंने सभी काम छोड़कर, इस चीज में अपना हाथ आजमाया और आज रेजिन से मेरे मिनिएचर आइटम्स ऑनलाइन भी सेलआउट होते हैं, जिसमें मेरी बहन ने मेरी पूरी मदद की। उन्होंने बताया कि मैं अपनी कल्पनाओं को रंग देकर इन आइटम्स को बनाती हूं तो ये ओर भी खूबसूरत बन पड़ते हैं।



### हैंड ब्लॉक प्रिंटिंग का काम करने वाले पापा का बंटाती हूं हाथ



बाग प्रिंट, अजरक प्रिंट, ब्लॉक प्रिंट से तैयार डिजाइनर सूट पीस और साड़ियों की विशाल रेंज लाने वाली सुनिधि सेंगर बताती हैं कि नूतन से पासआउट होने के बाद मुझे लगा कि मुझे अपना खुद का कुछ काम करना चाहिए, क्योंकि मेरे पापा हैंड ब्लॉक प्रिंटिंग का काम करते हैं, इसलिए मैंने इसी में हाथ अजमाया और आज हमारे प्रिंटेड आयटम्स इसी तरह मेलों और ऑनलाइन माध्यम से सेलआउट होते हैं।

### मोतियों से बनाया हैंडमेड डिजाइनर पर्स

वहीं, मेले में हैंडमेड ज्वेलरी और मोतियों से बना हैंडमेड डिजाइनर पर्स लाने वाली आफरीन खान कहती हैं कि मैं ऐसे ही हैंडमेड ज्वेलरी और अन्य महिलाओं के प्रोडक्ट बनाती हूं, जिन्हें काफी पसंद किया जाता है। आफरीन मेले में मोतियों से बना बेहद ही सुंदर पर्स लेकर आईं। उन्होंने कहा कि इस पर्स को बनाने में मुझे दो दिन का समय लगा और इसमें बेहद महीन काम है, जिमसें सिक्वेंस पर काफी ध्यान दिया गया है। आफरीन ने कहा कि इसके अलावा मैं लड़कियों के लिए हैंडमेड आयटम बनाने की वर्कशाप भी लेती हूं, ताकि वो आत्मनिर्भरता के क्षेत्र में आगे बढ़ सकें।



## 10 दुल्हन और 2 दूल्हों का न्यू मार्केट में हुआ फोटो शूट



दुल्हनों को देख हर एक आंख ठहर गई

कोई इनकी नजाकत का दीवाना हुआ तो कोई हुस्न का





# पिंकी स्टाइल स्टूडियो की डिजाइनर ड्रेसेस और ब्राइडल ज्वेलरी में तैयार हुईं ब्राइड्स

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

चटक लाल रंग के लहंगे में नख से शिख तक सजी धजी दुल्हनों को देख हर एक आंख ठहर गई, कोई इनकी नजाकत का दीवाना हुआ तो किसी ने इनके हुस्न की तारीफ में वाह-वाही की। सुंदर रूप में सजी इन 10 दुल्हन और 2 दूल्हों से सजा यह नजारा किसी मंच का नहीं बल्कि न्यू मार्केट की तंग गलियां थीं, जिसमें जसलीन पिंकी सचदेवा द्वारा डिजाइन किए गए ब्राइडल लहंगों में 10 मॉडल्स ने दुल्हन के रूप में फोटो शूट कराया।



### निकी बावा और स्वाति खिलवानी रहीं मेकअप आर्टिस्ट

पिंकी सचदेवा ने कहा कि अब चंद महीनों बाद शादियों का सीजन आएगा, लेकिन इसके लिए ब्राइड्स लहंगों और ज्वेलरी की प्री बुकिंग करती हैं। ऐसे में हमें लगा कि न्यू मार्केट से बेहतर और कोई जगह नहीं हो सकती। जहां बड़ी संख्या में लोग इन ब्राइड्स का कंप्लीट लुक देख सकेंगे, इसलिए हमने फोटो शूट के लिए यह जगह चुनी। इसमें ब्राइड्स का मेकअप निकी बावा और स्वाति खिलवानी ने किया, ज्वेलरी और ब्राइडल व ग्रूम ड्रेस पिंकी स्टाइल स्टूडियो की थी।



## रफी के नगमों से गुलजार रही रविंद्र भवन की शाम



# मेरी कहानी भूलने वाले तेरा जहां आबाद रहे...

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

नवांकुर ग्रुप द्वारा अपने चिर परिचित कार्यक्रम एक शाम रफी के नाम का आयोजन मोहम्मद रफी साहब की 45वीं पुण्यतिथि पर रविंद्र भवन के हंसध्वनि सभागृह में किया गया। संगीत प्रेमी श्रोताओं से भरे हुए 1500 सीटर सभागार में देश की मशहूर रफी वॉइस इमरान अख्तर कोलकाता से, अपूर्व शर्मा जयपुर से और हरीश वर्मा ने सागर से आकर कार्यक्रम में अपनी प्रस्तुति दी। भारतीय फिल्म इंडस्ट्री के मशहूर गिटार वादक गणेश नागरे इस कार्यक्रम में आकर्षण का केंद्र रहे। फिल्म दीदार का लोकप्रिय गीत मेरी कहानी भूलने वाले तेरा जहां आबाद रहे.... से कार्यक्रम की शुरुआत हुई और उसके बाद रफी साहब की गाई हुए अनेक विधाओं को कलाकारों ने बखूबी गाया।



### एन इवनिंग इन पेरिस, चांद मेरा दिल पर दी प्रस्तुति

गिटार पर आधारित गीत एन इवनिंग इन पेरिस, चांद मेरा दिल, आजा आजा मैं हूं प्यार तेरा जैसे अनेकों गीतों को गायकों ने प्रस्तुति कर श्रोताओं को मंत्र मुग्ध कर दिया। मैं चली मैं चली पीछे पीछे जहां गीत में हरीश वर्मा का साथ श्रीजा उपाध्याय ने बखूबी निभाया। चुरा लिया है तुमने जो दिल को में इमरान अख्तर के साथ उपासना सारंग त्यागी में बहुत शानदार प्रस्तुति दी, जबकि आजा-आजा मैं हूं प्यार तेरा... में अपूर्व शर्मा के साथ श्रीजा उपाध्याय ने प्रस्तुति देखकर श्रोताओं की वाह-वाही लूटी। आजकल तेरे मेरे प्यार के चर्चे हर जुबान पर... में अपूर्व का साथ मीनाक्षी खरे ने दिया।







## बिरला संग्रहालय में स्वतंत्रता महोत्सव पखवाड़ा का किया आयोजन




**भोपाल।** राजधानी के जीपी बिरला संग्रहालय में गुरुवार से स्वतंत्रता महोत्सव पखवाड़ा का आयोजन किया गया। इस आयोजन में प्रसिद्ध पुरातत्वशास्त्री एवं लिम्का रिकॉर्ड होल्डर नारायण व्यास, उमेश गुप्ता, पूर्व प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अर्चना गुप्ता के द्वारा आजादी के दीवानों की चित्र प्रदर्शनी लगाई जाएगी। कवि प्रदीप के गीत इस मिट्टी से तिलक करो यह मिट्टी है वलिदान की... से प्रभावित होकर नारायण व्यास द्वारा महान क्रान्तिकारीयों के जन्मदिन या शहीद स्थल की पवित्र मिट्टी लाकर प्रदर्शित की गई।

# संघर्ष से सह-अस्तित्व की ओर: मानव-वन्यजीव टकराव के बारे में लोगों की सोच को बेहतर बनाएं...

## दसरा के क्लाइमेट नैरेटिव हब ने भोपाल में मीडिया वर्कशॉप का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

डर और सनसनी फैलाने वाली खबरों के बजाय ऐसी खबरें कैसे बनाई जाएं जो जागरुकता, सहानुभूति और सह-अस्तित्व को बढ़ावा दें। जलवायु परिवर्तन और जंगलों के टुकड़े होने के कारण वन्यजीव इंसानों की बस्तियों के करीब आ रहे हैं, जिससे मध्य प्रदेश में मानव-वन्यजीव टकराव की संख्या में बढ़ोत्तरी हुई है। जलवायु परिवर्तन, वनों की कटाई और शहरीकरण के कारण देश के पारिस्थितिक परिदृश्य में बदलाव आ रहा है, जिससे मानव और वन्यजीवों के बीच टकराव की घटनाएं बढ़ रही हैं, जो अक्सर दुखद परिणाम देती हैं और भय व बदले में किए गए नुकसान का कारण बनती हैं।



### मीडिया सम्मेलन का किया आयोजन

भारत में ह्यूमन-वाइल्डवलाइफ इंटरैक्शन (मानव-वन्यजीव टकराव) की बढ़ती चुनौतियों को देखते हुए, दसरा ने शहर के एक निजी होटल में एक मीडिया सम्मेलन आयोजित किया। इस सम्मेलन का विषय था 'संघर्ष से सह-अस्तित्व की ओर'। इस आयोजन में पत्रकारों, पर्यावरण विशेषज्ञों और वन्यनजीव संरक्षण से जुड़े लोगों ने हिस्सा लिया। सभी ने इस बात पर चर्चा की कि मीडिया किस तरह लोगों को इंसान-वन्यजीव टकराव की गंभीरता को समझाने और सह-अस्तित्व की सोच को बढ़ावा देने में मदद कर सकता है।

### ऐसी खबरों को बढ़ावा देना है जो सटीक, संतुलित और समाधान-केंद्रित हों

वक्ताओं ने कहा कि मप्र में 2022 की गणना के अनुसार 785 से अधिक बाघ और कई संरक्षित वन हैं, भारत के सबसे जैव-विविधता वाले राज्यों में से एक है। बांधवगढ़ नेशनल पार्क जैसे संरक्षण हॉटस्पॉट्स के निकट होने और मानव-वन्यजीव के बीच टकराव के बढ़ते मामलों के कारण यह ऐसे संवादों के लिए महत्वपूर्ण स्थान है। इसलिए, वर्कशॉप का मकसद ऐसी खबरों को बढ़ावा देना था जो सटीक, संतुलित और समाधान-केंद्रित हों, सनसनीखेज खबरों के बजाय रचनात्मक और जनता के हित में बातचीत पर ध्यान दें।

## बाबूलाल गौर शासकीय महाविद्यालय में संगोष्ठी

# मुंशी प्रेमचंद हिंदी साहित्य के ऐसे कथाकार हैं, जो आज भी प्रासंगिक



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुंशी प्रेमचंद हिन्दी साहित्य के ऐसे कथाकार हैं, जिन्होंने अपनी सरल भाषा शैली, जीवन से जुड़ी कहानियां और पाठकीय संवेदना को जीते हुए साहित्य-रचना की। इसलिए वे आज भी प्रासंगिक हैं। यह बात भोपाल के प्रसिद्ध साहित्यकार घनश्याम मैथिल अमृत ने बाबूलाल गौर शास. महाविद्यालय भेल कॉलेज में कही। कार्यक्रम था मुंशी प्रेमचंद जयंती पर आयोजित संगोष्ठी का।

गुरुवार को कॉलेज के हिन्दी विभाग द्वारा हिन्दी साहित्य के प्रसिद्ध साहित्यकार कालजयी कथाकार मुंशी प्रेमचंद की जयंती पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

## मानस भवन में तुलसी जयंती समारोह एवं गायन प्रस्तुति

# राम भक्त ले चला रे राम की निशानी...



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

जनजातीय लोक कला एवं बोली विकास अकादमी द्वारा तुलसी जयंती के अवसर पर मानस भवन में दो दिवसीय तुलसी जयंती समारोह का आयोजन किया जा रहा है। इसके अंतर्गत गुरुवार को पवन तिवारी एवं साथी, निवाड़ी द्वारा श्रीराम के भक्ति पदों और महाकवि तुलसी की अन्य रचनाओं की प्रस्तुति दी गई।





### गोस्वामी तुलसीदास की रचनाओं की प्रस्तुति रही खास

कलाकारों ने राम भक्त ले चला रे राम की निशानी..., प्रभु नाम में क्या बंदिश..., मीरा दीवानी हो गई..., राम राम सिया राम राम..., एक बार जो रघुवर की नजरों का इशारा हो जाए..., रघुरैया झूले पलना..., पलना में ललना झुलावे कौशल्या रानी..., जैसे कई श्रीराम भजन और महाकवि गोस्वामी तुलसीदास की रचनाओं की प्रस्तुति दी।

## भोपाल के 88 विद्यालयों ने भाग लिया

# सीबीएसई 12वीं कक्षा के टॉपर्स को किए पुरस्कार वितरित



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

सेंट रॉफेल को-एड स्कूल, जाटखेड़ी, भोपाल में सीबीएसई भोपाल सहोदय कॉम्प्लेक्स द्वारा कक्षा 12वीं के स्कूल टॉपर्स के सम्मान में पुरस्कार वितरण समारोह का भव्य आयोजन किया गया। इस गरिमामयी समारोह के मुख्य अतिथि सीबीएसई भोपाल के क्षेत्रीय अधिकारी विकास कुमार अग्रवाल रहे। इस अवसर पर सीबीएसई भोपाल सहोदय कॉम्प्लेक्स के अनेक प्रमुख सदस्यों की उपस्थिति ने कार्यक्रम की शोभा में चार चांद लगा दिए। समारोह में सीबीएसई भोपाल क्षेत्र के लगभग 88 विद्यालयों ने भाग लिया।

कैबिनेट ने 6 राज्यों को दी सौगात

# 4 मल्टीट्रैकिंग परियोजनाओं से 13 जिले होंगे लाभान्वित, 574 किमी बढ़ेगा रेल नेटवर्क

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कैबिनेट ब्रीफिंग को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र सरकार ने महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, पश्चिम बंगाल, बिहार, ओडिशा और झारखंड राज्यों के 13 जिलों को कवर करने वाली रेल मंत्रालय की 4 मल्टीट्रैकिंग परियोजनाओं को गुरुवार को मंजूरी प्रदान की है। इससे भारतीय रेलवे का मौजूदा नेटवर्क लगभग 574 किलोमीटर बढ़ जाएगा। इन परियोजनाओं की कुल लागत 11,169 करोड़ आंकी गई है। वैष्णव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति ने रेल मंत्रालय की 4 परियोजनाओं को मंजूरी दी, जिनकी लागत 11,169 करोड़ है।

प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की बैठक

### ये परियोजनाएं शामिल

इनमें इटारसी नागपुर चौथी रेल लाइन, अलुआबारी रोड-न्यू जलपाईगुड़ी तीसरी और चौथी लाइन छत्रपति संभाजीनगर-परभणी डबलिंग, डांगापोसी-जरौली तीसरी और चौथी लाइन प्रमुख रूप से शामिल हैं।

केंद्रीय मंत्री वैष्णव ने कैबिनेट ब्रीफिंग को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र ने महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, पश्चिम बंगाल, बिहार, ओडिशा और झारखंड राज्यों के 13 जिलों को कवर करने वाली 4 परियोजनाओं को मंजूरी दी



### रेल मंत्री वैष्णव ने मंत्रिमंडल की बैठक के फैसले की दी जानकारी

### यह चारों दिशाओं का मिलन

इटारसी-नागपुर चौथी रेलवे लाइन को लेकर वैष्णव ने कहा कि प्रधानमंत्री ने इटारसी और नागपुर के बीच चौथी लाइन को मंजूरी दी है। इसका निर्माण दिल्ली और चेन्नई के साथ-साथ मुंबई और हावड़ा को जोड़ने वाले उच्च-घनत्व वाले गलियारे पर किया जाएगा। यह चारों दिशाओं का मिलन बिंदु है। इन परियोजनाओं से भारतीय रेलवे के मौजूदा नेटवर्क में लगभग 574 किलोमीटर की वृद्धि होगी, जिससे कुल नेटवर्क और अधिक सशक्त होगा।

### 2,309 गांवों तक बढ़ेगा संपर्क 43 लाख लोगों को होगा लाभ

वैष्णव ने कहा कि इन प्रस्तावित मल्टी-ट्रैकिंग परियोजनाओं से लगभग 2,309 गांवों तक सम्पर्क बढ़ेगा, जो लगभग 43 लाख लोगों की आबादी को सीधा लाभ पहुंचाएंगे। यह परियोजनाएं कोयला, सीमेंट, क्लिंकर, जिप्सम, फ्लाई ऐश, कंटेनर, कृषि उत्पाद, पेट्रोलियम जैसे आवश्यक वस्तुओं के परिवहन के लिए अहम मार्गों पर गतिशीलता को बढ़ावा देंगी। इसके अलावा इससे सालाना 95.91 मिलियन टन अतिरिक्त मालवाहक ट्रैफिक को संभालने की क्षमता भी बढ़ेगी, जिससे देश के औद्योगिक और कृषि क्षेत्रों को प्रत्यक्ष लाभ होगा।

## 6 बड़े फैसले, किसान संपदा योजना के लिए 6520 करोड़ मंजूर

वैष्णव ने बताया कि दो फैसले किसानों से जुड़े हैं। बैठक में 15वें वित्त आयोग चक्र के दौरान 'प्रधानमंत्री किसान संपदा योजना' के लिए 1920 करोड़ के अतिरिक्त खर्च को मंजूरी दी गई है। योजना का बजट बढ़कर 6520 करोड़ पहुंच गया है। प्रधानमंत्री किसान संपदा योजना की घटक योजना एकीकृत शीत श्रृंखला और मूल्य संवर्धन अवसंरचना के अंतर्गत 50 बहु-उत्पाद खाद्य विकिरण इकाइयों को बनाने का फैसला किया गया है।

### अभिरुचि पत्र जारी होंगे

आईसीसीवीएआई और एफएसक्यूएआई दोनों ही योजनाएं पीएमकेएसवाई योजना का हिस्सा हैं। ऐसे में देश भर की पात्र संस्थाओं से प्रस्ताव आमंत्रित करने के लिए अभिरुचि पत्र जारी किए जाएंगे।

### 100 एनएबीएल लैब बढ़ाएंगी खाद्य सुरक्षा

प्रति वर्ष 20 से 30 लाख मीट्रिक टन तक की कुल परिक्षण क्षमता सृजित होने की उम्मीद है। 100 एनएबीएल मान्यता प्राप्त खाद्य परीक्षण लैब्स की स्थापना की जाएगी।

## मालेगांव मामले के फैसले पर ज्यादातर 'माननीयों' ने जताई खुशी, मिली-जुली प्रतिक्रियाएं

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री फडणवीस ने कहा

# आतंकवाद कभी भगवा न था और न ही कभी होगा, आखिरकार सच सामने आ ही गया



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

महाराष्ट्र के मालेगांव विस्फोट मामले में गुरुवार को 17 साल बाद एनआईए की विशेष अदालत ने पूर्व भाजपा सांसद प्रज्ञा सिंह ठाकुर और लेफ्टिनेंट कर्नल प्रसाद पुरोहित सहित सभी सात आरोपियों को बरी कर दिया। कोर्ट के इस फैसले के बाद राजनीतिक गलियारे में बयानबाजी तेज हो गई है। एक तरफ जहां तरफ भाजपा नेताओं ने इस फैसले का स्वागत किया। साथ ही 'भगवा आतंकवाद' के मुद्दे पर विपक्ष को आड़े हाथ लेना शुरू कर दिया है। वहीं दूसरी ओर कांग्रेस फिर से इस फैसले को चुनौती देने की बात पर जोर दे रही है। एनआईए कोर्ट के फैसले के बाद तेज होती सियासत के बीच महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर कहा कि आतंकवाद न कभी भगवा था, न है और न ही कभी होगा। उन्होंने कहा कि अब सच सामने आ गया है।

मालेगांव विस्फोट मामले में 17 साल बाद एनआईए की विशेष अदालत ने सभी सात आरोपियों को बरी कर दिया। फैसले के बाद राजनीतिक गलियारे में बयानबाजी तेज हो गई है। भाजपा नेताओं ने इस फैसले का स्वागत किया और भगवा आतंकवाद को नकार दिया, वहीं दूसरी ओर कांग्रेस फिर से इस फैसले को चुनौती देने की बात पर जोर दे रही है।


### *भाजपा नेताओं ने फैसले का स्वागत किया तो कांग्रेस ने चुनौती देने की बात कही*

### मुझे 17 साल तक अपमानित किया मेरा जीवन बर्बाद किया: प्रज्ञा



बरी होने के बाद पहली बार साध्वी प्रज्ञा का बयान भी सामने आया। उन्होंने कहा कि सत्य की जीत हुई। मुझे 17 साल तक अपमानित किया गया।साध्वी प्रज्ञा ठाकुर ने मालेगांव बम धमाके मामले में बरी होने के बाद कहा कि उन्हें 17 साल तक अपमानित किया गया। उन्हें 13 दिनों तक प्रताड़ित किया गया। उन्होंने कोर्ट के प्रति सम्मान दिखाते हुए फैसले के दिन कोर्ट में मौजूदगी दर्ज कराई। साध्वी प्रज्ञा ने यह भी कहा कि उन्हें गलत तरीके से आरोपी बनाया गया, जिससे उनका जीवन बर्बाद हो गया और उन्हें अपने ही देश में आतंकवादी बना दिया गया।

### 'भगवा आतंकवाद' पर जवाब दे विपक्ष: रवि किशन



भाजपा सांसद रवि किशन ने कांग्रेस पर सीधा हमला करते हुए कहा कि जिस कांग्रेस ने भगवा आतंकवाद शब्द गढ़ा, आज उन्हें इसका जवाब देना होगा। उन्हें देश के 100 करोड़ हिंदुओं से माफी मांगनी चाहिए। किस आधार पर उन्होंने भगवा आतंक का नैरेटिव खड़ा किया? इसके पीछे का मास्टरमाइंड कौन था? अब यह साबित हो चुका है कि हिंदू आतंकी नहीं हो सकता।

### मुद्दे से भटकाने का प्रयास किया जा रहा: राहुल



लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और उत्तर प्रदेश के रायबरेली से कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने सरकार पर मुद्दे से भटकाने के आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि सरकार ने नीतियों को तबाह किया। मुद्दे से भटकाने का प्रयास किया जा रहा है।

### जो दोषी हैं उन्हें सजा मिलनी चाहिए: अखिलेश



कोर्ट के फैसले के बाद सपा सांसदअखिलेश यादव ने प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि मैंने पूरी रिपोर्ट नहीं पढ़ी है, लेकिन जो लोग इतनी बड़ी घटना में शामिल थे, उन्हें सजा मिलनी चाहिए।

### सबूत नहीं थे, इसलिए कोर्ट ने बरी किया: अठावले



केंद्रीय मंत्री रामदास अठावले ने कोर्ट के फैसले पर कहा कि इस केस की सुनवाई कई वर्षों तक चली। अदालत ने सभी आरोपियों को बरी किया क्योंकि उनके खिलाफ कोई सबूत नहीं था। आतंकवादी का कोई धर्म नहीं होता।

### कांग्रेस की खुल गई पोल कृष्णा हेगड़े ने कहा



शिवसेना प्रवक्ता कृष्णा हेगड़े ने स्वागत करते हुए कहा कि हमें इस फैसले से बहुत खुशी है। कांग्रेस ने एक सोची-समझी साजिश के तहत इन लोगों को फंसाया और 'हिंदू आतंकवाद' शब्द गढ़ा। अब उनकी पोल खुल चुकी है।

### फैसले को चुनौती देगी कांग्रेस: कमलनाथ



इस फैसले पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता कमलनाथ ने कहा कि इससे फर्क पड़ा है, वे इसे चुनौती देंगे। भाजपा कुछ भी कहे, लेकिन ये कोर्ट का फैसला है और इसे चुनौती दी जा सकती है।

### ये थे मालेगांव ब्लास्ट के आरोपी

**प्रज्ञा ठाकुर:** प्रज्ञा सिंह ठाकुर उर्फ साध्वी प्रज्ञा जिन्हें स्वामी पूर्णा चेतनानंद गिरी के नाम से जाना जाता है, मध्य प्रदेश की निवासी हैं। वे इस केस में आरोपी नंबर-1 थीं। प्रज्ञा ठाकुर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के छात्र संगठन अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) की सदस्य रही हैं। मालेगांव ब्लास्ट केस में वह पहली आरोपी थीं, जिन्हें पुलिस ने गिरफ्तार किया था। ब्लास्ट एक एलएमएल फ्रीडम मोटरसाइकिल में बम लगाकर अंजाम दिया गया। इस बाइक के प्रज्ञा के होने का आरोप लगा। प्रज्ञा ने साजिश से जुड़ी कई बैठकें कीं और सभी चीजें मुहैया कराने की बात कही।

**प्रसाद श्रीकांत पुरोहित:** 2008 मालेगांव ब्लास्ट केस में प्रसाद पुरोहित को एटीएस ने गिरफ्तार किया था। वे सेना में सेवारत अधिकारी हैं। महाराष्ट्र एटीएस का दावा था कि प्रसाद पुरोहित ने 2006 में अभिनव भारत संगठन की स्थापना में भूमिका निभाई थी। इसी संगठन के जरिए बम धमाकों के लिए फंड्स इकट्ठा किए गए। पुरोहित पर भी ब्लास्ट की साजिश रचने के लिए कई बैठकों में हिस्सा लेने का आरोप था। आरोप लगा था कि वे इन बैठकों में अलग झंडा और संविधान बनाने की बात कहते थे और इजराइल या फिर थाईलैंड में एक निर्वासित सरकार बनाने का विचार प्रसारित करते थे। केस में एक और आरोपी रमेश उपाध्याय के साथ हुई उनकी बातचीत का हवाला दिया था और फोन टैपिंग को सबूत के तौर पर पेश किया था।

**रमेश उपाध्याय:** भारतीय सेना के रिटायर्ड मेजर रमेश उपाध्याय इस मामले में गिरफ्तार होने वाले चौथे आरोपी थे। एटीएस ने दावा किया था कि फरीदाबाद में एक बैठक के दौरान उपाध्याय ने मामले में सह-आरोपी प्रसाद पुरोहित के साथ हिंदू राष्ट्र बनाने और इसके अलग संविधान के विचार का समर्थन किया था। इतना ही नहीं नासिक में भोसला सैन्य स्कूल में एक बैठक में उपाध्याय को मालेगांव ब्लास्ट केस के लिए फंडिंग देने वाले अभिनव भारत संगठन का कार्यकारी अध्यक्ष चुना गया था।

**अजय राहिरकर:** महाराष्ट्र के पुणे से जुड़े व्यापारी अजय राहिरकर को एटीएस ने नवंबर 2008 को गिरफ्तार किया था। एटीएस ने आरोप लगाया था कि अभिनव भारत संगठन का गठन 2006 में पुणे में उनके ही घर में हुआ था और वे इस संगठन के ट्रेजरर रहे। एटीएस ने आरोप लगाया था कि राहिरकर मालेगांव ब्लास्ट की साजिश से जुड़ी कई बैठकों में शामिल हुए और अभिनव भारत के जरिए धमाकों के लिए फंड्स जुटाने में लगे रहे। इन फंड्स का इस्तेमाल प्रसाद पुरोहित के निर्देश पर हथियार जुटाने के लिए किया गया।

**सुधाकर चतुर्वेदी :** सुधाकर चतुर्वेदी सेना के खुफिया विभाग के लिए काम करता था। एटीएस का दावा था कि वह अभिनव भारत संगठन को कई अहम सूचनाएं पहुंचाने के लिए जिम्मेदार था और बम ब्लास्ट के वक्त वह नासिक के देवलाली में रुका था। एटीएस ने आरोप लगाया था कि आरडीएक्स के स्रोतों का पीछा करने पर इसका एक ठिकाना चतुर्वेदी के किराए के घर पर मिला था। आतंक-रोधी दस्ते ने कहा था कि जिस तरह के विस्फोटक के सैंपल चतुर्वेदी के घर पर मिले, वह मालेगांव ब्लास्ट में इस्तेमाल हुए आरडीएक्स से मेल खाते थे।

**समीर कुलकर्णी :** मालेगांव धमाके के मामले में कोर्ट में जितनी भी सुनवाई हुई समीर कुलकर्णी लगभग सभी में मौजूद रहे। पुणे में एक सामाजिक कार्यकर्ता के तौर पर काम करने वाले समीर कुलकर्णी पर आरोप लगे कि वह हिंदुओं के खिलाफ हो रही बर्बरता का बदला लेने से जुड़ी चर्चा में शामिल रहे थे।

### दो और आरोपी, जिन्हें नहीं किया जा सका गिरफ्तार

एटीएस और एनआईए ने दो और लोगों के नाम आरोपी के तौर पर चार्जशीट में शामिल किए थे। हालांकि, इन्हें कभी गिरफ्तार नहीं किया जा सका। इनमें एक नाम रामचंद्र कालसांगरा उर्फ रामजी और संदीप दांगे का था। आरोप था कि मध्य प्रदेश के इंदौर के रहने वाले यह दोनों लोग ब्लास्ट की साजिश में शामिल थे और साध्वी प्रज्ञा की जिस एलएमएल मोटरसाइकिल में बम रखकर ब्लास्ट किया गया उसे कालसांगरा ही चलाता था।

### खबर संक्षेप

### सिंह ने दिल्ली पीसी का कार्यभार संभाला



**नई दिल्ली।** वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी शशि भूषण कुमार सिंह दिल्ली पुलिस के नए चीफ बन गए हैं। उन्होंने संजय अरोड़ा की जगह जिम्मेदारी संभाली है। शशि सिंह उपहार अग्निकांड और पोंटी चड्ढा हत्याकांड जैसे चर्चित मामलों की जाँच कर चुके हैं। उन्हें दिल्ली पुलिस आयुक्त का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। एजीएमयूटी कैडर के 1988 बैच के आईपीएस अधिकारी सिंह फरवरी 2026 में सेवानिवृत्त होने वाले हैं।

चीनी ई-कॉमर्स कंपनी का ऐसा कारनामा

# ओडिशा ने की निंदा व 'अपमानजनक' बताया, अलीएक्सप्रेस माफी मांगे

### भगवान जगन्नाथ की छवि वाले पायदान बेचने पर बवाल

एजेंसी ▶▶ भुवनेश्वर

ओडिशा में तब बड़ा विवाद खड़ा हो गया, जब पता चला कि चीनी ई-कॉमर्स वेबसाइट अलीएक्सप्रेस भगवान जगन्नाथ की तस्वीर वाले पायदान बेच रही है। राज्य की उप मुख्यमंत्री पार्वती परिदा ने इस कृत्य को 'अपमानजनक' बताया और अलीएक्सप्रेस से माफी की मांग की। उन्होंने एक्स पर उन्होंने लिखा- महाप्रभु जगन्नाथ हर ओडिया के दिल और आत्मा से जुड़े हैं। मैं कंपनी द्वारा भगवान जगन्नाथ की तस्वीर वाले पायदान बेचने की कड़ी निंदा करती हूं। इसे तुरंत हटाया जाए और भक्तों से माफी मांगी जाए।

### कंपनी ने कहा- उसने वह उत्पाद हटा दिया



इसके बाद अलीएक्सप्रेस ने कांग्रेस विधायक सोफिया फिरदौस की पोस्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि उसने वह उत्पाद हटा दिया गया है। अलीएक्सप्रेस ने लिखा - हम आपकी रिपोर्ट की सराहना करते हैं। इस उत्पाद की समीक्षा की गई है और इसे हटा दिया गया है। आपके सुझावों से हमें अपने प्लेटफॉर्म को बेहतर बनाने में मदद मिलती है। धन्यवाद कि आपने हमें एक सुरक्षित और सम्मानजनक ऑनलाइन अनुभव बनाने में सहयोग दिया।

### पटनायक ने की भर्त्सना

पूर्व सांसद और बीजू जनता दल के नेता अमर पटनायक ने भी अलीएक्सप्रेस की कड़ी आलोचना की। उन्होंने कहा कि मैं भगवान जगन्नाथ की तस्वीर वाले पायदान बेचने के इस निंदनीय कृत्य की घोर भर्त्सना करता हूं। यह करोड़ों भक्तों की धार्मिक भावना का अपमान है। यह अत्यंत अशोभनीय है।

### प्रसिद्ध रेत कलाकार सुदर्शन ने भी की निंदा

प्रसिद्ध रेत कलाकार और पद्मश्री पुरस्कार विजेता सुदर्शन पटनायक ने भी इस घटना की निंदा की। उन्होंने लिखा कि जय जगन्नाथ। हम दुनियाभर के सभी भक्तों से अपील करते हैं कि इस अस्वीकार्य कृत्य के खिलाफ आवाज उठाएं।

# 'डेड इकॉनोमी' का समर्थन राहुल को पड़ा 'पॉलिटिकली डेडली' 'अपनों' ने झाड़ा पल्ला व भाजपा का पलटवार

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी द्वारा पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की भारत की अर्थव्यवस्था को 'डेड इकॉनोमी' कहने वाली टिप्पणी का समर्थन करना उलटा पड़ गया। कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं ने न केवल राहुल के बयान से किनारा किया बल्कि सफाई में कई वरिष्ठ नेता आगे आए। उनका मतलब ये नहीं, वो नहीं था। सफाई का कोई मतलब नहीं था। तीर निकल चुका था जिसे भाजपा ने लपक लिया। भाजपा ने इसे तुरंत राष्ट्रविरोधी मानसिकता करार दिया। राहुल पर भारत को अंतरराष्ट्रीय मंचों पर बदनाम करने का आरोप लगाया। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत की आर्थिक नीतियों पर टिप्पणी करते हुए भारत की वर्तमान अर्थव्यवस्था को डेड (मृतप्राय) बताया था। राहुल ने कहा, ट्रंप जो कह रहे हैं, वही सच्चाई है। मोदी सरकार ने अर्थव्यवस्था को बर्बाद कर दिया है। भाजपा ने राहुल पर प्रहार करते हुए कहा, यह देश की गरिमा के खिलाफ है। राहुल सिर्फ मोदी विरोधी नहीं, बल्कि भारत विरोधी भी हैं।

### *शुक्ला ने दी सफाई*

*कांग्रेस ने इस बयान के बाद राहुल के समर्थन में सफाई दी। पार्टी ने कहा कि उनका आशय ट्रंप का समर्थन करना नहीं था, बल्कि मोदी सरकार की नीतिगत विफलताओं की ओर ध्यान खींचना था। मामला बढ़ता देख कांग्रेस पार्टी के संचार विभाग ने बाकायदा बयान जारी कर कहा, राहुल गांधी ने भारत की आलोचना नहीं की, बल्कि मोदी सरकार की आर्थिक विफलताओं को उजागर किया है। जब बेरोजगारी चरम पर है, जीडीपी दर गिर रही है और महंगाई काबू से बाहर है, तो आंखें बंद कर देशभक्ति की बात करना आत्मघाती होगा। वरिष्ठ नेता और छत्तीसगढ़ से राज्यसभा सांसद राजीव शुक्ला ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि देश की अर्थव्यवस्था बेहद सदृढ़ है। अर्थव्यवस्था को डेड कहना उचित नहीं। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने भी राहुल गांधी के कहे के इतर कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था बेहद ठोस तरीके से आगे बढ़ रही है। वैश्विक अर्थ जगत की तुलना में भारत बेहतर गति से आग बढ़ रहा है।*

टैरिफ से व्यापार और उद्योग क्षेत्र प्रभावित होंगे

### खरगे और राहुल ने कहा- सरकार ने विदेश नीति को बर्बाद किया

# कांग्रेस अध्यक्ष ने उठाए अमेरिकी राष्ट्रपति की धमकी पर प्रधानमंत्री मोदी की चुप्पी पर सवाल

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस ने अमेरिका द्वारा भारत पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाने और डोनाल्ड ट्रंप के बेबुनियाद आरोपों पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की चुप्पी पर सवाल उठाए हैं। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने कहा कि मोदी सरकार ने भारत की विदेश नीति को बर्बाद कर दिया है।



खरगे ने ट्रंप के बयानों पर प्रधानमंत्री मोदी की चुप्पी को लेकर निशाना साधा। सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए उन्होंने कहा कि संघर्ष विराम पर ट्रंप के बयानों पर मोदी ने संसद में मौन व्रत धारण कर रखा था। अब ट्रंप ने भारत पर जो बेबुनियाद आरोप लगाए हैं, क्या उस पर भी मोदी चुप रहेंगे? खरगे ने कहा कि ट्रंप ने भारत पर 25 प्रतिशत टैरिफ और जुर्माना थोपा है, जिससे देश के व्यापार, एमएसएमई सेक्टर, विभिन्न उद्योगों और किसानों को भारी नुकसान होगा। उन्होंने कहा कि सरकार के मंत्री महीनों से अमेरिका के साथ व्यापार समझौते पर बातचीत करने की बात कर रहे हैं। कुछ तो कई दिनों तक वॉशिंगटन में डेरा डाले रहे। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी पर तंज कसते हुए सवाल किया कि आपके दोस्त ने 'नमस्ते ट्रंप', 'अबकी बार ट्रंप सरकार' और आपकी दोस्ती का भारत को ये सिला दिया? खरगे ने कहा कि ट्रंप ने टैरिफ लगाने के पीछे भारत द्वारा रूस से तेल और हथियारों का आयात, ब्रिक्स की सदस्यता और ब्रिक्स द्वारा अमेरिकी डॉलर पर हमले को कारण बताया है। खरगे ने इसे भारत की रणनीतिक स्वायत्तता वाली राष्ट्रीय नीति पर कड़ा प्रहार बताया। उन्होंने याद दिलाया कि डॉ. मनमोहन सिंह ने भारत को अमेरिका सहित 45 देशों से परमाणु छूट दिलाई थी। उन्होंने कहा कि अमेरिका ने भारत का साथ देने के लिए अपना कानून बदल दिया था। लेकिन भारत केवल अमेरिका से परमाणु ईंधन और सामग्री लेने के लिए बाध्य नहीं था, उसके विकल्प खुले थे। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार की विदेश नीति ने उस राष्ट्रीय नीति को गहरा धक्का पहुंचाया है। उन्होंने कहा कि ट्रंप पाकिस्तान के साथ तेल भंडार पर समझौता करने की बात कर रहे हैं, दूसरी ओर भारत को धमका रहे हैं और प्रधानमंत्री मोदी चुप्पी साधे बैठे हैं। उन्होंने अमेरिका-चीन-पाकिस्तान गठजोड़ पर भी चिंता व्यक्त की।

वहीं राहुल गांधी ने कहा कि मोदी सरकार ने देश की आर्थिक, रक्षा और विदेश नीतियों को बर्बाद कर दिया है। भारतीय अर्थव्यवस्था को 'डेड इकॉनमी' कहे जाने का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि पूरी दुनिया इसे जानती है ।

# जयराम का मोदी सरकार पर तीखा प्रहार, अमेरिका के साथ व्यापारिक असफलता पर उठाए सवाल

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं राज्यसभा सांसद जयराम रमेश ने आज संसद में अमेरिका के साथ व्यापार समझौता विफल होने, अमेरिकी टैरिफ (शुल्क) और मोदी सरकार की नीति विफलताओं पर तीखा हमला बोला। उन्होंने वाणिज्य मंत्री द्वारा संसद में दिए गए बयान को गैर जिम्मेदाराना बताते हुए कहा कि मंत्री ने केवल आत्मप्रशंसा की और वास्तविक मुद्दों को पूरी तरह नज़रअंदाज़ कर दिया।



जयराम ने कहा कि अमेरिका द्वारा भारतीय वस्तुओं पर 25 फीसदी तक का आयात शुल्क लगाने और रूस एवं ईरान से व्यापार करने पर अतिरिक्त दंड लगाने जैसे गंभीर विषयों पर सरकार ने कोई ठोस स्थिति स्पष्ट नहीं की। यह स्थिति भारतीय कारोबारियों के लिए गहरी चिंता का विषय है, लेकिन मोदी सरकार ने उनके भावनाओं और व्यावसायिक संकट पर ध्यान ही नहीं दिया। जयराम ने प्रधानमंत्री पर सीधा निशाना साधते हुए कहा कि उन्होंने ट्रंप से अपनी व्यक्तिगत मित्रता का बहुत प्रचार किया था, लेकिन जब व्यापारिक संबंधों की असली परीक्षा हुई, तो वह मित्रता पूरी तरह से खोखली साबित हुई। उन्होंने भारतीय अर्थव्यवस्था की स्थिति पर भी चिंता जताते हुए कहा कि देश आज भी दो गंभीर नीतिगत झटकों, विचित्र नोटबंदी और त्रुटिपूर्ण जीएसटी से उबर नहीं पाया है। उन्होंने कहा कि इन दो नीतियों ने उपभोक्ता मांग को प्रभावित किया है निजी निवेश भी बुरी तरह से प्रभावित हुआ है। जयराम का कहना था कि भारतीय अर्थव्यवस्था की धीमी गति के लिए मोदी सरकार की नीतियां जिम्मेदार हैं। मौजूदा हालात में निजी क्षेत्र का निवेश और खपत दोनों निम्न स्तर पर हैं, जिससे देश की जीडीपी वृद्धि दर तेज नहीं हो सकती। उन्होंने इसे नीति स्तर पर सरकार की विफलता करार दिया। विपक्षी दलों के विभिन्न नेताओं ने केंद्र पर आरोप चस्पा करते हुए कहा कि मोदी सरकार केवल छवि निर्माण में व्यस्त है।

गौरीकुंड व सोनप्रयाग के बीच भूस्खलन

# फंसे 800 श्रद्धालुओं को एनडीआरएफ एसडीआरएफ ने निकाला, 60 यात्री रुके



एक राष्ट्रीय और दो राज्य मार्ग सहित 62 सड़कें बंद

एजेंसी ▶▶ रुद्रप्रयाग

एसडीआरएफ, एनडीआरएफ व पुलिस ने गुरुवार सुबह साढ़े दस बजे तक 800 यात्रियों को निकाला। मौके पर लगभग 60-70 यात्री रुके हैं। भारी बारिश की चेतावनी के बीच तैयारियों पर राज्य के आपदा सचिव विनोद कुमार सुमन ने कहा कि कहीं भी कोई महत्वपूर्ण नुकसान नहीं हुआ है। हमारा चार धाम मार्ग कुछ क्षेत्रों को छोड़कर ज्यादातर खुला है। सोनप्रयाग और गौरीकुंड के बीच की सड़क पर मलबा है, लेकिन यह रोजाना खुली रहती है।

### गंगोत्री जाने वाला मार्ग बंद

इसी तरह, सिरोबगड़ में सड़क ज्यादातर दिनों में बंद रहती है। हम इसे फिर से खोल रहे हैं और स्थायी मरम्मत सुनिश्चित कर रहे हैं। गंगोत्री राजमार्ग पर गंगोत्री जाने वाला मार्ग बंद है, और पिथौरागढ़ में भी एक बंद है। लगभग 35 पीडब्ल्यूडी और ग्रामीण सड़कों को फिर से खोलने की कार्रवाई चल रही है। मुख्य सड़कें ज्यादातर खुली हैं और यातायात सुचारू रूप से चल रहा है। लगातार बारिश जारी है और आईएमडी अलर्ट प्राप्त होने पर हम जिलों को अपडेट और सुरक्षा सावधानियां भेजते हैं।

### जंगल के रास्ते सोनप्रयाग पहुंचाया

*बुधवार को एनडीआरएफ और एसडीआरफ ने गौरीकुंड से 2179 यात्रियों को अस्थायी पगडंडी का निर्माण कर जंगल के रास्ते जवानों की मदद से सकुशल सोनप्रयाग पहुंचाया। यात्री बाबा केदार के दर्शन कर लौटे थे और राष्ट्रीय राजमार्ग के मुनकटिया के समीप भारी भूस्खलन के कारण बंद होने से फंस गए थे। इस दौरान टीम ने गौरीकुंड से करीब एक किमी पहले हाईवे से जंगल की तरफ कच्चा अस्थायी रास्ता बनाया। एसडीआरएफ के एसआई आशीष डिमरी ने बताया कि शाम 7 बजे तक 2179 यात्रियों को सोनप्रयाग सकुशल लाया गया है, जिसमें 1679 पुरूष, 414 महिलाएं और 47 बच्चे शामिल हैं। बता दें कि यह सभी यात्री बीते मंगलवार को पैदल मार्ग से धाम पहुंचे थे।*

### दो राजमार्ग भी बंद

प्रदेश में बारिश के बाद मलबा आने से एक राष्ट्रीय और दो राज्य मार्ग सहित 62 सड़कें बंद हैं। राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र के मुताबिक रुद्रप्रयाग-केदारनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग गौरीकुंड व सोनप्रयाग के बीच भूस्खलन की वजह से बंद है। जबकि राज्य मार्गों में उत्तरकाशी और नैनीताल में एक-एक राज्यमार्ग बंद है।

यात्रियों को भगवती नगर आधार शिविर में ठहराया गया

# बालटाल मार्ग से फिर शुरू हुई अमरनाथ यात्रा, 3.93 लाख लोग कर चुके दर्शन



पिछले साल 5 लाख से अधिक लोगों ने दर्शन किए थे

एजेंसी ▶▶ जम्मू

कश्मीर घाटी में बालटाल मार्ग से गुरुवार को अमरनाथ यात्रा फिर से शुरू हो गई लेकिन खराब मौसम के कारण इसे जम्मू से स्थगित कर दिया गया। एक अधिकारी ने बताया कि कश्मीर में मूसलाधार बारिश के कारण सड़कों पर आवाजाही असुरक्षित हो गई थी, जिसके बाद बुधवार को बालटाल और पहलगाम दोनों मार्गों पर तीर्थयात्रा स्थगित कर दी गई थी। गुरुवार सुबह से बालटाल मार्ग से यात्रा फिर से शुरू हो गई। उन्होंने बताया कि जम्मू के भगवती नगर आधार शिविर से बालटाल और नुनवान आधार शिविरों की ओर किसी भी जत्थे को जाने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

### पहलगाम से यात्रा स्थगित

*जम्मू के संभागीय आयुक्त रमेश कुमार ने कहा कि यात्रा क्षेत्र में भारी बारिश के कारण कश्मीर स्थित आधार शिविरों से तीर्थयात्रियों की आवाजाही प्रभावित हुई है। इसलिए, यह निर्णय लिया गया है कि 31 जुलाई को जम्मू के भगवती नगर से बालटाल और नुनवान स्थित आधार शिविरों की ओर किसी भी जत्थे को जाने की अनुमति नहीं दी जाएगी। तीर्थयात्रियों को शुक्रवार को पहलगाम और बालटाल के आधार शिविरों की अपनी आगे की यात्रा के लिए उच्च सुरक्षा वाले भगवती नगर आधार शिविर में ठहराया गया है।*

### 1.44 लोग आधार शिविर से रवाना

तीन जुलाई को घाटी से 38 दिवसीय तीर्थयात्रा शुरू हुई थी, जिसके बाद से 3.93 लाख से अधिक तीर्थयात्री 3,880 मीटर ऊंचाई पर स्थित गुफा मंदिर में हिमलिंग के दर्शन कर चुके हैं। अब तक कुल 1,44,124 तीर्थयात्री जम्मू आधार शिविर से घाटी के लिए रवाना हो चुके हैं। पिछले साल, 5.10 लाख से अधिक तीर्थयात्रियों ने गुफा मंदिर में दर्शन किए थे। तीर्थयात्रा नौ अगस्त को समाप्त होगी।

## खबर संक्षेप

### पूर्व मंत्री के दामाद समेत 5 आरोपी हिरासत में



**पुणे।** महाराष्ट्र में पुणे की एक अदालत ने 'ड्रग पार्टी' मामले में महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री एकनाथ खडसे के दामाद प्रांजल खेवलकर समेत 5 आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया। सभी पांचों आरोपियों को यहां अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश जेजी डोरले के समक्ष पेश किया गया। अभियोजन पक्ष ने अदालत को बताया कि जांचकर्ताओं को उनके फोन में कुछ आपत्तिजनक चैट और वीडियो मिले हैं।

### ओडिशा में हाथी के हमले में 3 लोगों की मौत



**ढेंकनाल।** ओडिशा के ढेंकनाल जिले में एक हाथी ने दो महिलाओं समेत कम से कम तीन लोगों को कुचलकर मार डाला। यह घटना हिंडोल थाना क्षेत्र के बाघधरिया गांव में हिंडोल वन क्षेत्र के रसोल खंड में हुई। मृतकों की पहचान झूलना देहुरी (55), उसके देवर करुणाकर देहुरी (60) और एक अन्य ग्रामीण शशि साहू के रूप में हुई है। घटना के सिलसिले में वन रक्षक और वनपाल को कर्तव्य में लापरवाही के लिए तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया।

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की मनमानी पर अमेरिका में ही घमासान

# टैरिफ पावर पर आज यूएस कोर्ट लेगी फैसला, हारे तो सुप्रीम कोर्ट जाना होगा

**12 राज्यों और छोटे व्यापारियों ने दी चुनौती**

ट्रंप ने आईईईपीएम नाम के एक पुराने कानून का इस्तेमाल किया है, जिसे आपातकाल की स्थिति में दुश्मन देशों पर प्रतिबंध लगाने के लिए लाया गया था। यह कानून 1977 में बना था लेकिन टैरिफ लगाने के लिए इसका यह पहला इस्तेमाल हुआ है। ट्रंप का कहना है कि ये 'राष्ट्रीय आपात स्थिति' है, क्योंकि अमेरिका को व्यापार में भारी घाटा हो रहा है

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

डोनाल्ड ट्रंप पिछले कुछ दिनों से कई देशों पर टैरिफ की घोषणा कर रहे हैं। बुधवार को उन्होंने भारत पर भी 25 फीसदी टैरिफ लगाने का ऐलान किया। फिलिस्तीन को स्वतंत्र राष्ट्र का दर्जा देने वाले बयान पर कनाडा को व्यापारिक समझौते के नाम पर धमकी दी है। ट्रंप के मनमाने टैरिफ ऐलान पर अमेरिका में ही घमासान मचा हुआ है।

अब अमेरिका की अदालत इस बात पर फैसला लेगी कि क्या ट्रंप ने विदेशी सामानों पर आयात शुल्क लगाकर अपने संवैधानिक अधिकारों का उल्लंघन किया है या नहीं? अमेरिका के 12 राज्यों और छोटे व्यापारियों ने ट्रंप के टैरिफ पावर को अदालत में चुनौती दी है।

ट्रंप ने अप्रैल और फरवरी में चीन, कनाडा, मैक्सिको और कई अन्य देशों से आने वाले उत्पादों पर भारी टैरिफ लगा दिए थे। उनका तर्क था कि ये कदम अमेरिका की अर्थव्यवस्था, नौकरियों और ड्रग्स की तस्करी से निपटने के लिए जरूरी हैं। लेकिन अब ये फैसले कानूनी मुश्किलों में फंस गए हैं।

- *संविधान के मुताबिक टैक्स और टैरिफ से जुड़ा अधिकार सिर्फ संसद के पास*
- *आईईईपीएम जैसे कानून का इस्तेमाल सिर्फ 'सच्ची आपात स्थिति' में ही संभव*



### आज 11 जज शामिल होंगे

आज सुनवाई होने वाली है, उसमें अमेरिका की अपील अदालत के सभी 11 जज शामिल होंगे। इनमें से 8 को डेमोक्रेट और 3 को रिपब्लिकन राष्ट्रपतियों ने नियुक्त किया है। अगर फैसला ट्रंप के खिलाफ जाता है, तो माना जा रहा है कि यह मामला सीधा सुप्रीम कोर्ट तक पहुंच सकता है। आईईईपीएम के इस्तेमाल को लेकर ट्रंप पर 7 से ज्यादा कानूनी मुकदमे चल रहे हैं। हाल ही में वॉशिंगटन डीसी की एक अदालत ने भी ट्रंप के खिलाफ फैसला सुनाया है। अब तक किसी भी अदालत ने यह नहीं माना कि राष्ट्रपति को बिना सीमा के टैरिफ लगाने का अधिकार है।

### आईईईपीएम कानून के दम पर टैरिफ लगा रहे ट्रंप

ट्रंप ने इंटरनेशनल इमरजेंसी इकोनॉमिक पॉवर्स एक्ट (आईईईपीएम) नाम के एक पुराने कानून का इस्तेमाल किया है, जिसे आपातकाल की स्थिति में दुश्मन देशों पर प्रतिबंध लगाने के लिए लाया गया था। यह कानून 1977 में बना था लेकिन टैरिफ लगाने के लिए इसका यह पहला इस्तेमाल हुआ है। ट्रंप का कहना है कि ये 'राष्ट्रीय आपात स्थिति' है, क्योंकि अमेरिका को व्यापार में भारी घाटा हो रहा है।

### निचली अदालत दे चुकी झटका

*इससे पहले मई में एक निचली अदालत ने कहा था कि ट्रंप ने टैरिफ लगाकर अपने अधिकारों की सीमा लांघी है। कोर्ट ने साफ कहा कि आईईईपीएम जैसे कानून का इस्तेमाल सिर्फ 'सच्ची आपात स्थिति' में ही किया जा सकता है, न कि पुराने व्यापार घाटे जैसे मामलों में।*

### अकेले फैसला लेने का हक नहीं

ट्रंप के इन फैसलों के खिलाफ अमेरिका के 12 डेमोक्रेटिक शासित राज्यों और 5 छोटे व्यापार संगठनों ने कोर्ट में याचिका दायर की है। उनका कहना है कि राष्ट्रपति को इस तरह से अकेले फैसला लेने का हक नहीं है। संविधान के मुताबिक टैक्स और टैरिफ से जुड़ा अधिकार सिर्फ संसद के पास है।

यूएस और पाक के बीच ऑयल डील

# पाकिस्तान के तेल भंडारों को अब विकसित करेगा अमेरिका



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिका के भारत पर आज से लागू होने वाले 25 फीसदी पारस्परिक टैरिफ और रूस से जारी तेल, हथियारों की खरीद पर अतिरिक्त जुर्माने के ऐलान के बाद राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पाकिस्तान के साथ एक व्यापार समझौता किया है। जिसमें अमेरिका और पाकिस्तान की अपने विशाल तेल भंडारों को विकसित करने की योजना भी शामिल है। सोशल मीडिया मंच ट्रूथ पर एक पोस्ट में ट्रंप ने कहा, हमने पाकिस्तान के साथ एक समझौता किया है। उन्होंने भारत पर तंज कसते हुए कहा कि क्या पता एक दिन पाकिस्तान भारत को तेल बेचने लग जाए?

### पाक के तेल भंडार का खुलासा नहीं

वहीं, अमेरिका-पाकिस्तान के इस समझौते में जमीनी स्तर पर यह तथ्य अभी भी गोपनीय ही बना हुआ है कि अमेरिका पाकिस्तान के कौन से तेल भंडार की बात कर रहा है? राष्ट्रपति ट्रंप या पाकिस्तान ने भी इस संबंध में कोई खुलासा नहीं किया है। अमेरिका के राष्ट्रपति ने केवल इतना ही कहा कि दोनों देश अभी इस साझेदारी का नेतृत्व करने वाली तेल कंपनी का चुनाव कर रहे हैं। बता दें, पाकिस्तान अपने समुद्री तट के आसपास के क्षेत्र में काफी समय से तेल के बड़े भंडार होने का दावा करता रहा है। लेकिन उसके सामने मामले पर आगे बढ़ने में सबसे बड़ी चुनौती इससे जुड़ी पूरी प्रक्रिया में आने वाला अत्यधिक खर्च की है। जो अकेले उठा पाना पाकिस्तान के लिए असंभव है।

### पाक पीएम ने जताया आभार

*पाकिस्तान और अमेरिका के बीच व्यापार समझौते को लेकर पाकिस्तान के पीएम शहबाज शरीफ ने कहा कि मैं इस ऐतिहासिक समझौते को अंतिम रूप में उनके द्वारा निभाई गई भूमिका के लिए अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को हार्दिक धन्यवाद देना चाहता हूं। उन्होंने एक्स पोस्ट में यह जानकारी दी। जिसमें ये भी कहा कि बीते बुधवार रात वाशिंगटन में दोनों पक्षों द्वारा इस समझौते को सफलतापूर्वक संपन्न किया गया है। यह समझौता दोनों देशों के सहयोग को बढ़ाएगा। जिससे आने वाले दिनों में हमारी स्थायी साझेदारी की सीमाओं का विस्तार होगा।*

# नौसेना ने नया युद्धपोत 'हिमगिरी' लॉन्च किया



*मुंबई। भारतीय नौसेना ने हाल ही में प्रोजेक्ट 17ए के तहत निर्मित एक नया युद्धपोत, हिमगिरी लॉन्च किया है। यह जहाज स्टील्थ तकनीक से लैस है, जिसका मतलब है कि यह दुश्मन के रडार की पकड़ में आसानी से नहीं आएगा। हिमगिरी को गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स (जीआरएसई) द्वारा बनाया गया है और यह नीलगिरि श्रेणी के युद्धपोतों का हिस्सा है। हिमगिरी को बनाने में 75% से अधिक स्वदेशी सामग्री का उपयोग किया गया है, जो भारत की "मेक इन इंडिया" पहल का हिस्सा है। दुश्मन के रडार के लिए इस जहाज का पता लगाना मुश्किल हो जाता है। इसमें ब्रह्मोस मिसाइलें लगी हैं।*

यूएस के कैलिफ़ोर्निया में नौसेना विमान हादसा

# पांचवी पीढ़ी का एफ-35 विमान दुर्घटनाग्रस्त, पायलट सुरक्षित

एजेंसी ▶▶ कैलिफोर्निया



अमेरिका के मध्य कैलिफोर्निया के नौसेना हवाई अड्डे (एनएएस) लेमूर के पास बुधवार को स्थानीय समयानुसार शाम 6:30 बजे अमेरिकी नौसेना का पांचवी पीढ़ी का एक एफ-35सी लड़ाकू विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया।

नौसेना के बयान के अनुसार, पायलट ने सुरक्षित रूप से इजेक्ट कर लिया और कोई अन्य कर्मी प्रभावित नहीं हुआ। दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू हो गई है। दुर्घटनाग्रस्त एफ-35सी विमान स्ट्राइक फाइटर स्क्वाड्रन वीएफए-125, जिसे 'रफ रेडर्स' के नाम से जाना जाता है, को सौंपा गया था। यह स्क्वाड्रन पायलटों और एयरक्रू को प्रशिक्षण देने के लिए ज़िम्मेदार फ्लीट रिप्लेसमेंट स्क्वाड्रन है। एफ-35सी, लॉकहीड मार्टिन द्वारा निर्मित पांचवीं पीढ़ी का स्टील्थ लड़ाकू विमान है, जिसे विशेष रूप से विमानवाहक पोतों के लिए डिजाइन किया गया है।

पीएम मोदी और यूएई के राष्ट्रपति के बीच हुई बातचीत

# दोनों नेताओं ने व्यापक 'रणनीतिक भागीदारी' को मजबूती प्रदान करने की प्रतिबद्धता दोहराई

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी ने संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान से टेलीफोन पर बातचीत की है। जिसमें दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापक रणनीतिक भागीदारी को और अधिक मजबूती प्रदान करने के लिए साझा प्रतिबद्धता की पुष्टि की गई। विदेश मंत्रालय ने बताया कि दोनों शीर्ष नेताओं ने अपनी वार्ता के दौरान आपसी सहयोग से जुड़े हुए विभिन्न क्षेत्रों में हुई सराहनीय प्रगति का सकारात्मक मूल्यांकन किया।

### यूएई के राष्ट्रपति ने पीएम को दी बधाई



मंत्रालय ने बताया कि यूएई के राष्ट्रपति ने पीएम मोदी को भारत के इतिहास में दूसरे सबसे लंबे समय तक सेवा करने वाले पीएम बनने पर हार्दिक बधाई दी। साथ ही राष्ट्र के प्रति उनकी सेवा में निरंतर सफलता की कामना की। जिसके जवाब में पीएम मोदी ने राष्ट्रपति शेख मोहम्मद का उनकी शुभकामनाओं और भारत के लोगों के प्रति स्नेह व्यक्त करने के लिए धन्यवाद दिया।

**संपन्न हुई रक्षा उद्योग भागीदारी**

*दोनों नेताओं की बातचीत से इतर भारत-यूएई के बीच नई दिल्ली में 31 जुलाई को रक्षा उद्योग भागीदारी कार्यशाला हुई। जिसमें भारत की 90 से ज्यादा और यूएई की 8 कंपनियों ने भागीदारी की।*

दक्षिण कोरिया के पूर्व राष्ट्रपति मुश्किल में

# पूछताछ के लिए दूसरी बार जारी होगा 'डिटेंशन वारंट'

एजेंसी ▶▶ सियोल



दक्षिण कोरिया की एक स्पेशल काउंसिल टीम ने गुरुवार को बताया कि वह जेल में बंद पूर्व राष्ट्रपति यून सुक योल को पूछताछ हेतु जबरन लाने के लिए इस हफ्ते 'डिटेंशन वारंट' जारी करेगी। स्पेशल काउंसिल मिन जोंग-की की टीम के अनुसार, वह शुक्रवार सुबह 9 बजे राजधानी के दक्षिण में उइवांग स्थित सोल हिरासत केंद्र में एक सहायक विशेष वकील, एक अभियोजक और जांचकर्ताओं को भेजने की योजना बना रही है। इससे पहले सोल सेंट्रल जिला अदालत ने पूर्व राष्ट्रपति यून के खिलाफ एक गिरफ्तारी वारंट जारी किया। यून पर दिसंबर में मार्शल लॉ थोपने की नाकाम कोशिश के आरोप हैं। वह फिलहाल हिरासत में हैं। यून ने इस हफ्ते पूछताछ के लिए भेजे गए दो समन की अवहेलना की, जिसके चलते अदालत को यह कदम उठाना पड़ा। मिन की टीम, यून और उनकी पत्नी किम कीओन ही पर लगे आरोपों की जांच कर रही है।

दिल्ली हाईकोर्ट के आदेश से राजपूताना राइफल्स के जवानों को राहत



# सेना बनाएगी बैली ब्रिज, पीडब्ल्यूडी को देना होंगे अग्रिम 25 लाख रुपए

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राजपूताना राइफल्स के जवानों को गंदे नाले से गुजरने की रोजाना की मजबूरी से आखिरकार राहत मिलने वाली है। दिल्ली हाईकोर्ट ने इस पर बड़ा कदम उठाते हुए लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) को आदेश दिया है कि वह भारतीय सेना को 25 लाख रुपए अग्रिम राशि के रूप में दे, ताकि जवानों के लिए अस्थायी बैली ब्रिज बनाया जा सके। कोर्ट ने इस मामले पर स्वतः संज्ञान लेते हुए कहा कि अब और देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जस्टिस प्रथिबा एम. सिंह और जस्टिस मनमीत प्रीतम सिंह अरोड़ा की बेंच ने कहा कि भुगतान होते ही सेना 40 दिनों के भीतर ब्रिज का निर्माण पूरा करेगी। कोर्ट ने साफ कहा कि यह आदेश इसलिए जरूरी है क्योंकि जवानों को रोजाना परेड ग्राउंड तक पहुंचने के लिए गंदे और कीचड़ से भरे नाले से चार बार गुजरना पड़ता है, जो बेहद शर्मनाक स्थिति है।

### अगली सुनवाई में मांगी प्रगति रिपोर्ट

*18 जून को कोर्ट ने अधिकारियों को आदेश दिया था कि नाले में जलभराव न हो और पानी की नियमित निकासी की जाए। अब कोर्ट ने साफ कहा है कि बैली ब्रिज बनने तक नाले की सफाई और रखरखाव जारी रहना चाहिए, ताकि जवानों को किसी तरह की परेशानी न हो। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई में पीडब्ल्यूडी और सेना से प्रगति रिपोर्ट मांगी है। इस फैसले को जवानों के लिए बड़ी राहत माना जा रहा है।*

### 10 महीने में बनेगा स्थायी फुट ओवर ब्रिज

राजपूताना राइफल्स को उनके बैरकों से दिल्ली छावनी क्षेत्र में परेड ग्राउंड तक आवागमन की सुविधा प्रदान करने के लिए बनाया जा रहा एक फुटओवर ब्रिज (एफओबी) 10 महीनों के भीतर पूरा हो जाएगा। ऐसे में तब तक सेना खुद बैली ब्रिज बनाएगी, जिससे जवानों को तुरंत राहत मिले। हाईकोर्ट ने पीडब्ल्यूडी को यह भी निर्देश दिया कि फुट ओवर ब्रिज के निर्माण के लिए टेंडर प्रक्रिया तुरंत शुरू की जाए और अगली सुनवाई तक प्रगति रिपोर्ट दाखिल की जाए। इससे पहले जवानों को रोजाना गंदे नाले से होकर गुजरना पड़ता है।

बैंक 'धोखाधड़ी' मामला

# पहली बार अंडमान और निकोबार में ईडी की रेड



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के एक पूर्व कांग्रेस सांसद से जुड़े कथित सहकारी बैंक कर्ज 'धोखाधड़ी' से जुड़ी धन शोधन मामले की जांच के सिलसिले में गुरुवार को पहली बार इस केंद्र शासित प्रदेश में छापे मारे। ईडी ने धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत पोर्ट ब्लेयर और उसके आसपास के नौ स्थानों और कोलकाता में दो जगहों पर छापेमारी की। उन्होंने बताया कि यह पहली बार है जब एजेंसी ने बंगाल की खाड़ी में स्थित इस केंद्र शासित प्रदेश में धन शोधन निवारण अधिनियम के तहत छापेमारी की है। यह मामला अंडमान निकोबार राज्य सहकारी बैंक (एएनएससीबी) और उसके पूर्व उपाध्यक्ष कुलदीप राय शर्मा से संबंधित है। कांग्रेस नेता शर्मा (57) इस केंद्र शासित प्रदेश के पूर्व सांसद (2019-24) हैं। पुलिस ने मामले की जांच के सिलसिले में एक स्थानीय अस्पताल से 18 जुलाई को उन्हें गिरफ्तार किया था।

# इगा स्वियातेक का विजय अभियान जारी, आसान जीत के साथ तीसरे दौर में पहुंची

एजेंसी ▶▶| मॉन्ट्रियल


विंबलडन चैंपियन इगा स्वियातेक ने अपना दमदार प्रदर्शन जारी रखते हुए चीन की गुओ हान्यू को 6-3, 6-1 से हराकर नेशनल बैंक ओपन टेनिस टूर्नामेंट के तीसरे दौर में प्रवेश किया।

विंबलडन के फाइनल में अमांडा अनिसिमोवा को 6-0, 6-0 से हराने के बाद पहली बार कोई मैच खेल रही स्वियातेक ने जल्द ही 4-0 की बढ़त बना ली और फिर अपने विजय अभियान को 24 मैच तक पहुंचा दिया। पोलैंड की विश्व में दूसरे नंबर की खिलाड़ी स्वियातेक का अगला मुकाबला जर्मनी की ईवा लिस से होगा, जिन्होंने रूस की अनास्तासिया पाव्लुचेनकोवा को 6-3, 6-4 से हराया।



## शेल्टन ने मन्नारिनो को हराया

टोरंटो। बेन शेल्टन ने कैनेडियन ओपन के अपने पहले मैच में एड्रियन मन्नारिनो को 6-2, 6-3 से हराकर तीसरे दौर में प्रवेश किया। शेल्टन ने एटीपी मास्टर्स 1000 इवेंट में अपनी 25वीं जीत दर्ज की। 22 वर्षीय बेन शेल्टन फिलहाल पीआईएफ एटीपी रैंकिंग में अपने करियर के सर्वश्रेष्ठ सातवें स्थान पर हैं। वह पिछले 10 में से 8 मुकाबले जीत चुके हैं। शेल्टन ने मैच के बाद कहा, आखिरी गेम में थोड़ा तनाव जरूर था, लेकिन मुझे खुशी है कि मैं अंत तक संयमित रहा और ब्रेक प्वॉइंट पर भी सर्व करते हुए मैच को खत्म कर पाया। अब शेल्टन का अगला मुकाबला 25वें वरीय ब्रैंडन नकाशिमा से होगा, जिन्होंने हमवतन खिलाड़ी एथन क्विन को 7-6(6), 6-4 से हराया। टोरंटो में इस फोर्टनाइट के दौरान शेल्टन अपना पहला मास्टर्स 1000 खिताब जीतने की कोशिश में हैं। एटीपी लाइव रेस टू ट्यूरिन में फिलहाल नौवें स्थान पर हैं। इस साल वह निट्टो एटीपी फाइनल्स में अपनी पहली उपस्थिति दर्ज कराने की ओर बढ़ रहे हैं।





## रुबलेव ने दर्ज की 250वीं जीत

इससे पहले, आंद्रे रुबलेव ने ह्यूगो गैस्टन को 6-2, 6-3 से हराकर हार्ड कोर्ट पर अपने करियर की 250वीं जीत दर्ज की। 27 वर्षीय रुबलेव ने गैस्टन के खिलाफ 19 विनर्स और 17 अनफोर्स्ड एरर्स के साथ मुकाबला समाप्त किया और तीसरे दौर में प्रवेश किया। छठे वरीय रुबलेव ने पिछले साल इसी एटीपी मास्टर्स 1000 इवेंट में फाइनल तक का सफर तय किया, जहां उन्हें एलेक्सी पोपिरिन से हार का सामना करना पड़ा था। इस सीजन का अपना दूसरा खिताब जीतने की कोशिश में दोहा ओपन चैंपियन रुबलेव अब 28वें वरीय लोरेंजो सोनेगो से भिड़ेंगे।

## गैब्रियल तीसरे दौर में अब मुकाबला फ्रिट्ज से

टोरंटो। कनाडा के लंबे कद के खिलाड़ी गैब्रियल डायलो ने इटली के माटेओ गिगांटे को 6-3, 7-6 (5) से हराकर नेशनल बैंक ओपन टेनिस टूर्नामेंट के तीसरे दौर में प्रवेश किया। मॉन्ट्रियल के रहने वाले छह फुट आठ इंच लंबे दाएं हाथ के खिलाड़ी डायलो ने बारिश से प्रभावित मैच में एक घंटे 46 मिनट में जीत दर्ज की। डायलो ने पिछले महीने नीदरलैंड में अपना पहला एटीपी टूर खिताब जीता था। अब उनका सामना अमेरिका के दूसरे वरीय टेलर फ्रिट्ज से होगा, जिन्होंने स्पेन के रॉबर्टो कार्बालेस बाएना को 7-5, 7-6 (1) से हराया। दूसरे दौर के अन्य मैचों में चौथी वरीयता प्राप्त अमेरिकी खिलाड़ी बेन शेल्टन ने फ्रांस के क्वालीफायर एड्रियन मन्नारिनो को 6-2, 6-3 से और रूस के छठी वरीयता प्राप्त आंद्रे रुबलेव ने फ्रांस के ह्यूगो गैस्टन को 6-2, 6-3 से हराया।

## खबर संक्षेप




### प्रो कबड्डी लीग: 29 अगस्त से चार शहरों में खेली जाएगी

**मुंबई।** प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) का 12वां सत्र 29 अगस्त से शुरू होगा और इसे चार शहरों विशाखापट्टनम, जयपुर, चेन्नई और नई दिल्ली में आयोजित किया जाएगा। आयोजकों ने गुरुवार बताया कि नए सत्र के पहले दिन विशाखापत्तनम के राजीव गांधी इंडोर स्टेडियम में तेलुगू टाइटन्स का सामना तमिल थलाइवाज से और बेंगलुरु बुल्स का पुनेरी पल्टन से होगा। विशाखापट्टनम में 2018 के बाद पहली बार पीकेएल के मैच खेले जाएंगे। पीकेएल का दूसरा चरण 12 सितंबर से जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम के इंडोर हॉल में आयोजित किया जाएगा, जहां टूर्नामेंट ने 2023-24 के सत्र में अपने 1,000 मैच पूरे किए थे। तीसरा चरण 29 सितंबर से चेन्नई के एसडीएटी इंडोर स्टेडियम में जबकि चौथा और अंतिम चरण 13 अक्टूबर से नई दिल्ली के त्यागराज स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा। प्लेऑफ़ का कार्यक्रम बाद में घोषित किया जाएगा।

### जूनियर महिला राष्ट्रीय हॉकी में खेलेंगी 30 टीमें



**काकीनाडा।** हॉकी इंडिया जूनियर महिला राष्ट्रीय चैम्पियनशिप शुक्रवार से शुरू होगी, जिसमें कुल 30 टीम भाग लेंगी। इस बार यह प्रतियोगिता डिवीजन आधारित प्रारूप में खेली जाएगी, जिसमें टीमों को तीन डिवीजन ए, बी और सी में बांटा गया है। प्रतियोगिता 12 अगस्त तक चलेगी। ए और बी डिवीजन में सबसे नीचे रहने वाली दो टीमों को अगले वर्ष के टूर्नामेंट में क्रमशः बी और सी में रेलीगेट कर दिया जाएगा जबकि बी और सी डिवीजन की शीर्ष दो टीमों को क्रमशः ए और बी डिवीजन में जगह मिलेगी। डिवीजन ए में देश की शीर्ष 12 टीमें शामिल हैं। इसके पूल ए में गत वर्ष की चैंपियन हॉकी झारखंड, पूल बी में पिछले वर्ष की उपविजेता हॉकी मध्य प्रदेश और पूल सी में तीसरे नंबर की टीम हॉकी हरियाणा शामिल है।

### राष्ट्रमंडल युवा खेलों की मेजबानी करेगा माल्टा



**नई दिल्ली।** माल्टा 2027 में राष्ट्रमंडल युवा खेलों के आठवें चरण की मेजबानी करेगा, जिसमें 74 देशों के 14 से 18 वर्ष के खिलाड़ी आठ खेलों में हिस्सा लेंगे। राष्ट्रमंडल खेलों की संचालन संस्था ने गुरुवार को यह जानकारी दी। राष्ट्रमंडल खेलों की संस्था ने हालांकि इनकी तारीखों की घोषणा नहीं की कि लेकिन कहा कि यह 2027 के अंत में आयोजित होंगे। राष्ट्रमंडल खेल ने कहा, 'राष्ट्रमंडल खेल को यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि आठवें राष्ट्रमंडल युवा खेल की मेजबानी माल्टा 2027 के अंत में करेगा। माल्टा 2027 में 74 देशों और क्षेत्रों के 14 से 18 वर्ष के लगभग 1150 खिलाड़ियों का स्वागत करेगा।'

## पांचवां टेस्ट : भारत ने लंच तक दोनों सलामी बल्लेबाजों के विकेट गंवाए

# चार बदलाव के साथ उतरी टीम इंडिया शुभमन ने तोड़ा गावस्कर का रिकॉर्ड

एजेंसी ▶▶| लंदन

भारत ने घास की मौजूदगी वाली पिच पर अपने सलामी बल्लेबाजों यशस्वी जायसवाल और लोकेश राहुल के विकेट गंवा दिए लेकिन इंग्लैंड के खिलाफ श्रृंखला के निर्णायक पांचवें और अंतिम टेस्ट मैच के पहले दिन गुरुवार को लंच तक दो विकेट पर 72 रन बनाकर अच्छा प्रदर्शन किया। भारत ने अपनी एकादश में चार बदलाव करते हुए जसप्रीत बुमराह, अंशुल कंबोज, शारदुल ठाकुर और चोटिल ऋषभ पंत की जगह फिट हो चुके आकाश दीप, प्रसिद्ध कृष्णा, करुण नायर और ध्रुव जुरेल को शामिल किया। वहीं कप्तान गिल ने एक टेस्ट सीरीज में सर्वाधिक रन बनाकर सुनील गावस्कर का रिकॉर्ड तोड़ा है।

श्रृंखला की अब तक की सबसे अधिक घास की मौजूदगी वाली पिच पर इंग्लैंड ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। गेंद उम्मीद के मुताबिक सीम तो कर रही थी, लेकिन बहुत ज्यादा स्विंग नहीं कर रही थी। श्रृंखला का अपना पहला मैच खेल रहे गस एटकिंसन ने अपने दूसरे ओवर में जायसवाल (02) को आउट किया। मैदानी अंपायर ने आउट नहीं दिया था, लेकिन डीआरएस लेने पर उन्हें फैसला बदलना पड़ा क्योंकि अंदर आती गेंद स्टंप्स पर लगती। अच्छी फॉर्म में चल रहे राहुल (14 रन) आउट होने वाले दूसरे बल्लेबाज बने। क्रिस वोक्स की शॉर्ट गेंद को कट करने की कोशिश में वह विकेटों पर खेल गए।



### शुभमन सीरीज में नहीं जीत सके एक बार भी टॉस

शुभमन गिल कप्तान के तौर पर 5 मैचों की टेस्ट सीरीज में टॉस नहीं जीत सके। अब तक टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में ऐसा सिर्फ 14 बार ही हुआ है। वहीं 21वीं सदी में ऐसा सिर्फ दूसरी बार हुआ है जब किसी 5 मैचों की टेस्ट सीरीज में एक टीम कोई भी टॉस जीतने में कामयाब नहीं हो सकी। इससे पहले साल 2018 में टीम इंडिया के इंग्लैंड दौरे पर हुआ था, जब विराट कोहली कप्तानी संभाल रहे थे और एक भी मुकाबले में टॉस नहीं जीत पाए थे।

### गिल ने गैरी सोबर्स का 59 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ा

पांचवें टेस्ट मैच में गुरुवार को कप्तान गिल बल्लेबाजी करने के लिए मैदान पर उतरे। गिल ने अपना खाता छठी गेंद पर जैसे ही खोला उसके साथ ही उनके इस टेस्ट सीरीज में कुल 723 रन हो गए और वह एसईएनए देशों में बतौर कप्तान एक टेस्ट सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी बन गए। इससे पहले ये रिकॉर्ड गैरी सोबर्स के नाम पर था, जिन्होंने साल 1966 में इंग्लैंड दौरे पर खेली गई टेस्ट सीरीज में बतौर कप्तान कुल 722 रन बनाए थे।

### गावस्कर के रिकॉर्ड को गिल ने किया ध्वस्त

ओवल टेस्ट मैच में शुभमन गिल ने एक और बड़ी उपलब्धि हासिल की, जिसमें वह अब भारत के लिए एक टेस्ट सीरीज में कप्तान के तौर पर सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी भी बन गए हैं। शुभमन गिल ने इस मामले में सुनील गावस्कर के रिकॉर्ड को ध्वस्त किया है, जिसमें गावस्कर ने साल 1978-79 में वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट सीरीज में बतौर कप्तान कुल 732 रन बनाए थे। अब इस लिस्ट में शुभमन गिल टॉप पर पहुंच गए हैं।

### एक टेस्ट सीरीज में भारतीय कप्तान के सर्वाधिक रन

| | | |
|---|---|---|
| 733 रन | शुभमन | 2025 |
| 732 रन | गावस्कर | 1978/79 |
| 655 रन | कोहली | 2016/17 |
| 610 रन | कोहली | 2017/18 |
| 593 रन | विराट | 2018 |

### विदेशी चुनौतियों से पार पाना हमेशा विशेष होता है: जुरेल

भारत के विकेटकीपर ध्रुव जुरेल समझते हैं कि विदेशी परिस्थितियों में अच्छा प्रदर्शन करने से खिलाड़ी का आत्मविश्वास बढ़ता है और वह चोटिल उप कप्तान ऋषभ पंत की जगह इंग्लैंड के खिलाफ पांचवें टेस्ट मैच में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

## शतरंज

# प्रदर्शन पर ध्यान केंद्रित करने की कोशिश कर रही थी : दिव्या



एजेंसी ▶▶| नागपुर

ग्रैंडमास्टर दिव्या देशमुख ने कहा है कि हमवतन कोनेरू हम्पी के खिलाफ फिडे महिला विश्व कप फाइनल खेलते समय उन पर किसी भी तरह का दबाव नहीं था क्योंकि उनके पास खोने के लिए कुछ नहीं था। दिव्या जॉर्जिया के बातुमी से नागपुर पहुंचीं और एक विश्व चैंपियन के तौर पर उनका भव्य स्वागत किया गया।

हवाई अड्डे पर लोगों के दिखाए गए स्नेह से यह युवा खिलाड़ी अभिभूत थी। उन्नीस साल की दिव्या ने दो बार की विश्व रैपिड चैंपियन 38 वर्षीय हम्पी को दो क्लासिकल दौर के ड्रॉ रहने के बाद समय-नियंत्रित टाई-ब्रेक में हराया। यह दिव्या के करियर की सबसे बड़ी सफलता रही।

दिव्या से जब पूछा गया कि क्या वह फाइनल में दबाव में थीं तो उन्होंने कहा, ''मुझे नहीं लगा कि मैं मुश्किल में थी। मुझे लगता है कि उन्होंने (हम्पी) जो आखिरी गलती की, उसी ने मुझे जीत दिलाई। ' उन्होंने कहा, 'मैं सिर्फ अपने प्रदर्शन पर ध्यान केंद्रित करने की कोशिश कर रही थी। मैं किसी और चीज के बारे में नहीं सोच रही थी।'

### कैंडिडेट्स टूर्नामेंट में भी जगह पक्की

दिव्या ने इस प्रतियोगिता में एक छुपी रूस्तम के तौर पर प्रवेश किया था और उनका लक्ष्य ग्रैंडमास्टर नॉर्म जीतने का था और आखिरकार वह ग्रैंडमास्टर बन गईं। दिव्या ने सिर्फ ग्रैंडमास्टर नॉर्म ही नहीं हासिल किया बल्कि टूर्नामेंट भी जीत लिया और अगले साल के कैंडिडेट्स टूर्नामेंट में भी जगह पक्की की। साथ ही 50 हजार अमेरिकी डॉलर की पुरस्कार राशि भी हासिल की। इस खिलाड़ी को उम्मीद है कि उनकी सफलता के बाद भारत में महिला शतरंज काफी लोकप्रिय होगा। उन्होंने कहा, 'मुझे उम्मीद है कि इस सफलता के बाद महिलाएं विशेषकर युवा खिलाड़ी इस खेल को बड़े पैमाने पर अपनाएंगी।

## नेपाल करेगा मेजबानी

# विमेंस टी20 वर्ल्ड कप 2026 क्वालिफायर का शेड्यूल जारी



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

महिला टी20 वर्ल्ड कप 2026 के क्वालीफायर मैच का शेड्यूल आईसीसी ने जारी कर दिया है। क्वालीफायर मैचों का आगाज 12 जनवरी 2026 से होगा, जो कि 2 फरवरी 2026 तक खेला जाएगा, जिसकी मेजबानी नेपाल को दी गई है। 21 दिन के इस इवेंट में कुल 10 टीमें दो अलग-अलग जगह मुलपानी, काठमांडू में आपस में भिडेंगी।

▪ 21 दिन के इवेंट में 10 टीमें आपस में भिड़ेंगी

बांग्लादेश और आयरलैंड की टीमों ने टी20 वर्ल्ड कप 2024 में खेलकर पहले ही क्वालीफायर के लिए सीधी एंट्री कर ली है, जबकि थाईलैंड और नेपाल ने, जबकि यूएसए ने टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई कर लिया है। अब बची हुई 5 टीमों में से दो-दो टीमें अफ्रीका और यूरोप, जबकि एक टीम ईस्ट एशिया पैसेफिक से ली जाएगी।


दरअसल, नेपाल में होने वाले आईसीसी महिला वर्ल्ड कप 2026 का क्वालीफायर अहम होगा, जिसमें 10 टीमों को दो अलग-अलग ग्रुप में बांटा गया है। हर एक ग्रुप में 5 टीमें होगी। इसके बाद सुपर सिक्स स्टेज और फाइनल मैच खेला जाएगा। पूरे शेड्यूल का ऐलान जल्द ही घोषित किया जाएगा।

### इवेंट की शुरुआत 12 जून से

आईसीसी महिला टी20 वर्ल्ड कप 2026 के शेड्यूल का पहले ही ऐलान हो गया है, जिसमें इंग्लैंड और वेल्स को मेजबानी मिली हैं। इस इवेंट की शुरुआत 12 जून से होनी है, जिसका फाइनल 5 जुलाई 2026 को खेला जाएगा। वहीं इन 24 दिनों के अंतराल में कुल 33 मैच खेले जाएंगे, जो कि 7 वेन्यू पर खेले जाएंगे, जिसमें ओल्ड ट्रैफर्ड, हेडिंग्ले, हैम्पशायर बॉल, ब्रिस्टल काउंटी ग्राउंड शामिल है। वहीं, इस बार महिला टी20 वर्ल्ड कप 2026 का फाइनल मैच बेहतरीन होगा, क्योंकि वह लंदन के ऐतिहासिक लॉर्ड्स क्रिकेट ग्राउंड में खेला जाएगा।

# सीनियर राष्ट्रीय स्क्वाश चैंपियनशिप: 23 अगस्त से नई दिल्ली में होगी शुरू

**नई दिल्ली।** सीनियर राष्ट्रीय स्क्वाश चैंपियनशिप का आयोजन 23 से 28 अगस्त तक नई दिल्ली में किया जाएगा। भारतीय स्क्वाश रैकेट महासंघ (एसआरएफआई) ने गुरुवार को यह घोषणा की। एसआरएफआई के महासचिव साइरस पोंचा ने कहा, 'हमारी सीनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिप तीन हफ्ते बाद दिल्ली के ध्यानचंद स्टेडियम में आयोजित की जाएगी। प्रतियोगिता की तारीखें 23 से 28 अगस्त हैं।' उन्होंने कहा, 'इस प्रतियोगिता में अधिकतर शीर्ष खिलाड़ियों के भाग लेने की उम्मीद है।' एसआरएफआई ने टेक दिग्गज एचसीएल के साथ मिलकर गुरुवार को एचसीएल इंडिया स्क्वाश टूर 2025-26 का भी शुभारंभ किया। पेशेवर स्क्वाश संघ (पीएसए) टूर का भारत के छह शहरों में विस्तार हो चुका है और पीएसए देश में अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतिस्पर्धा लाएगा, जिससे पीएसए रैंकिंग अंक, बढ़ा हुआ नकद पुरस्कार और घरेलू खिलाड़ियों के लिए विश्व स्तर पर उत्कृष्टता हासिल करने की राह मिलेगी।



# लीग कप में मेस्सी का जादू, आखिरी मिनट के गोल से इंटर मियामी को दिलाई जीत

एजेंसी ▶▶| मियामी

लियोनेल मेस्सी ने मैच के अंतिम पलों में दिखाए गए करिश्मे की मदद से इंटर मियामी ने लीग कप फुटबॉल टूर्नामेंट के अपने पहले मैच में एटलस को 2-1 से हरा दिया। मेजर लीग सॉकरकी ओर से ऑल-स्टार भाग नहीं देने के कारण एक मैच के लिए निलंबित किए जाने के बाद मेस्सी और उनके साथी जोर्डी अल्बा का यह पहला मैच था। उन्होंने स्टॉपेज टाइम के आखिरी मिनट में मार्सेलो वीगन्ड्ट की विजयी गोल करने में मदद की। वीडियो समीक्षा प्रणाली के बाद ही यह गोल मान्य माना गया।

मेस्सी ने इससे पहले 58वें मिनट में टेलास्को सेगोविया के गोल में भी मदद की थी। रिवाल्डो लोजानो ने 80वें मिनट में एटलस की तरफ से बराबरी का गोल किया। इस मैच में अर्जेंटीना के मिडफील्डर रोड्रिगो डी पॉल ने इंटर मियामी के लिए पदार्पण किया। मेस्सी के राष्ट्रीय टीम के साथी डी पॉल ने पिछले हफ्ते क्लब के साथ आधिकारिक तौर पर करार किया था।



इंटर मियामी ने पहले मैच में एटलस को 2-1 से हराया

## मकाऊ ओपन बीडब्ल्यूएफ सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट

# मन्नेपल्ली पहुंचे क्वार्टर फाइनल में, हांगकांग के चियुक को हराया

एजेंसी ▶▶| मकाऊ

भारत के तरुण मन्नेपल्ली शीर्ष वरीयता प्राप्त हांगकांग के ली चियुक यू को हराकर मकाऊ ओपन बीडब्ल्यूएफ सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए । तरुण ने दुनिया के 15वीं रैंकिंग वाले ली को 19-21, 21-14, 22-40 से हराया । इससे पहले वह फरवरी में जर्मन ओपन के क्वार्टर फाइनल में भी पहुंचे थे । अब उनका सामना चीन के हू झे अन से होगा । आयुष शेट्टी को मलेशिया के जस्टिन होह ने 21 . 18, 21 . 16 से हरा दिया।





### लक्ष्य ने किया कमाल

वहीं, लक्ष्य सेन ने इंडोनेशिया के चिको औरा द्वि वार्डोयो को रोमांचक मुकाबले में 21-14, 14-21, 21-17 से हराया। पुरुष वर्ग में आयुष शेट्टी को मलेशिया के जस्टिन होह ने 21-18, 21-16 से हराकर बाहर कर दिया। महिला एकल में भारत की रक्षिता रामराज थाईलैंड की बुसानन आंगबामरूंगफान से 14-21, 21-10, 21-10 से हार गईं।

### डबल्स में भारत को झटका

मिश्रित युगल में पांचवीं वरीयता प्राप्त ध्रुव कपिला और तनीषा क्रास्टो को मलेशिया की जोड़ी जिम्मी वोंग और लेई पेई जिंग से 19-21, 21-13, 21-18 से हार का सामना करना पड़ा। पुरुष युगल में पृथ्वी रॉय और के साइ प्रतीक मलेशिया के जुनैदी आरिफ और रॉय किंग याप से सीधे गेमों में 21-18, 21-18 से हार गए।

# 100 सीटर छात्रावास में मिले सिर्फ दो छात्र, वार्डन-भृत्य, सफाईकर्मी नदारद

## हथाईखेड़ा छात्रावास में डीईओ को निरीक्षण में मिली खामियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा हथाईखेड़ा स्थित नेताजी सुभाषचन्द्र बोस बालक छात्रावास के आकस्मिक निरीक्षण के बाद वार्डन नीलेश आर्य को नोटिस दिया गया है। जिला परियोजना समन्वयक द्वारा जारी नोटिस में कहा गया है कि निरीक्षण के दौरान छात्रावास में चौकीदार अंकित विश्वकर्मा और सिर्फ दो छात्र उपस्थित पाए गए। जबकि वार्डन, भृत्य और सफाई कर्मचारी अनुपस्थित थे। जांच के दौरान यह भी सामने आया कि मीनू के अनुसार बच्चों के लिए भोजन नहीं बना था। छात्रावास 100 सीटर है, लेकिन निरीक्षण के दौरान मात्र 02 छात्र उपस्थित होना पाया जाना संदेहास्पद है। नोटिस में कहा गया है कि उपरोक्त से स्पष्ट है, कि वार्डन द्वारा छात्रावास का संचालन छात्रहित में नहीं किया जा रहा है। वार्डन से पूछा गया है कि उक्त स्थिति निर्मित होने से यह प्रतीत होता है कि आप छात्रावास का संचालन करने में अक्षम होने के साथ-साथ प्रशासनिक कार्यों में भी सक्षम नहीं है। मामले में वार्डन से 7 दिन के भीतर जवाब मांगा गया है।




### जांच में छात्रों ने लगाए गंभीर आरोप, वार्डन को थमाया नोटिस




### बच्चों ने दो बार लिखित में शिकायत भी की

*निरीक्षण में यह भी सामने आया कि छात्रावास के बच्चों द्वारा दो बार लिखित में शिकायत की गई है, कि उन्हें कच्ची रोटी, कच्ची दाल, कच्ची सब्जी व कच्चे चावल दिये जाते हैं। चाय में न तो दूध होता है और न ही शक्कर। शाम को नाश्ता भी नहीं दिया जाता। दूध में पानी मिला कर दिया जाता है। चौकीदार शराब पीकर आता और मारता है, खेलने नहीं देता। बच्चों से काम करवाते हैं। खाना बनाने वाली बाई राशन घर ले जाती है। उक्तानुसार दो शिकायती पत्र की प्रति भी संलग्न की गई हैं। शिकायत गंभीर प्रवृत्ति की है।*

विधानसभा अध्यक्ष तोमर ने दिया मार्गदर्शन

# प्रशिक्षणार्थी उप जिलाध्यक्षों ने विधानसभा का भ्रमण किया

हरिभूमि न्यूज. भोपाल



आरसीवीपी प्रशासन एवं प्रबंधन अकादमी भोपाल में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे उप जिलाध्यक्षों ने गुरुवार को मध्यप्रदेश विधानसभा का भ्रमण किया। उन जिलाध्यक्षों ने विधानसभा की कार्यवाही देखी। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने उप जिलाध्यक्षों से भेंट की और उनका मार्गदर्शन किया। तोमर ने कहा कि एक प्रशासनिक अधिकारी के रूप में आपकी प्राथमिकता काम का समय पर निराकरण होना चाहिए। तोमर ने कहा कि उप जिलाध्यक्षों को अपने शुरुआती करियर में चुनौतीपूर्ण और फील्ड के काम को प्राथमिकता देना चाहिए। तोमर ने कहा कि आप लोगों के पास आम जनता, गरीब, किसान अपनी समस्याओं को ले कर आएंगे, आप की प्राथमिकता उनका निराकरण होना चाहिए। तोमर ने उप जिलाध्यक्षों से जनता से जुड़ कर और वहां से फीडबैक लेने पर भी बल दिया। उन्होंने अधिक से अधिक अध्ययन पर भी जोर दिया।

मालेगांव ब्लास्ट मामले के निर्णय के बाद बढ़ी सियासी हलचल, भारतीय जनता पार्टी ने बताया सत्य की जीत

# भगवा आतंकवाद कहने वाले कांग्रेस नेता माफी मांगें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मालेगांव ब्लास्ट मामले में एनआईए कोर्ट के फैसले पर उमा भारती ने कहा कि भगवा आतंकवाद की झूठी कहानी गढ़ने और संतो को बदनाम करने के लिए कांग्रेस नेताओं को माफी मांगनी चाहिए। कांग्रेस ने हिंदुओं को कलंकित करने का प्रयास किया गया था। साध्वी प्रज्ञा और अन्य आरोपियों के बरी होने पर मैं राहत महसूस कर रही हूं। उन्होने कहा कि मुसलमानों में हिंदुओं के प्रति खौफ पैदा करने के लिए यह कांग्रेस द्वारा साजिश की गई थी।

साध्वी प्रज्ञा, कर्नल पुरोहित जैसे आर्मी ऑफिसर को प्रताड़ति करना, ये सब तत्कालीन कांग्रेस सरकार की साजिश थी। जिस तरह की यातनाएं साध्वी प्रज्ञा को दी गई वे बेहद अमानवीय थी।उन्होने आरोप लगाते हुए कहा कि यह साजिश इसलिए की गई ताकि पूरा का पूरा हिंदू समाज आतंकी घोषित हो जाए और अल्पसंख्यक लोग डरकर कांग्रेस को वोट देने लगें। हम भी एक प्रकार से पिछले 17 वर्षों से मानसिक यातना की जेल में कैद थे। लेकिन आज कोर्ट के फैसले से काफी राहत मिली है। उमा भारती ने कहा कि आज साध्वी प्रज्ञा, कर्नल पुरोहित और अन्य साथियों की रिहाई हम सबकी रिहाई है लेकिन कांग्रेस के नेताओं को माफी मांगनी चाहिए।

*फैसले को लेकर बोलीं उमा*
*साध्वी प्रज्ञा, कर्नल पुरोहित और अन्य साथियों की रिहाई, यानी हम सब की रिहाई*



## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत ने कहाः न्यायालय ने कांग्रेस के झूठे नैरेटिव का पर्दाफाश कर दिया

महाराष्ट्र के मालेगांव ब्लास्ट केस में एनआईए विशेष न्यायालय ने साध्वी प्रज्ञा ठाकुर सहित सातों आरोपियों को बरी किया है। न्यायालय के इस निर्णय के बाद मप्र की सियासी हलचल तेज होने के साथ ही भाजपा-कांग्रेस सहित अन्य पार्टियों की बयानबाजी भी तेज हो गई है। जहां भाजपा नेताओं ने इसे सत्य की जीत बताया है, तो कांग्रेस नेताओं ने फैसले पर सवाल उठाते हुए सुप्रीम कोर्ट जाने की बात कही है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने कहा कि कांग्रेस ने हिंदू समाज की छवि को धूमिल करने संगठित प्रयास किया था। प्रदेश अध्यक्ष खण्डेलवाल ने कहा कि बीते 17 वर्षों की पीड़ा, सामाजिक बहिष्कार और राजनीतिक प्रहारों के बाद आज मालेगांव ब्लास्ट केस में सभी 7 आरोपियों को न्यायालय द्वारा दोषमुक्त करने का निर्णय अभिनंदनीय है। वोट बैंक के लालच और तुष्टिकरण की राजनीति के चलते कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों ने न सिर्फ निर्दोषों को फंसाया, बल्कि पूरे हिंदू समाज की छवि को धूमिल करने का संगठित प्रयास भी किया। न्यायालय ने उनके इस झूठे नैरेटिव का पर्दाफाश कर दिया है। यह फैसला उन सबके लिए सबक है, जो वोट बैंक की राजनीति के लिए 'भगवा आतंक' जैसे आपत्तिजनक शब्दों को गढ़ते हैं।



## अदालत के फैसले को लेकर साध्वी प्रज्ञा हुई भावुक

मालेगांव ब्लास्ट मामले में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की विशेष अदालत द्वारा बरी होने के बाद साध्वी प्रज्ञा ने कहा कि सत्य की जीत हुई। मुझे 17 साल तक अपमानित किया गया। वहीं 13 दिनों तक लगातार प्रताड़ति किया गया। साध्वी ने यह भी कहा कि उन्हें गलत तरीके से आरोपी बनाया गया, जिससे उनका जीवन बर्बाद हो गया। सबसे बड़ी बात तो यह है कि उन्हें अपने ही देश में आतंकवादी बना दिया गया। इस दौरान मुझे अकेला कर दिया गया। फैसले को लेकर आगे कहा कि यह मेरी जीत नहीं भगवे की और हिंदुत्व की जीत है।



### बहन बोली सनातन की जीत

इधर, साध्वी प्रज्ञा की बहन प्रतिभा झा ने भी कोर्ट के फैसले को लेकर प्रतिक्रिया दी है, उन्होने कहा कि आज सत्य की जीत हुई, सनातन की जीत हुई है। हमें शुरू से ही इस फैसले पर भरोसा था क्योंकि हम कभी गलत नहीं थे। दरअसल, कोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि मामले को संदेह से परे साबित करने के लिए कोई विश्वसनीय और ठोस सबूत नहीं है। यह भी कहा कि, मात्र संदेह वास्तविक सबूत की जगह नहीं ले सकता। अदालत ने कहा कि इस मामले में गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) के प्रावधान लागू नहीं होते।

## बंगले पर हुई आतिशबाजी और मिठाई बांटी

उमा भारती ने कोर्ट के फैसले का स्वागत करते हुए बंगले में कार्यकर्ताओं के बीच मिठाई बांटी। इस दौरान उनके बंगले में ढोल ढमाकों के साथ जमकर आतिशबाजी हुई। उन्होने यह भी कहा कि यह मेरे लिए विजय का क्षण है। अब मुझे विश्वास है कि हिंदु समाज कलंकित नहीं होगा।



### दूध का दूध और पानी का पानी हो गयाः टेटवाल

मप्र के तकनीकी शिक्षा मंत्री गौतम टेटवाल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का कार्यकर्ता राष्ट्रीय विचारधारा का कार्यकर्ता है और न्यायालय पर भरोसा करता है। दूध का दूध और पानी का पानी हो गया है। हमारी साध्वी प्रज्ञा ठाकुर पर तथाकथित सरकारों द्वारा झूठे मुकदमे लगाए थे। कोर्ट के फैसले से सत्य की जीत हुई।



## क्या चिदंबरम, दिग्विजय सिंह और कांग्रेस नेतृत्व इस पर माफी मांगेंगे?



भाजपा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष वीडी शर्मा ने मीडिया से चर्चा करते हुए कहा कि मालेगांव ब्लास्ट में जिन लोगों पर आरोप लगाए गए थे, उन्हें आज अदालत ने बरी कर दिया है। उस समय कांग्रेस के नेताओं, खासतौर पर दिग्विजय सिंह जैसे लोगों ने मध्यप्रदेश में 'भगवा आतंकवाद' का एक झूठा नैरेटिव खड़ा करने की कोशिश की थी। आज के इस निर्णय ने साबित कर दिया कि कांग्रेस ने जानबूझकर ऐसी कथित कहानियां गढ़ीं, ताकि हिंदुत्व पर प्रहार किया जा सके और उसे बदनाम किया जा सके। यह साफ हो गया है कि उन्होंने झूठे आरोप लगाकर निर्दोष लोगों को फंसाने की साजिश रची थी। क्या चिदंबरम, दिग्विजय सिंह और कांग्रेस नेतृत्व इस पर माफी मांगेंगे?

### दुष्प्रचार करने वालों के खिलाफ हो कानूनी कार्रवाईः रामेश्वर



*हरिभूमि न्यूज भोपाल। मालेगांव ब्लास्ट मामले पर आए फैसले पर हुजूर विधानसभा के विधायक रामेश्वर शर्मा ने कहा कि जिस तरह से कांग्रेस और अन्य दल भगवा आतंकवाद की जो बात कर रहे है, उन्हें अब जनता से माफी नहीं मांगनी चाहिए बल्कि उनके खिलाफ कानूनी कार्यवाही होना चाहिए। शर्मा ने कहा कि कोर्ट ने अपने फैसले में बताया कि हिंदू कभी आतंकवादी नहीं था, इस्लामिक आतंकवाद पर पर्दा डालने के लिए कांग्रेस ने जानबुझ कर हिंदू आतंकवाद शब्द को गढ़ा, हिंदू ना कभी आतंकवादी था ना है ना रहेगा। हुजूर विधायक ने कहा कि मालेगांव ब्लास्ट मामले में साध्वी प्रज्ञा ठाकुर को अनेक तरह से यातनाएं दी गई, उसके खिलाफ कार्यवाही होना चाहिए। कांग्रेस और दिग्विजय सिंह की रणनीति आज जनता के सामने आ गई। न्यायालय में जो फैसला सुनाया उसका हम स्वागत करते है। इस निर्णय के बाद अब दिग्विजय सिंह सहित पूरी कांग्रेस को हिंदुओं से माफी मांगनी चाहिए।*

### अब साबित हो गया हिंदू और भगवा आतंकवाद नहीं होताः सारंग



मालेगांव ब्लास्ट मामले में सभी को क्लीन चिट मिलने पर मंत्री विश्वास सारंग ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह केवल एक निर्णय नहीं बल्कि उस मानसिकता पर करारा तमाचा है जिसे हिंदुत्व को बदनाम करने की कोशिश की थी। आज के इस निर्णय से यह साबित हो गया कि कोई हिंदू और भगवा आतंकवादी नहीं होता है। सारंग ने कहा कि हिंदुत्व केवल जोड़ने और शांति की बात करता है। इस निर्णय का मैं स्वागत करता हूं। यह निर्णय सनातन और हिंदुत्व को बदनाम करने का ठेका लेने वालों पर यह करारा तमाचा है।



### जो कष्ट सहे उन पर आज न्याय मिलाः ठाकुर

पूर्व मंत्री और भाजपा विधायक उषा ठाकुर ने कहा सत्य की जीत हुई है। साध्वी प्रज्ञा ठाकुर ने जो कष्ट सहे उन पर आज न्याय मिला। हम जानते थे कि हमने अपराध नहीं किया है और सुनियोजित षड्यंत्र के तहत हमें फंसाया गया है तो एक दिन सभी बाइज्जत बरी होंगे।



### कांग्रेस को साध्वी का श्राप लगा, सत्य की विजय हुईः मालिनी

इंदौर विधानसभा क्रमांक-4 की विधायक मालिनी गौड़ ने कहा कि कांग्रेस को एक साध्वी को इतनी यातनाएं दीं। इसे भगवा आतंकवाद का नाम दिया। कांग्रेस को साध्वी का श्राप लगा है। सत्य की विजय हुई है।

### जो फैसला आया है, वह सनातन के पक्ष में आया हैः मंत्री शुक्ला



नवकरणीय ऊर्जा मंत्री राकेश शुक्ला ने कहा कि कुछ तथाकथित लोगों ने साध्वी प्रज्ञा ठाकुर पर आरोप लगाया था। न्यायालय के निर्णय का हम स्वागत करते हैं। साध्वी प्रज्ञा ठाकुर हमारी सनातन की एक रक्षक हैं और कहीं ना कहीं ईश्वर की कृपा से जो फैसला आया है, वह सनातन के पक्ष में आया है।

### ऐसे फैसलों से भारत की न्याय व्यवस्था पर श्रद्धा और भी बढ़ती हैः चिटनीस



बुरहानुपर से भाजपा की विधायक अर्चना चिटनीस ने कहा कि 17 साल के संघर्ष के बाद जो निर्दोष लोग पीड़ति होते रहे, प्रताड़ति होते रहे, जिनके साथ अमानवीय व्यवहार किया गया, आज उन्हें न्याय मिला है। ऐसे फैसलों से भारत की न्याय व्यवस्था पर श्रद्धा और भी बढ़ती है।

कनाडा की कंपनी से हुआ एमओयू

## बीएमएचआरसीः मप्र में पहली बार एआई की मदद से होगा मानसिक बीमारियों का इलाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



बीएमएचआरसी में अब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की मदद से मानसिक रोगियों की जांच और उपचार किया जाएगा। इसके लिए एआई के क्षेत्र में काम करने वाली कनाडा की कंपनी ऑरेंज न्यूरोसाइंसेज और बीएमएचआरसी ने एक समझौता किया है। गुरूवार को बीएमएचआरसी की प्रभारी निदेशक डॉ मनीषा श्रीवास्तव और ऑरेंज न्यूरोसाइंसेज के अध्यक्ष डॉ विनय सिंह ने इस पर हस्ताक्षर किए। इस तरह बीएमएचआरसी मध्यप्रदेश का पहला और एकमात्र संस्थान बन गया है, जहां एआई की मदद से मनोरोगियों की जांच और उपचार होगा।

37 साल की सेवा में पहली बार ऐसा अभियान देखा

## नशे से दूरी है जरूरी के समापन अवसर पर बोले डीजीपी पॉजिटिव पुलिसिंग की मिसाल हुई कायम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



नशे से दूरी है जरूरी मध्यप्रदेश पुलिस के 15 दिवसीय अभियान के समापन अवसर पर डीजीपी कैलाश मकवाणा ने कहा कि 37 साल की सेवा में पहली बार मध्यप्रदेश पुलिस का ऐसा अभियान देखा। इस अभियान में अफसरों और जवानों ने एक साथ मिलकर अभूतपूर्व सहयोग दिया है। सभी के संयुक्त प्रयासों से इस अभियान ने जन आंदोलन का रूप लिया । उन्होने स्पष्ट किया कि ड्रग माफिया को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाए।

सुनियोजित तरीके से मप्र पुलिस द्वारा उनकी गतिविधियां पूर्णतः समाप्त करने की दिशा में कार्य किए जाएं। यह केवल पुलिस का नहीं, बल्कि समाज के हर नागरिक का दायित्व है कि नशे के खिलाफ इस लड़ाई में शामिल हों। दरअसल एमपी पुलिस द्वारा 5 से 30 जुलाई तक आयोजित 'नशे से दूरी है जरूरी' 15 दिवसीय विशेष जनजागरूकता अभियान चलाया गया। यह अभियान राज्य शासन, जिला प्रशासन, पुलिस विभाग, सामाजिक न्याय विभाग, शिक्षण संस्थानों, स्वयंसेवी संगठनों एवं आम नागरिकों के सहयोग से जन आंदोलन का रूप ले सका।

वापस लौटीं बिंदु अब अपर प्रधान मुख्य संरक्षक वित्त एवं बजट शाखा

## दर्जन भर आईएफएस अफसरों के तबादले

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राज्य सरकार ने दर्जन भर आईएफएस अफसरों को इधर से उधर किया है। जारी सूची के मुताबिक अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक जनसंपर्क नई दिल्ली बिंदु शर्मा को अपर प्रधान मुख्य वनसंरक्षक वित्त एवं बजट शाखा में पदस्थ किया गया है। इसी क्रम में अंजना सुचिता तिर्की क्षेत्र संचालक पन्ना टाइगर रिजर्व से वन संरक्षक कार्यालय प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख भोपाल, वरूण यादव डीएफओ पश्चिम बैतूल से डीएफओ दक्षिण सागर, अमित वसंत निकम डीएफओ छिदवाड़ा से डीएफओ अलीराजपुर, लक्ष्मीकांत वासनिक डीएफओ छिदवाड़ा से डीएफओ पश्चिम बैतूल, अशोक कुमार सोलंकी डीएफओ धार से उप वन संरक्षक राज्य लघु वनोपज संघ, विजय नंथम टीआर डीएफओ दक्षिण बैतूल से डीएफओ धार सामान्य वन मंडल, अनुराग तिवारी डीएफओ बड़वाह से डीएफओ उज्जैन, सचिन एच नडगडी डीएफओ बैतूल उत्पादन से डीएफओ पाण्डुर्णा, भारती ठाकरे उप वन संरक्षक राज्य वन विकास निगम से डीएफओ डिंडोरी उत्पादन, हरिओम डीएफओ डिंडोरी उत्पादन उप संचालक माधव राष्ट्रीय उद्यान शिवपुरी, रितेश सिरोठिया उप वन संरक्षक प्रभारी टाइगर स्ट्राइक फोर्स से उप वन संरक्षण वन्यप्राणी पश्चिम इंदौर किया गया है।


# मध्य भारत के जिलों की मातृ शक्तियों और विद्यार्थियों ने ऑनलाइन सीखा राखी बनाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पर्यावरण हित को ध्यान में रखते हुए स्वदेशी जागरण मंच ने एक ऑनलाइन कार्यशाला का आयोजन नर्मदापुरम के एमआईसी इंस्टीट्यूट में किया गया। यह राखी कार्यशाला तरंग माध्यम से जुड़ें और सीखें और स्वावलंबी बनें मध्य भारत के जिलों की मातृ शक्तियों और विद्यार्थियों के लिए आयोजित की गई, जिसमें नर्मदापुरम का एमआईसी इंस्टीट्यूट भी शामिल हुआ। इस कार्यशाला में बैतूल, हरदा, ग्वालियर आदि जिलों से की मातृ शक्तियों और विद्यार्थियों के लिए प्रशिक्षण तरंग माध्यम से भोपाल की बहन स्वदेशी जागरण मंच की महिला प्रांत प्रमुख सीमा भारद्वाज के साथ स्वावलंबी भारत अभियान से लघुउद्योग भारती विभाग की कोषाध्यक्ष नीता वाजपेई ने दिया। श्रीमती भारद्वाज ने प्रशिक्षण के दौरान सबसे पहले सामग्री के बारे में बताया। इसमें पतले गत्ते, कागज के फूल, लेस, सितारे, कलावा, ऊन, मोती, बीज तुलसी, बेल (कोई भी) फेविकोल, कैंची आदि सामने रखने को कहा। इसके बाद उसी समय कलावे और बीजों से सभी ने सुंदरम राखी बनाई। बड़ी मात्रा में तैयार राखियां अब पैकेजिंग के साथ तैयार हैं। प्रशिक्षण में प्रमुख रूप से डॉ. योगेश मोहन सेठा विभाग संयोजक नर्मदापुरम, विस्तारक नर्मदापुरम अरुण मालवीय, इंद्र मोहन दुबे, संजय शर्मा, हेमंत दुबे, मदनलाल सोनी , यामिनी सेठा, योगमाया प्रान्त सह प्रमुख डॉ. नीति पांडे, भारती शर्मा, परी शर्मा, मेघराज यादव, अन्नपूर्णा के साथ ही 100 से अधिक मातृ शक्तियों और छात्राओं ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। यहां यह उल्लेखनीय है कि स्वदेशी जागरण मंच के माध्यम से स्वावलंबी भारत अभियान के अंतर्गत समय-समय पर रोजगार से जुड़कर स्वावलंबी बनने के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं।

*पर्यावरण हित और स्वरोजगार को ध्यान में रखते सीमा और नीता ने दिया प्रशिक्षण*






हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930